www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
SUNDAY
नई दिल्ली, रविवार, 27 अगस्त, 2023
वर्ष – 16 | अंक –141 | पृष्ठ – 10
मूल्य –3.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

सहकारी आंदोलन में भ्रष्टाचार को समाप्त... पृष्ठ 02
■ राजधानी की सफाई व्यवस्था में ढिलाई बर्दाश्त...
■ निर्माण श्रमिकों के लिए 17 कल्याणकारी योजनाओं... 03
■ पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आश्वासन से फरवरी में चुनाव की...
■ मेडागास्कर में भगदड़ 12 लोगों की मौत 07
साहित्य
एक नन्ही मुस्कान पृष्ठ 06
प्रकृति में पहुंचने पर प्लास्टिक जितने ही जहरीले होते हैं कागज के कप पृष्ठ 10

जी-20 शिखर सम्मेलन के मेहमानों की सुरक्षा के मद्देनजर फैसला

# दिल्ली एयरपोर्ट पर रद्द होंगी 1000 उड़ान!

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (देशबन्धु )। जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर दिल्ली में जोर शोर से की जा रही तैयारियों के बीच दिल्ली एयरपोर्ट पर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। इसके चलते बाहर से आने व दिल्ली से वाले हवाई यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय वीवीआईपी मेहमानों की आवाजाही को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। सम्मेलन के दौरान दिल्ली एयरपोर्ट अच्छी खासी चहल पहल देखने को मिल सकती है। एयरपोर्ट पर वीवीआईपी मेहमानों की आवाजाही के कारण सुरक्षा के मद्देनजर एक हजार से अधिक फ्लाइटों को कैंसिल किए जाने की संभावना है। विमानन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में ये जानकारी साझा की गई है। एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था अच्छी रहे इसलिए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 1000 फ्लाइटों को कैंसिल किया जा सकता है।

**पार्किंग में भी कटौती करने का निर्देश**

जी-20 शिखर सम्मेलन के विमानों की पार्किंग में कोई समस्या ना हो इसलिए ये फैसला किया गया है। एयरलाइनों को निर्देश दिया गया है कि पार्किंग में वो कटौती करें। इस संबंध में एयरलाइंसों से कहा गया है कि वो अपने एयरक्राफ्ट को दिल्ली एयरपोर्ट पर खड़ा करने के बजाय किसी अन्य एयरपोर्ट पर खड़ा कर सकते है। जी-20 शिखर सम्मेलन नौ सितंबर को आयोजित होना है। इस सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसे लेकर ही एयरलाइंस के पूरे शेड्यूल में भी बदलाव किया जा रहा है।



■ नागरिक उड्डयन मंत्रालय मेहमानों की आवाजाही की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा

इस सम्मेलन के कारण माना जा रहा है कि देश भर में भी एयरलाइंस के नेटवर्क पर असर हो सकता है। यहां तक की कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी किया जा सकता है। दिल्ली एयरपोर्ट पर इस शिखर सम्मेलन से संबंधित 50 से अधिक एयरक्राफ्ट पार्क होंगे। इन विमानों से शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दुनिया भर से कई वीवीआईपी गेस्ट हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक जैसे लोग शामिल होंगे।

**खूबसूरत लाइट्स लगाई गई**

इसको लेकर हौज-खास का इलाके की महरौली-छतरपुर से एम्स या नई दिल्ली की तरफ जाती सड़क को काफी सजाया संवारा गया है। इसको लेकर सड़क किनारे फुटपाथ को भी सुन्दर बनाया गया है। पैदल चलने से लेकर यहां बैठने की जगह एवं सुन्दर-सुन्दर रंग बिरंगी कलाकृतियां बनाई गई हैं। साथ ही फूल पौधे एवं हरियाली का विशेष ख्याल रखा गया है।

**मेहमानों के लिए चमकाई जा रही राजधानी**




जी-20 मे आने वाले मेहमानों के लिए राजधानी दिल्ली को पिछले कई महीनों से साजाया-संवारा जा रहा है। चूंकि अब जी-20 सम्मेलन के शुरू होने मे कुछ ही दिन बचे हैं, जिसके लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से लेकर एमसीडी, एनडीएमसी, सीपीडब्ल्यूडी, पीडब्ल्यूडी तमाम एजेंसियां दिन-रात एक कर साफ सफाई से लेकर दिल्ली को साजने संवारने मे जुटे हुए हैं।

# मदुरै में ट्रेन में लगी आग, नौ की मौत



**चेन्नई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक यात्री में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। रेलवे सूत्रों ने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हुई। सूत्रों ने बताया कि सभी मृतक उत्तर प्रदेश के थे और रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। प्रभावित कोच में 55 यात्री थे, जिसे शुक्रवार को नागरकोइल में जोड़ा गया था। सूत्रों ने बताया कि खाना पकाने के लिए अवैध रूप से कोच के अंदर ले जाए जा रहे गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग लगी। इस बीच, घायल हुए 20 लोगों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ जब ट्रेन मदुरै रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूर एक यार्ड में खड़ी थी और यात्री दर्शन के लिए मीनाक्षी मंदिर के लिए निकलने वाले थे। अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। ट्रेन जब मदुरै रेलवे स्टेशन पहुंची तो कई लोग उतर चुके थे। मदुरै जिला कलेक्टर संगीता ने मीडियाकर्मियों को बताया कि घायलों को अस्पतालों में भेज दिया गया है और इलाज चल रहा है।

■ लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस में हादसा
■ रामेश्वरम तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे यात्री

## सार संक्षेप

### राज्यपाल को सरकार को धमकाने का अधिकार नहीं : मान



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि एक 'चयनित' राज्यपाल को निर्वाचित प्रतिनिधियों को धमकाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करने की राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की 'धमकी' पंजाब के 3.5 करोड़ लोगों का अपमान है। पंजाबियों ने देश को खाद्यान्न उत्पादन में सरप्लस बनाने के अलावा, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अभूतपूर्व बलिदान दिया।

### ईडी ने गोल्डन बाबा की 1.53 करोड़ की संपत्ति की कुर्क



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भुवनेश्वर के ज्योति ट्रेडिंग एंड कंपनी के मालिक ज्योति रंजना बेउरा उर्फ गोल्डन बाबा द्वारा अपराध की आय के रूप में अर्जित 1.53 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने ओडिशा में व्यवसायियों को 5.50 करोड़ का ऋण प्रदान करने में उनके द्वारा की गई धोखाधड़ी के संबंध में गोल्डन बाबा के खिलाफ पीएमएलए जांच शुरू की।

### दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का निधन



**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड गीतकार देव कोहली का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को मुंबई में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। दिवंगत कोहली का पार्थिव शरीर आज दोपहर लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित उनके घर पर लोगों और उनके प्रशंसकों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम ओशिवारा श्मशान घाट पर किया गया।

### मणिपुर विधानसभा का एक दिवसीय सत्र मंगलवार को



**इंफाल।** मणिपुर विधानसभा का एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय सत्र मंगलवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य में मौजूदा जातीय स्थिति पर चर्चा होने की उम्मीद है। 3 मई से गैर-आदिवासी मैतेई और आदिवासी कुकी व उनकी उप-जनजातियों के बीच जातीय संघर्ष ने राज्य को तबाह कर दिया है।

### 28 को फिर निकाली जाएगी ब्रज मंडल यात्रा

**नई दिल्ली।** हिंसक हमलों के कारण अधूरी रह गई मेवात की ब्रज मंडल धार्मिक यात्रा अब 28 अगस्त को निकाली जाएगी। सहयोगी संस्था के रूप में विश्व हिंदू परिषद के नेता भी इसमें उपस्थित रहेंगे। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन के साथ संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित किया।

कांग्रेस का भाजपा सरकार पर भय मुक्त भ्रष्टाचार का आरोप

# अडानी ने गुजरात ऊर्जा निगम को लगाई 3900 करोड़ की चपत

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर भय मुक्त भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उनके करीबी उद्योगपति मित्र अडानी समूह के हिस्से के 3900 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, लेकिन अब इस पैसे को लौटाया नहीं जा रहा है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड के साथ एक ऊर्जा समझौता किया था, जिसकी शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है और इस वजह से 3900 करोड़ रुपए की भारी राशि का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा, सरकार ने अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड के साथ एक बिजली खरीद समझौता यानी पीपीए किया। इसमें एक शर्त थी कि इंडोनेशिया से जो भी कोयला आएगा, उसके तय मूल्य के आधार पर एनर्जी चार्जेज अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड को दिए जाएंगे। पीपीए में लिखा गया था कि अडानी जो भी कोयला खरीदेंगे, उसकी कॉम्पिटिटिव बिड और बिल के कागजात सरकार को देंगे, जिनकी तुलना सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मूल्य तय करने वाले सर्किट से करेगी, लेकिन अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड ने पांच साल तक कोई कागजात नहीं सौंपे और सरकार एनर्जी चार्जेज के नाम पर करोड़ों रुपया देती रही। कांग्रेस नेता ने कहा, अब गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से अडानी पॉवर मुंद्रा लिमिटेड को एक चिट्ठी लिखी गई।

अडानी पावर मुंद्रा लिमिटेड ने 5 साल तक कोई कागजात नहीं सौंपे



पांच साल तक 13,802 करोड़ रुपए किसके कहने पर दिए जाते रहे इसकी पड़ताल होनी चाहिए : शक्ति सिंह गोहिल

धार्मिक भेदभाव के आधार पर पिटाई का मामला

# भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का है परिणाम : खड़गे

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में धार्मिक भेदभाव के आधार पर एक क्लास टीचर द्वारा अन्य बच्चों से एक छात्र की पिटाई कराने की घटना की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निंदा की है। खड़गे ने इसे भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का परेशान करने वाला परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं देश की वैश्विक छवि को खराब करती हैं और संविधान के खिलाफ हैं। ऐसी घटनाएं हमारी वैश्विक छवि को धूमिल करती हैं। ये संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, सत्ताधारी दल की विभाजनकारी सोच का जहर समाज में इस कदर फैल चुका है कि एक ओर शिक्षा अध्यापिका तृप्ता त्यागी बचपन से ही धार्मिक नफरत का पाठ पढ़ा रही हैं तो दूसरी ओर सुरक्षा देने वाले आरपीएफ जवान चेतन कुमार धर्म के नाम पर निर्दोष लोगों की हत्या कर रहा है। जान लेने पर उतारू हो जाते है।



ऐसी घटनाएं हमारी वैश्विक छवि को धूमिल करती हैं

**भाजपा का केरोसिन कोने-कोने में फैला: राहुल**

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा, मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का जहर घोलना, स्कूल जैसे पवित्र स्थान को नफरत का बाजार बनाना, एक शिक्षक देश के लिए इससे बुरा कुछ नहीं कर सकता है। यह भाजपा का फैलाया हुआ वही केरोसिन है जिसने भारत के कोने-कोने में आग लगा रखी है।

**अध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में बच्चे की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद इसकी आलोचना हो रही है। इस मामले पर पुलिस ने अध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया है कि खुब्बापुर गांव स्थित स्कूल की अध्यापिका द्वारा एक छात्र के होमवर्क न करने पर उसे कक्षा के अन्य छात्रों से पिटवाने और उसके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में छात्र के पिता ने तहरीर दी है।

# लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट' नाम मिला

**बेंगलुरु,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां घोषणा की कि चंद्रयान-3 मिशन के लैंडिंग प्वाइंट को 'शिव शक्ति प्वाइंट' के नाम से जाना जाएगा। इसरो आए पीएम ने कहा कि चंद्रयान-2 की लैंडिंग वाले स्थान को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा, जबकि चंद्रमा पर विक्रम लैंडर के उतरने का दिन (23 अगस्त) देश में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इसरो कमांड सेंटर में वैज्ञानिकों की सभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। पीम ने कहा, भारत ने उस टचडाउन प्वाइंट का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का फैसला किया है, जहां विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। चंद्रमा का शिव शक्ति प्वाइंट हिमालय से कन्याकुमारी तक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि शिव शक्ति प्वाइंट भावी पीढ़ियों को मानवता के कल्याण के लिए विज्ञान के उपयोग की दिशा में प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रमा पर वह प्वाइंट जहां चंद्रयान मिशन-2 ने निशान छोड़े हैं उसे 'तिरंगा' कहा जाएगा।



■ चंद्रयान-3 मिशन पर प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा
■ चंद्रयान-2 की लैंडिंग वाले स्थान को तिरंगा बिंदु कहा जाएगा

**प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों की पीठ थपथपाई**

शनिवार सुबह इसरो पहुंचने पर प्रधानमंत्री का इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) के निदेशक बी.एन. रामकृष्ण और यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर के निदेशक एस. शंकरन ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने तीनों वैज्ञानिकों को गले लगाकर स्वागत किया और उनकी पीठ थपथपाई।

**शिवशक्ति पॉइंट के चारों ओर घूम रहा रोवर**

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने एक और नया वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रज्ञान दक्षिण ध्रुव पर रहस्यों की खोज में शिव शक्ति बिंदु के चारों और घूमता हुआ नजर आ रहा है।

# मध्य प्रदेश में शिवराज ने किया मंत्रिमंडल विस्तार

**भोपाल,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में शामिल तीन नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। रीवा से विधायक राजेंद्र शुक्ल, बालाघाट से विधायक गौरीशंकर बिसेन और खरगापुर से विधायक राहुल लोधी को मंत्री बनाया गया। शपथ ग्रहण समारोह मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में राजभवन में आयोजित किया गया। नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, चौहान के मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 33 तक पहुंच गई है। रीवा से चार बार विधायक रहे शुक्ला विंध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां 2018 में 30 में से 24 सीटों पर जीत के साथ भाजपा का दबदबा था। लोधी पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे हैं। इस बीच, वरिष्ठ भाजपा नेता और बालाघाट से सात बार के विधायक बिसेन कैबिनेट पद की अपनी आकांक्षा के बारे में मुखर रहे हैं। पटेल महाकौशल क्षेत्र से आते हैं, जहां कांग्रेस ने 2018 में भाजपा की 13 सीटों की तुलना में 24 सीटें हासिल कीं।



■ चुनाव से दो महीने पहले तीन नए मंत्री बनाए
■ मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 33 तक पहुंची

# फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करता रहूंगा : पवार

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करता रहूंगा। उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी में टूट से इनकार किया और कहा कि यह सच है कि कुछ विधायक पार्टी छोड़कर चले गए हैं, लेकिन केवल विधायकों का मतलब पूरी राजनीतिक पार्टी नहीं है। पवार ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में संवाददाताओं से कहा कि वह राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल इसकी राज्य इकाई के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, 'राकांपा विभाजित नहीं हुई है।

फिर दोहराया, एनसीपी में कोई विभाजन नहीं

**तैयारी** *विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मुंबई बैठक के लिए तैयार*

# तीसरी बैठक में और बढ़ेगा 'इंडिया' गठबंधन का कद

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी महत्वपूर्ण बैठक के बाद मजबूत होने के लिए तैयार है। इंडिया (आईएनडीआईए) सदस्य दलों के सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महाराष्ट्र शेतकारी दल की भागीदारी होगी। 23 जून को पटना में हुई पहली बैठक में 16 पार्टियों ने हिस्सा लिया था।**

एक महीने से भी कम समय में, 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में दूसरे दौर की बैठक के दौरान गठबंधन 26 दलों तक पहुंच गया था। तीसरी बैठक में एक और दल को जोड़ने के अलावा राज्य स्तर पर गठबंधन के लिए उप समिति और सामूहिक बैठक पर भी निर्णय लिया जायेगा। पार्टी सूत्रों ने कहा कि उप-समिति के गठन से 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के कामकाज में मदद मिलेगी। मुंबई की बैठक में गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक को लेकर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, कई नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय संयोजक का पद सृजित करने के बजाय कई दलों की उप समिति इस पद को संभाल सकती है, जो कार्यक्रमों को तय करने का काम भी करेगी और पार्टियों के बीच समन्वय की अहम भूमिका भी निभाएगी।



■ राष्ट्रीय संयोजक को लेकर लिया जाएगा फैसला
■ उप समिति के गठन पर भी हो सकती है चर्चा

**80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद**

बैठक में कम से कम 80 नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा होगी और महंगाई, बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा को घेरने पर चर्चा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों पर कोई चर्चा होगी, इस पर सूत्रों ने आगे कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना नहीं है क्योंकि पार्टियों को पहले मुद्दों और सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री पद के चेहरे और सीट बंटवारे का फैसला बाद में किया जाएगा।

# देश

**उवाच**

"अगर यहां शहरी स्थानीय निकाय, पंचायत व संसद के चुनाव हो सकते हैं, तो जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव क्यों नहीं हो सकते। भाजपा विधानसभा चुनाव कराने से क्यों भाग रही है।

–उमर अब्दुल्ला,नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# सहकारी आंदोलन में भ्रष्टाचार को समाप्त करने की क्षमता : ओम बिरला

- लोस अध्यक्ष ने सहकार किसान सम्मेलन को किया संबोधित
- लोस अध्यक्ष ने लोगों को ग्राम सहकारी समितियों में भाग लेने के लिए किया प्रोत्साहित

**नई दिल्ली,**26 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को राजस्थान की गंगापुर सिटी में सहकार किसान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से इस विजन को वास्तविकता में बदलने के लिए सहकारी आंदोलन का समर्थन करने का आग्रह किया। बिरला ने कहा कि सहकारी आंदोलन अब वास्तव में जमीनी स्तर का आंदोलन बन चुका है जिसमें भ्रष्टाचार को समाप्त करने, पारदर्शिता बढ़ाने और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की क्षमता है। उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को समारोह में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया। यह कार्यक्रम उर्वरक सहकारी संस्था इफको द्वारा आयोजित किया गया था और इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने कृषक समुदाय, विशेषकर महिलाओं को धन्यवाद दिया जो बड़ी संख्या में समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। बिरला ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए लोगों के उत्साह से भारत में सहकारी आंदोलन की लोकप्रियता का पता चलता है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सहकारी आंदोलन में केवल किसान ही शामिल नहीं हैं, बल्कि इसमें मजदूर, कर्मचारी, महिलाएं आदि भी शामिल हैं जो एक समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। बिरला ने बताया कि सहकारी आंदोलन का लक्ष्य न केवल किसानों का विकास है, बल्कि बड़े पैमाने पर समाज का विकास भी है। इस आंदोलन से बिना ब्याज के ऋण तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग और विकास जैसे विभिन्न प्रयासों के माध्यम से बड़े वित्तीय संस्थानों पर निर्भरता कम होने के साथ ही हमारी आयात देनदारियां कम हुई हैं और ग्रामीण भारत में आर्थिक पुनरुत्थान हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों को ग्राम सहकारी समितियों में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि यह कृषि पद्धतियों, बीजों, उर्वरकों के साथ-साथ वित्तीय सहायता आदि के बारे में जानकारी के प्रसार का एक उत्कृष्ट माध्यम है। बिरला ने एक ऐसे नए भारत के विजन की बात की जिसमें प्रत्येक गांव की अपनी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां होंगी ताकि दूर के इलाकों में उगाए जाने वाले खाद्यान्नों को उसी दिन बड़े शहरों या शहरी क्षेत्रों में पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर कई संसद सदस्य, इफको के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



सहकारी आंदोलन का लक्ष्य बड़े पैमाने पर समाज का विकास : ओम बिरला

### नई नीतिगत पहलों से सहकारी क्षेत्र पुनर्जीवित हुआ : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय की स्थापना और मंत्रालय द्वारा हाल ही में की गई नीतिगत पहलों से भारत में सहकारी क्षेत्र पुनर्जीवित और मजबूत हुआ है। बिरला ने यह भी कहा कि सहकारी आंदोलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित आत्मनिर्भर भारत का सच्चा रूप है। उन्होंने ऑपरेशन फ्लड की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि इस अभियान से भारत में अमूल जैसे सबसे सफल सहकारी संस्था की स्थापना हुई। उन्होंने यह भी कहा कि हमें ऐसी पहलों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उन्हें हर गांव में दोहराना चाहिए। उनका मानना था कि सहकारी आंदोलन की सफलता सबसे दूर स्थानों के अंतिम किसान को लाभ पहुंचाने में निहित है।

## बंगाल के जलपाईगुड़ी में बाढ़ जैसे हालात

**कोलकाता,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में मूसलाधार बारिश के बाद तीस्ता और कराला नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शहर में घरों और अन्य जगहों में पानी भर गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड नंबर 25 के अंतर्गत पारस मित्रा कॉलोनी के निचले इलाके हैं, जहां कई लोग विस्थापित हो गए हैं क्योंकि उनके घरों में नदी का पानी भर गया है। जलपाईगुड़ी नगर पालिका के अध्यक्ष स्वरूप मंडल के नेतृत्व में एक बचाव दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है और प्रभावित लोगों को सूखे इलाकों में ले जाया है।



शहर में घुसने लगा नदी का पानी

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान भारी और लगातार बारिश के कारण दोनों नदियों में जल स्तर बढ़ गया है। वार्ड नंबर 25 की पार्षद पौषाली दास ने पुष्टि की, कि करीब 350 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को बाढ़ आश्रय स्थलों या अन्य क्षेत्रों में दोस्तों या रिश्तेदारों के घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा कई मवेशी भी प्रभावित हुए हैं। हम यथासंभव अस्थायी आश्रय और भोजन प्रदान करके उन्हें बचाने और उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, नदी का पानी बढ़ने से वार्ड नंबर 1 और 3 के कुछ हिस्सों में भी बाढ़ आ गई है। प्रशासनिक बिल्डिंग और जलपाईगुड़ी जिला अस्पताल के सामने के इलाकों में भी भारी जलजमाव देखा जा रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों को भारी परेशानी हो रही है।

## जम्मू-कश्मीर में भूमिहीन योजना पूर तरह रहस्य में डूबी : पीडीपी



- भूमिहीनों को जमीन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने लाभार्थियों पर सरकार से मांगी स्पष्टता
- योजना के इरादों के संबंध में प्रशासन से अधिक पारदर्शिता का किया आह्वान

**जम्मू कश्मीर,**26 अगस्त (देशबन्धु)। कश्मीर में विपक्षी पार्टियों ने प्रशासन की भूमिहीन योजना के पात्र लाभार्थियों पर स्पष्टता की मांग करते हुए कहा कि अधिवास का अधिकार केवल प्रदेश के स्थायी निवासियों को दिया जाना चाहिए। जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने भूमिहीन लोगों को पट्टे के आधार पर भूमि के आबंटन को मंजूरी दे दी है। केवल केंद्र शासित प्रदेश के निवासी ही इस योजना के लिए पात्र हैं। राजस्व विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के एक सेट में, प्रशासन ने भूमिहीन पीएमएवाई (जी)/ आवास प्लस लाभार्थियों के पक्ष में पट्टे के आधार पर पांच मरला राज्य भूमि के आवंटन को मंजूरी दे दी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के मुख्य प्रवक्ता सुहैल बुखारी ने योजना के इरादों और निहितार्थों के संबंध में प्रशासन से अधिक पारदर्शिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह पूरी नीति रहस्य में डूबी हुई है। जो आवश्यक जानकारी आनी चाहिए थी, वह लोगों से दूर है। प्रारंभ में प्रशासन ने बताया कि दो लाख भूमिहीन परिवार थे। बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि संख्या कम थी। अब दिशा निर्देश जारी किए तो कहा कि इस योजना की पात्रता जम्मू और कश्मीर का अधिवास होगा। हम जानते हैं कि प्रशासन ने कई ऐसे लोगों को अधिवास प्रमाण पत्र जारी किए हैं, जो मूलरूप से जम्मू और कश्मीर के निवासी नहीं हैं। प्रशासन बताएं कि अब तक कितने अधिवास प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, उनमें से कितने जम्मू-कश्मीर के हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि यह योजना खराब नहीं है, लेकिन निर्णय निर्वाचित सरकार पर छोड़ देना चाहिए था।

ऐसे निर्णय निर्वाचित सरकार द्वारा लिए जाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण सवाल जो लोग पूछ रहे हैं वह यह है कि क्या ये लाभार्थी अगस्त 2019 (जब अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया) से पहले के निवासी हैं या उसके बाद के। अगर यह बाद की बात है, तो यह पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है। सीपीआई (एम) नेता एमवाई तारिगामी ने कहा कि कई राजनीतिक दलों ने मांग की है कि अधिवास का अधिकार केवल स्थायी निवासियों को दिया जाना चाहिए।

## सार संक्षेप

### बारामूला में आरएंडबी इंजीनियर लापता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार के सड़क एवं भवन (आर-बी) विभाग का एक इंजीनियर गत शुक्रवार दोपहर बारामूला जिले से लापता हो गया है। सूत्रों ने बताया कि आरएंडबी विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर गुरुमीत सिंह शुक्रवार को बारामूला शहर में कुछ आधिकारिक बैठक में भाग लेने गए थे, लेकिन शाम को अपने घर वापस रिपोर्ट करने में विफल रहे। लापता इंजीनियर के परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और उसके बाद, पुलिस द्वारा इंजीनियर का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया।

### ममता ने तमिलनाडु ट्रेन दुर्घटना पर जताया शोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने भारतीय रेलवे से मानव जीवन के प्रति अधिक सतर्क और कम कठोर रहने का आग्रह किया। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा, इस बार शनिवार को मदुरै (तमिलनाडु) में रेलवे की एक और विनाशकारी घटना हुई, जिसमें ट्रेन के एक कोच में भीषण आग लग गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में कम से कम 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट हुआ फिर से चालू

**नई दिल्ली।** हापुड़ के एमजी रोड औद्योगिक क्षेत्र के फेज 3 में वीके गुप्ता द्वारा स्थापित कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट, एनवायरन वेस्ट कनेक्शन एलएलपी को बिना सुने माननीय एनजीटी ऑर्डर 25 जुलाई 2023 पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त 2023 को स्टे लगाया जोकि पिटिशन प्रतियोगी कंपनी के प्रोक्सी द्वारा फाइल की गई थी। याचिकाकर्ता संजय तिवारी हापुड़ निवासी की भूमिका को लेकर जिलाधिकारी स्तर पर जांच की मांग की गई है। हापुड़ की जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त समिति गठित करते हुए निरीक्षण किया गया था जिसकी आख्या में कंपनी लगभग सारे मानक पूरे कर रही थी एवं निर्देश दिए गए थे की ग्रीन बेल्ट के लिए यूपीएसआईडीसी से एमओयू कर लेना चाहिए। कंपनी ने ग्रीन बेल्ट के मानक पूरे कर लिए हैं, कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट फिर से चालू हो गया है जो कि मानकों के अंतर्गत है।

### बिहार में अदालत परिसर में चली गोली, दो कैदी घायल

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर न्यायालय परिसर में शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। इस घटना में दो अपराधी घायल हो गए और एक पुलिसकर्मी को भी हल्की चोट लगने की सूचना है। अदालत परिसर में फायरिंग से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के पर कतरे

**पटना,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने मंत्रियों के निजी सचिवों के रूप में काम कर रहे लोगों को सलाह दी है कि वे विभागों के कामकाज से संवाद करने से बचे तथा कहा गया है कि स्वयं को मंत्री के गैर-सरकारी कार्यों तक ही सीमित रखें। बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने सभी विभागों के मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और सचिव को पत्र भेजकर यह कहा है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) एवं आप्त सचिव (वाह्य) के कार्यों के आवंटन से संबंधित स्पष्ट आदेश निर्गत नहीं हैं, जिससे इनके कर्तव्यों के निर्धारण से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पत्र में कहा गया है कि सरकारी आप्त सचिव प्रशासनिक सेवाओं के पदाधिकारी होते हैं। उन्हें सरकारी नियमों, प्रक्रियाओं आदि की विस्तृत जानकारी एवं कार्यानुभव होता है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि मंत्रियों के आप्त सचिव (सरकारी) के द्वारा सरकारी संचिकाओं से संबंधी कार्य, मंत्री के आदेशानुसार सरकार के पदाधिकारियों से पत्राचार संबंधी कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गये अन्य सरकारी कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आप्त सचिव (वाह्य) का पूर्वानुभव एवं ज्ञान सरकारी आप्त सचिव से भिन्न होने के कारण वे मंत्री के यात्रा, भ्रमण कार्यक्रम से संबंधित कार्य, गैर-सरकारी एवं सामान्य जन से साक्षात्कार के समय निर्धारण सहित अन्य कार्य एवं मंत्री द्वारा सौंपे गए अन्य गैर-सरकारी कार्य करेंगे।



- अधिकारियों से लिखित-मौखिक संवाद करने से बचने के निर्देश

### एलएसी विवाद पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर आरोप

# भारत-चीन के बीच पीछे हटने का कोई जिक्र नहीं

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने शनिवार को कहा कि चीन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की बैठक को लेकर जारी बयान में डिसइंगेजमेंट का कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने यह भी पूछा कि अगर कोई डिसइंगेजमेंट हो रहा है तो वह किसकी शर्तों पर हो रहा है। लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि यह दिलचस्प होता कि चीनी पक्ष कहता कि पीएमओ और राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की बैठक हुई, जिसमें सैनिकों की वापसी का कोई जिक्र नहीं हुआ। इसके बदले यह कहा गया कि भारत के अनुरोध पर आयोजित बैठक में दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों के समग्र हितों को ध्यान में रखने और सीमा मुद्दे को ठीक से संभालने पर चर्चा हुई, ताकि सीमा क्षेत्र में शांति की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति मोदी और शी अपने संबंधित अधिकारियों को सैनिकों की शीघ्र वापसी और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश देने पर सहमत हुए। पूर्व केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री मनीष तिवारी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, दो विवरण उतने ही अलग हैं, जितनी कि चॉक और चीज। यदि कुछ हो रहा है तो किसकी शर्तों पर हो रहा है। क्या भारत अब 1959 की चीनी दावा रेखा को स्वीकार करने को तैयार है। संबंधों को सामान्य बनाने के लिए अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करने की भारत की स्थिति का क्या हुआ? अप्रैल 2020 से चीनी कब्जे के तहत 2,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र का क्या होगा। उन्होंने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के विदेश मंत्रालय के रीड आउट के लिंक को भी अटैच करते हुए अपनी टिप्पणी की। दरअसल, 24 अगस्त को जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर मीडिया को जानकारी देने के दौरान जब विदेश सचिव विनय क्वात्रा से मोदी-शी के बीच बातचीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि दोनों नेता संबंधित अधिकारियों को शीघ्र विघटन और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश देने पर सहमत हुए। विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए जरूरी है। विदेश सचिव ने आगे बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एलएसी पर अनसुलझे मुद्दों पर भारत की चिंताओं पर प्रकाश डाला। विनय क्वात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई बातचीत थी, जहां पीएम मोदी ने एलएसी तनाव के बारे में बात की।



दो विवरण उतने ही अलग हैं, जितनी की चॉक और चीज : मनीष तिवारी

### पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर गतिरोध बरकरार

बता दें 14 अगस्त को भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच कोर कमांडर स्तर की 19वें दौर की वार्ता हुई। बातचीत के दौरान पूर्वी लद्दाख में तनाव वाले इलाके में सैनिकों को पीछे हटाने और तनाव कम करने पर चर्चा हुई। भारत की ओर से देपसांग और डेमचोक इलाके पर चर्चा की गई। पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध बना हुआ है। पिछले तीन साल से भारत और चीन की सेनाओं के बीच टकराव चल रहा है। हालांकि, इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित की है। इसके बावजूद देपसांग और डेमचोक में तनाव है।

## अल्लू अर्जुन ने उच्च स्तरीय अभिनय से जीता देश-विदेश का दिल : केसीआर

**हैदराबाद,**26 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने देश में निर्मित सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाली फिल्मों के लिए केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में तेलुगु फिल्मों द्वारा कई पुरस्कार जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त की। केसीआर ने टॉलीवुड के आइकन स्टार अल्लू अर्जुन को बधाई दी, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। यह गर्व का क्षण है कि किसी तेलुगु नायक ने पिछले 60 वर्षों में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। अल्लू अर्जुन अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फिल्म पुष्पा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले पहले तेलुगु अभिनेता बन गए। अल्लू अर्जुन ने कई फिल्मों में नायक के रूप में अपने उच्च स्तरीय अभिनय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीएम ने कहा कि अल्लू अर्जुन ने अपने दादा और महान अभिनेता अल्लू रामलिंगैया की विरासत को जारी रखा और प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेता चिरंजीवी की प्रेरणा से अपने दम पर एक महान अभिनेता के रूप में उभरे। इसी मौके पर सीएम केसीआर ने अपने रचनात्मक लेखन से तेलुगु फिल्म गीत के बोलों को वैश्विक पहचान दिलाने वाले ऑस्कर पुरस्कार विजेता चंद्र बोस को सर्वश्रेष्ठ फिल्म गीत का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की। सीएम केसीआर ने चंद्र बोस को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक देवी प्रसाद, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक कालभैरव, सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक पुरुषोत्तमाचार्य और कई फिल्मों के निर्माताओं, निर्देशकों, अभिनेताओं और तकनीकी कर्मचारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने अपनी-अपनी श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार जीते।



- तेलुगु फिल्मों द्वारा कई पुरस्कार जीतने पर जताई खुशी

## जेयू ने आंतरिक रिपोर्ट में माना, रैगिंग से हुई फ्रेशर की मौत

**कोलकाता,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। रैगिंग के कारण 10 अगस्त को कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के एक नए छात्र की मौत हो गई। यह बात विश्वविद्यालय की आंतरिक जांच समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में कही है। हालाकि, आंतरिक जांच समिति द्वारा शुक्रवार शाम को जेयू के अंतरिम उपाध्यक्ष के कार्यालय को सौंपी गई रिपोर्ट में उन परिस्थितियों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया जो घटना का कारण बनीं। आंतरिक जांच रिपोर्ट में केवल यह बताया गया है कि घटना के पहले छात्र मानसिक दबाव में था। इसने यह भी स्वीकार किया है कि विवि परिसर में इसके पहले भी रैगिंग की घटनाएं हुई थीं, लेकिन ऐसी घटना नहीं हुई थी। आंतरिक रिपोर्ट इस बात पर भी चुप है कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र महीनों बाद भी छात्रावास पर कब्जा क्यों किए रहते हैं। मामले में जेयू के गणित में स्नातकोत्तर के पूर्व छात्र, सौरव चौधरी को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। जेयू के अंदरूनी सूत्रों का एक वर्ग स्वीकार करता है कि विश्वविद्यालय की अपनी जांच समिति की आंतरिक रिपोर्ट प्रशासनिक अक्षमता को स्वीकार करता है, जिसके कारण अप्रिय घटनाएं हो जाती हैं।




## इसरो वैज्ञानिकों ने समय की रेत पर छोड़ी एक अमिट छाप : शाह

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने समय की रेत पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

अमित शाह ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत के चंद्र मिशन की ऐतिहासिक सफलता के साथ, हमारे वैज्ञानिकों ने समय की रेत पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान -3 के लैंडिंग स्थल को शिवशक्ति और जिस स्थान पर चंद्रयान-2 गिरा था, उसे तिरंगा नाम दिया, ताकि हमें याद दिलाया जा सके कि कोई भी विफलता स्थायी नहीं होती। दूसरी तरफ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए किए गए प्रयासों का वर्णन करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने प्रयोग के लिए कार्यस्थल पर एक आर्टिफिशियल (कृत्रिम) चंद्रमा बनाया था। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते थे कि लोग जानें कि वैज्ञानिकों ने सफलता हासिल करने के लिए क्या प्रयास किए हैं। लोगों को यह पता होना चाहिए।




- चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर शाह ने इसरो वैज्ञानिकों को दी बधाई

**चिंता** *कर्नाटक व केरल के कावेरी घाटी क्षेत्र में खराब दक्षिण-पश्चिम मानसून ने बढ़ाई मुश्किलें*

# बेंगलुरु में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती

**बेंगलुरु, 26 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के लिए कावेरी विवाद को संभालना एक झटका साबित हो सकता है। एक के बाद एक अपनी गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन के बाद पार्टी सातवें आसमान पर है। लेकिन, उन्हें दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र में कावेरी जलग्रहण क्षेत्र में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। जहां कर्नाटक और केरल।**

के कावेरी घाटी क्षेत्र में दक्षिण पश्चिम मानसून की विफलता के कारण जल वर्ष 2023-24 एक कठिन साल साबित हुआ, वहीं आने वाले दिनों में राज्य सरकार के सामने एक कठिन काम है। जलाशयों में जल भंडारण की कमी के कारण, आने वाले दिनों में आईटी राजधानी बेंगलुरु शहर में पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होने जा रही है। वहीं, कांग्रेस सरकार द्वारा इस संबंध में आयोजित सर्वदलीय बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) को आमंत्रित करने की जहमत नहीं उठाने से इंडियन नेशनल डेवेलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर असर पड़ने की संभावना है, क्योंकि आप का केंद्रीय नेतृत्व इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। दक्षिण कर्नाटक क्षेत्र, विशेष रूप से मांड्या, मैसूरु, चामराजनगर और हसन जिले, जिन्हें वोक्कालिगा गढ़ के रूप में भी जाना जाता है, ने जद (एस) के मुकाबले कांग्रेस के उम्मीदवारों को चुना क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने 30 वर्षों के बाद उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को पार्टी के चेहरे के रूप में पेश किया था। जल विवाद पर कांग्रेस सरकार के नरम रुख और देरी से प्रतिक्रिया ने लोगों को नाराज कर दिया है।



- जलाशयों में जल भंडारण की कमी बनी बड़ी समस्या

शिवकुमार, जो जल संसाधन मंत्रालय भी संभालते हैं और आक्रामकता के लिए जाने जाते हैं, ने रक्षात्मक रुख अपनाया। कावेरी जलग्रहण क्षेत्र में मानसून की विफलता के बाद भी, कर्नाटक सरकार सोती रही और तमिलनाडु द्वारा अपनी खड़ी कुरुवाई फसल के लिए पानी जारी करने के लिए कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) से संपर्क करने के बाद ही जागी। यहां तक कि जब तमिलनाडु के प्रतिनिधि आदेश को मानने से इनकार करते हुए बैठक से बाहर चले गए और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका दायर करने और तीन-न्यायाधीशों की पीठ का गठन करने में सफल रहे, तो कर्नाटक ने बाद में जल्दबाजी में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई और एक याचिका दायर की। विशेषज्ञों का मानना है कि कर्नाटक, जिसने अब तक पानी छोड़ा है, सुप्रीम कोर्ट की पीठ के आदेश देने के बाद संभवत: उसे और अधिक पानी छोड़ना होगा। आप की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष मुख्यमंत्री चंद्रू के सरकार को कानूनी सहायता की पेशकश करने वाले पत्र का जवाब नहीं देने और सर्वदलीय बैठक के लिए आप को आमंत्रित नहीं करना, कांग्रेस सरकार को महंगा पड़ने की संभावना है।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर : बेटी यह चोट कैसे लगी ?
पप्पू : डॉक्टर साहब ये मेरे से रोज लड़ती थी!
मैंने रोज लड़ने का कारण पूछा तो बोली : लड़ने से मोहब्बत बढ़ती है।
डॉक्टर : फिर क्या हुआ ?
पप्पू : फिर होता क्या,
मोहब्बत बढ़ाने के लिए मैंने भी जड़ दिए लात घूसे।

# राजधानी की सफाई व्यवस्था में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : शैली

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,**26 अगस्त (देशबन्धु)। मेयर डॉ.शैली ओबेरॉय ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। वार्ड-112 में एसआई समेत तीन कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। साथ ही चेतावनी दी है कि वह लगातार वार्डों का औचक निरीक्षण करेंगी। लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली की सफाई व्यवस्था में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महा-सफाई अभियान अब दिलली होगी साफ के तहत मेयर डॉ.शैली ओबरॉय, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल ने विभिन्न वार्डों का दौरा कर ग्राउंड जीरो पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने मेगा सफाई अभियान अब दिल्ली साफ होगी के अंतर्गत पश्चिमी जोन के सैनिक एनक्लेव वार्ड और हस्तसाल वार्ड का निरीक्षण किया। वार्ड 112 सैनिक एनक्लेव के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर घोर लापरवाही सामने आई। सफाई व्यवस्था में लापरवाही को देखकर मेयर ने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही लापरवाही बरतने पर एसआई समेत तीन सफाई कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली की सफाई व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। दिल्ली को साफ सुथरा बनाने के लिए जरूरत पड़ने पर सख्त कदम भी उठाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को दुनिया का सबसे बेहतरीन शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र में सफ़ाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अतिरिक्त ऑटो टिप्पर लायगे जाएं। छोटी गलियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।



- दिल्ली को साफ सुथरा बनाने के लिए जरूरत पड़ने पर सख्त कदम भी उठाएंगे
- एसआई समेत तीन सफाई कर्मचारियों को किया निलंबित

### डिप्टी मेयर ने मयूर विहार क्षेत्र में किया निरीक्षण

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने त्रिलोकपुरी विधानसभा से विधायक राहुल कुमार के साथ वार्ड 191 और 196 का निरीक्षण किया। मयूर विहार फेस-1 वार्ड- 191 का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ ही अधिकारियों को तत्काल समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## रोहिणी में होगा सबसे बड़ी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन : हरीश



**नई दिल्ली,**26 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क के लॉन एक में श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा भूमि पूजा कर षष्टम् श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 2023 की तैयारी शुरु कर दी। श्री श्री खाटू श्याम सेवा समिति के चेयरमैन हरीश शर्मा ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार षष्टम् श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंदोत्सव 2 सितम्बर से शुरु होगा जो 8 सितम्बर 2023 तक चलेगा। 7 दिनों तक उत्सव का माहौल रहेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में विष्णु मित्तल, उपाध्यक्ष, भाजपा, दिल्ली, नरेश ऐरण प्रदेश मंत्री भाजपा, दिल्ली, चेयरमैन हरीश शर्मा, वाइस चेयरमैन संजय मित्तल, चेयरमैन कंटोल बोर्ड जय किशन बंसल, प्रेसिडेंट अमित गोयल, वाइस प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, महामंत्री अरविंद गोयल, कोषाध्यक्ष सीए नितेश गोयल सहित समिति के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने बताया की जापानी पार्क के लॉन नंबर 1 के बाहर सैकड़ों गाडियों के पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था भी रहेगी, लॉन में जगह जगह एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी, जिससे लोग कार्यक्रम देख सकें।

## निर्माण श्रमिकों के लिए 17 कल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी

### उपराज्यपाल ने योजनाओं में वितरण प्रक्रिया की सख्त निगरानी का दिया निर्देश

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी) की 17 कल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी दे दी, जिसमें वितरण की निरंतर निगरानी और निगरानी के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। आधार अधिनियम, 2016 की धारा 7 के तहत अनुमोदित योजनाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि वास्तविक लाभार्थियों को आधार-आधारित प्रमाणीकरण के बाद सभी वित्तीय लाभ जैसे विकलांगता पेंशन, अनुग्रह भुगतान, चिकित्सा सहायता, मातृत्व लाभ, मृत्यु लाभ आदि केवल डीबीटी के माध्यम से दिए जाएं। एलजी कार्यालय ने कहा, उद्देश्य रिसाव को कम करना और लाभ के लक्षित वितरण को बढ़ावा देना है। साथ ही काम करने की स्थिति, जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना और निर्माण श्रमिकों का कल्याण सुनिश्चित करना है। उपराज्यपाल ने उपरोक्त योजनाओं में वितरण प्रक्रिया की सख्त निगरानी का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल ने निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण को पूरी तरह से पारदर्शी, छेड़छाड़-मुक्त और वास्तविक बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। एलजी ने कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल



वास्तविक निर्माण श्रमिक ही पंजीकृत हों और उन्हें डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी के फंड से लाभ मिले। एलजी ने कहा कि इस प्रयोजन के लिए, संबंधित जिलों के उप श्रम आयुक्तों को केवल हकदार और वास्तविक लाभार्थियों को लाभ हस्तांतरण के पारदर्शी और कुशल कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है और पंजीकरण प्रक्रिया और पंजीकृत लाभार्थियों की सत्यता स्थापित करने के लिए एक कठोर अभ्यास किया जा सकता है। समवर्ती रूप से किया जाना चाहिए। फर्जी निर्माण श्रमिकों के कथित अनधिकृत और अवैध पंजीकरण और उसमें वित्तीय अनियमितताओं की जांच पहले से ही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा की जा रही है।

**सार संक्षेप**

### जीवा ने करोल बाग अपना नया स्टोर लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** जीवा प्रीमियम ज्वैलरी के प्रसिद्ध ब्रांड ने दिल्ली के करोल बाग में अपने नए स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठित अभिनेत्री युविका चौधरी उपस्थिति थीं। जिन्होंने जीवा ऑफलाइन स्टोर्स के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध कुडवा के साथ रिबन काटकर सम्मान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में जीवा के ऑफलाइन स्टोर्स के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध कुडवा भी शामिल थे, जो इस दिन के प्रवक्ता थे। अनिरुद्ध के पास दुनिया की बेहतरीन परामर्श फर्मों में से एक बीसीजी और टाटा स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट ग्रुप जैसे शीर्ष संगठनों के लिए काम करने का अमूल्य अनुभव है। पिछले वर्ष से, वह अपने असाधारण नेतृत्व और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए, जीवा के ऑफ लाइन चैनल की तेजी से वृद्धि की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए अनिरुद्ध कुडवा ने कहा की आज हम पूरे भारत में बढ़िया चांदी के आभूषण खरीदने के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बन गए हैं। जैसा कि कहा जाता है एक बड़ा व्यवसाय छोटे से शुरू होता है। यह स्टोर निश्चित रूप से एक माइलस्टोन है, लेकिन 2023 में और भी बहुत कुछ आने वाला है। मैं पूरी जीवा टीम और ब्रांड से जुड़े हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं आने वाले वर्षों में हमारी सफलता को और आगे बढ़ाने की आशा करता हूं।

### सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने उत्तर भारत में अपना विस्तार किया



**नई दिल्ली।** पांच दशकों से अधिक की विरासत के साथ अग्रणी अखिल भारतीय ज्वेलरी ब्रांड सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने राजौरी गार्डन, नई दिल्ली में अपने नए शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। यह शोरूम भारत में ब्रांड का 144वां और दिल्ली-एनसीआर में 10वां शोरूम है। शोरूम का उद्घाटन धनवती चंदेला, विधान सभा सदस्य ने सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी व सीईओ सुभांकर सेन की मौजूदगी में किया। यह नया शोरूम सी 12 विशाल एन्क्लेव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली में स्थित है। नए शोरूम के भव्य अनावरण पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ सुभांकर सेन ने कहा की हमें दिल्ली-एनसीआर में अपना 10वां शोरूम खोलकर खुशी हो रही है। उन्होंने आगे कहा हम बंगाल के कारीगरों द्वारा तैयार किए गए अपने व्यापक संग्रह को इस शहर के हमारे सम्मानीय ग्राहकों के करीब लाकर खुशी हो रही। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक और डिजाइन व मार्केटिंग प्रमुख जोइता सेन ने कहा कि हमारी विस्तृत श्रृंखला और उत्पादों की विविधता आभूषण उद्योग में रुझानों को पहचानने और स्थानीय स्तर पर हमारे ग्राहकों से जुड़ने की हमारी क्षमता को दर्शाती है।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

**नई दिल्ली।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शाहदरा शिवाजी पार्क स्थित लिटिल फ्लॉवर्स विद्यालय के युवा प्रतिभा प्रबंध निदेशक रोहित दुआ पटेल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। इंटेलिजेंट माइंडस ट्रस्ट द्वारा मॉरीशस फिनिक्स में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पृथ्वीराज सिंह रूपुन महामहिम राष्ट्रपति मॉरीशस ने विशिष्ट अतिथि लीला देवी कुकुन लुचुमुन उप प्रधानमंत्री तथा एल.एन.गानू विदेश मंत्री की उपस्थिति में शॉल एवं पदक प्रदान कर रोहित दुआ पटेल प्रबंध निदेशक लिटिल फ्लॉवर्स विद्यालय को सम्मानित किया।

## हमारे जीवन को नई दिशा देता खेल : शिप्रा

**नई दिल्ली,**26 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी, महान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर उच्च शिक्षा के अग्रणी संस्थान मैत्रेयी कॉलेज का शारीरिक शिक्षा विभाग उत्तरांचल हीरोज एफसी और न्यू ओरिएंटेड एजुकेशन के साथ मिलकर 29 अगस्त को आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस की घोषणा करेगा। यह कार्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी कॉलेज में 29 अगस्त मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रमुख शिप्रा वर्मा ने कहा की खेल हमारे जीवन को नई दिशा देता है बिल्क विश्वविख्यात बनता है। साथ ही हमारे शरीर को भी स्वस्थ बनता है। शिप्रा वर्मा ने आगे कहा की इस दिन किसी भी खेल में 100-200 दिग्गज खेल हस्तियों को उनकी जीवन भर की उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा, इस राष्ट्रीय थीम को ध्यान में रखते हुए, हम समारोह के दौरान विभिन्ना खेलों की दिग्गज खेल हस्तियों को याद करने और सम्मानित करने की भी योजना बना रहे हैं, साथ ही खेल से जुड़ी कुछ और हस्तियों ने भी अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए बहुत विनम्रतापूर्वक सहमति व्यक्त की है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, मैत्रेयी कॉलेज ने सर्वसम्मति से भारत के महत्वाकांक्षी, उभरते युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और भारत के सम्मानित दिग्गज खिलाड़ियों के बीच भारतीय राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने के लिए प्रचार प्रसार शुरू हो गया है। मैत्रेयी कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो.हरितमा चोपड़ा ने कहा की अब समय आ गया अपने देश खेल में गोल्ड दिलाने का हमारी कोशिश है स्पेशल ओलंपिक भारत के सहयोग से मैत्रेयी कॉलेज ओपन सेंटर भारतीय युवाओं की प्रतिभा को निखारने और मैत्रेयी कॉलेज में आयोजित होने वाले अन्य खेल आयोजनों के लिए एक मंच प्रदान करेगा।



- दिल्ली विवि के मैत्रेयी कॉलेज में होगा राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन
- विभिन्न खेलों की दिग्गज खेल हस्तियों को किया जाएगा याद



■ नई दिल्ली स्थित चिड़ियाघर में अपने पहले जन्मदिन पर एक बाड़े में खेलते सफेद बाघ शावक अवनि व व्योम। फोटो इम्तियाज खान

## आतिशी ने मुख्य सचिव को पत्र लिख पूछे कई सवाल

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में नाबालिग लड़की से रेप कांड के आरोपी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी पर मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पहले से कई यौन उत्पीड़न के मामले आ चुके हैं। ऐसे में दिल्ली की सर्विसेज मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखते हुए कड़े सवाल किया है। अपने पत्र में सर्विसेज मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव से सवाल किया है कि जब उक्त अधिकारी पर यौन उत्पीड़न की शिकायतें थी तो उसे महिला एवं बाल विकास जैसे संवेदनशील विभाग में काम करने की अनुमति किसने दी। जब अधिकारी के खिलाफ बार-बार यौन उत्पीड़न की शिकायतें आईं तब भी उसके खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं लिया गया। क्या किसी वरिष्ठ अधिकारी के पास इस डब्ल्यूसीडी अधिकारी द्वारा बार-बार किए गए अपराधों के बारे में जानकारी थी। सर्विसेज मंत्री ने रिपोर्ट में मुख्य सचिव से यौन उत्पीड़न के मामले में पूछताछ, शिकायतों को देखने वाले अधिकारियों और आरोपी अधिकारी के खिलाफ शिकायतों पर की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के बारे में जबाव मांगा है और आदेश दिया है कि 28 अगस्त शाम 5 बजे तक मुख्य सचिव इस विषय में एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपे।

**यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के बारे में मांगा जबाव**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जागरूकता के लिए सेमिनार आयोजित



**नई दिल्ली,**26 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीईआरटी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं अनेक पुस्तकों के सुप्रसिद्ध लेखक डॉ.एचएल शर्मा ने सेमिनार में आए हुए अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल छोटे बच्चों के बस्ते का बोझ और उनके माथे पर चिंता की रेखाओं को बार-बार देखकर द्रवित हो जाते थे। इसके समाधान के लिए उन्होंने शिक्षाविदों की एक बैठक में बच्चों के बस्ते का बोझ एवं मानसिक तनाव कम करने के लिए एक कक्षा-एक किताब परियोजना के तहत कक्षा-एक से पांच तक पुस्तकों की रचना करने का प्रस्ताव रखा।

सभी शिक्षाविदों एवं विषय विशेषज्ञों प्रो. चन्द्रभूषण, गंगादत्त शर्मा, प्रभाकर द्विवेदी, शांतिस्वरूप रस्तोगी, टी. आर. गुप्ता, डॉ. गुज्जरमल्ल वर्मा, प्रो. डी. पी. नैयर आदि ने प्रो. एच. एल. शर्मा के संयोजन में सूर्य भारती पुस्तकों की रचना की। इन पुस्तकों को अब एनईपी- 2020 के अनुरूप संशोधित किया जा चुका है। इन पुस्तकों का उपयोग करने के पश्चात् विद्या भारती, सनातन धर्म शिक्षा समिति आदि शिक्षा संस्थानों ने मुक्त कंठ से इनकी प्रशंसा करते हुए अपना फ़ीडबैक दिया है।

## राजधानी में दो स्कूली लड़कों पर चाकू से हमला

### आरोपियों को लोगों ने पीटा

**नई दिल्ली,**26 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में मानसिक रूप से विक्षिप्त बताए जा रहे 23 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर दो स्कूली लड़कों को चाकू मार दिया। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घायल छात्रों में चमन को बाएं कंधे और पीठ पर चोटें आईं हैं और राजेश को सिर, चेहरे और हाथ पर कई चोटें हैं। पुलिस के अनुसार, रामदेव चौक पर दो लड़कों को चाकू मारने की घटना के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक कॉल मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घायलों को एसआरसीएच अस्पताल ले जाया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, दोनों घायलों की मेडिको-लीगल रिपोर्ट (एमएलसी) तैयार कर ली गई है। चमन और राजेश इलाके के एसकेवी स्कूल के छात्र हैं। उनका अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी की पहचान विनय के रूप में हुई है जिसे जनता ने पीटा है।

**आयोजन** *इस्कॉन द्वारका में विशाल शोभा यात्रा का किया गया आयोजन*

## शोभा यात्रा में दिया कृष्ण के जन्मदिन का निमंत्रण

**नई दिल्ली,26 अगस्त (देशबन्धु)। यह सच है कि व्यक्ति अपार धन-वैभव, समृद्धि के बावजूद भी अनेक प्रकार की समस्याओं से घिरा है। अभावग्रस्त सोचता है कि मैं सबसे ज्यादा दुखी हूं। मतलब कष्ट और समस्याएं चारों ओर हैं। ऐसे में क्या करें, कहां जाएं! कलियुग में श्रीकृष्ण के अवतार चैतन्य महाप्रभु ने 16 शब्दों के हरे कृष्ण महामंत्र की संस्तुति की है-'हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।' हम इस महामंत्र का लाभ लेकर इस भौतिक जगत की भयावह समस्याओं से मुक्त हो सकते हैंऔर भगवान को प्रसन्न कर सकते हैं। यह महामंत्र का परम गुण है। इसी गुण को लोगों को सिखाने के लिए इस्कॉन द्वारका में 26 अगस्त को।**

■ **सभी भक्तजनों ने किया भगवान का महाप्रसाद ग्रहण**

विशाल हरिनाम संकीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई। इसका यही उद्देश्य है कि संकट की घड़ी हो या सुख के पल, दोनों ही अवस्था में महामंत्र का कीर्तन किया जा सकता है।

महामंत्र के कीर्तन द्वारा कृष्ण को कैसे प्रसन्न किया जा सकता है, पूरे साल हम कृष्णभावनामृत में रहकर कैसे अपनी दिनचर्या का निर्वाह करें, इसकी शुरुआत हम इस बार कृष्णजन्माष्टमी से ही क्यों न शुरू करें! शोभा



यात्रा में लोगों को यही निमंत्रण दिया गया कि आप मंदिर में आएं, श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश का जन्मदिन खूब धूमधाम से मनाएं और पूरे साल आनंद उत्सव मनाएं।

दरअसल यह शोभा यात्रा जन्माष्टमी (श्रीकृष्ण भगवान के प्राकट्य दिवस) से पूर्व का एक उत्सव है, जिसे भक्तगण बहुत धूमधाम से मनाते हैं। कुछ दिन पहले से ही भगवान के प्राकट्य दिवस के उत्सव की तैयारियों में जुट जाते हैं। हरिनाम संकीर्तन शोभा यात्रा भी जन्माष्टमी से पूर्व का एक विशेष उत्सव है। गौरतलब है कि यह शोभा यात्रा सेक्टर 13 इस्कॉन मंदिर के मुख्य द्वार से सीधा चलकर इस्कॉन चौक से सीधे होते हुए के एम चौक तक गई। फिर आशीर्वाद चौक से द्वारका सेक्टर 4 एवं 12 की मार्केट, सेक्टर 6 से एवं 10 की मार्केट से होते हुए सीधे अमन चौक गई। और फिर अमन चौक से बाएँ टर्न लेते हुए सेक्टर 6 व 10 की मार्केट, सेक्टर 4 एवं 12 की मार्केट एवं सेक्टर 3 से 13 को पार करते हुए एमआरवी स्कूल की ओर मुड़ी। अंत में यात्रा ने इस्कॉन मंदिर सेक्टर 13 में प्रस्थान किया।

शोभा यात्रा में सभी ने अपने मित्रों एवं परिचितों को भगवान के जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए उत्साहित एवं प्रेरित किया। अंत में सभी भक्तजनों ने भगवान का महाप्रसाद ग्रहण किया।

## डब्ल्यूएमपीएससी ने कौशल विकास में दस वर्ष पूरे होने का मनाया जश्न




**नई दिल्ली,**26 अगस्त (देशबन्धु)। वाटर मैनेजमेंट एंड प्लंबिंग स्किल कॉउन्सिल डब्ल्यूएमपीएससी ने एक सेक्टर स्किल कॉउन्सिल के रूप में, कौशल विकास में अपने 10 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में वाटर एंड प्लम्ब स्किल कॉन्क्लेव का आयोजन किया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया और इसमें कौशल विकास व उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी उपस्थित थे। कॉउन्सिल के उल्लेखनीय विकास और नवाचार के एक दशक का उत्सव मनाने के लिए अनेक सरकारी अधिकारी, नीति निर्माता, उद्योग जगत के लीडर्स और स्किल्स, वाटर एंड प्लंबिंग क्षेत्र के प्रोफेशनल इस कार्यक्रम में शामिल हुए। डब्ल्यूएमपीएससी के चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने कॉउन्सिल की अब तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित लोगों को उनके बहुमूल्य योगदान और अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल के पुन: उपयोग के विषय में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि वर्षा का जल जहां भी पड़ता है इस क्षेत्र में इस प्रकार का प्रबंध करना है ताकि यह पृथ्वी के अंदर पहुंच सके। जल संरक्षण के विषय में आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि भूमिगत जल का स्तर दिन पर दिन नीचे गिरता जा रहा है इसके लिए खराब तकनीक तथा संसाधनों के गलत इस्तेमाल जिम्मेदार हैं। **देवेंद्र कुमार, नेहरू युवा केंद्र, गाजियाबाद उपनिदेशक**

## 10 साल बाद आवंटी को ब्याज समेत निवेश की गई रकम वापस मिली

**नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। उप्र रेरा ने मेसर्स सिक्का इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि. की गौतम बुद्ध नगर स्थित 'सिक्का कर्नम ग्रीन्स' परियोजना के आवंटी को ब्याज सहित निवेशित धनराशि लगभग 63 लाख 15 हजार उनके बैंक खाते में हस्तांतरित करा दिए है। महाराष्ट्र निवासी आवंटी राजिंदर सैनी ने प्रोमोटर की आवासीय परियोजना- 'सिक्का कर्नम ग्रीन्स' की एक इकाई के लिए साल 2013 में लगभग रुपए 37 लाख 62 हजार का भुगतान किया था। 'एग्रीमेन्ट फॉर सेल' के अनुसार आवंटी को वर्ष 2017 तक कब्जा प्राप्त होना था। लेकिन तय समय तक इकाई का कब्जा न मिलने और संतोषजनक निर्माण प्राप्त न होने की स्थिति में आवंटी ने 2019 में उ.प्र. रेरा में शिकायत दर्ज करके ब्याज सहित निवेशित धनराशि वापस दिलाने की मांग की थी। सुनवाई में पारित आदेश आवंटी के पक्ष में आया था जिसका अनुपलान प्रोमोटर द्वारा किया जाना था। आदेश का अनुपालन न होने पर मानक प्रक्रिया के अनुसार आवंटी के पक्ष में वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया और जिला प्रशासन द्वारा वसूली की प्रक्रिया पूरी करते हुए आवासीय इकाई बुक करने के लगभग 10 वर्ष बाद आवंटी को मूल धनराशि व ब्याज सहित लगभग रुपए 63 लाख 15 हजार का भुगतान उनके द्वारा दिए गए बैंक खाते में जमा कर दिया गया।

## जनता दरबार में सुनी गई समस्याओं के निस्तारण को लेकर सीईओ ने की समीक्षा बैठक

**नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में जनता दरबार की शिकायतों का निस्तारण के लिए शनिवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान 5 अगस्त को सेक्टर-34 में आयोजित पहले समाधान दिवस के दौरान वर्क सर्किल 5 और 6 के कार्यक्षेत्र के आरडब्ल्यूए की समस्याओं की समीक्षा की गई। इस मौके पर सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित समस्याओं का निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मानवेंद्र सिंह, प्रभास कुमार, ओएसडी वंदना त्रिपाठी के अलावा सभी विभागों के विभाग के अध्यक्ष मौजूद रहे।

सीईओ ने निर्देशित किया कि शिकायतों के सापेक्ष किया जा रहे कार्यों की गुणवत्ता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि प्राप्त शिकायतों में कुछ कार्य एक दो



सप्ताह में पूरे हो जाने चाहिए थे। लेकिन वह पूरे नहीं हो सके। इस पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अप्रसंता व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र समस्याओं का निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया की साप्ताहिक बाजारों का व्यवस्थित करने के लिए साप्ताहिक बाजार नीति बनाई जाए। नोएडा में बनाए जाने वाले फुटपाथ के निर्माण से पहले सीईओ स्तर पर अनुमोदन प्राप्त किया जाए। उसके बाद ही इनका निर्माण किया जाए। इस मौके पर निर्देश दिए की समस्याओं का निस्तारण के लिए पहले आरडब्ल्यूए के साथ सेक्टर का भ्रमण कर लिया जाए। काम करने के बाद फोटोग्राफ और बुकलेट तैयार करके संबंधित वर्क सर्कल के पास संरक्षित रखी जाए।

### प्राधिकरण ने लगाए 500 पौधे



**नोएडा।** प्राधिकरण की ओर से शनिवार को सेक्टर-115 और 168 में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर 500 पौधें लगाए गए। सेक्टर-115 में नोएडा ग्रेटरनोएडा को जोड़ने वाले बिसरख पुल के रोड के साइड में सीईओ लोकेश एम ने बसंत रानी और सेक्टर-168 में अमलताश के पौधे का थीम बेस्ट पौधरोपण किया। इस मौके उन्होंने बताया कि बसंत रानी किसी भी जलवायु के लिए उत्तम वृक्ष है। बसंत ऋतु में इसमें पीले गले वाले गुलाबी और सफेद रंग के तुरही के आकार के फूल आते है। वहीं अमलतास एक औषधीय पौधा है। जिसका उपयोग आयुर्वेद में किया जाता है। इसमें चमकीले पीले फूल निकलते है जो जिनको येलो शावर नाम अर्जित है।



## नगर निगम कैला भट्ठा पर माफिया से खाली कराएगा 50 करोड़ की भूमि

■ **एफआईआर दर्ज कराने के बाद होगी कार्रवाई : सुनीता दयाल**

**गाजियाबाद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम कैला भट्ठे पर अपनी 50 करोड़ रुपए की भूमि पूर्व पार्षद के कब्जे से मुक्त कराएगा। इसके लिए तमाम प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भूमि पर कब्जा लिया जाएगा। यह जानकारी महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त डॉक्टर नितिन गौड़ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शनिवार को दी।

महापौर ने बताया कि कैला भट्ठा में मस्जिद के बराबर में खसरा संख्या 213 में 23340 वर्ग मीटर भूमि पर पूर्व पार्षद हाजी खलील ने पिछले 10- 12 वर्षों से कब्जा किया हुआ है। वह क्षेत्र के लोगों में दहशत फैलता है और गुंडई भी करता है। इतना ही नहीं वह कब्जाई भूमि पर अवैध रूप से पार्किंग कर रहा है और काफी जमीन कबाड़ियों को भी किराए पर दे रखी हैं। साथ ही उसने भूमि पर अपने लिए कमरे भी बना रखे हैं और एक मदरसा बना लिया है। जिसमें बच्चों को भी बच्चे भी पढ़ने नहीं आते। सुविधा दयाल ने कहा कि इस भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वापस लिया जाएगा और वह माफिया के खिलाफ फिर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस भूमि से जितना पैसा इस भूमाफिया ने कमाया है वह सारा रिकवर किया जाएगा। इस संबंध में नगर आयुक्त डॉक्टर नितिन गढ़ ने बताया कि इस संबंध में कोतवाली में फिर दर्ज कराई जा रही है और अगले एक-दो दिन में पहले मुनादी कराई जाएगी और उसके बाद इस भूमि को पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नगर निगम अपने कब्जे में लगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार, सम्पत्ति अधीक्षक भोलानाथ भी उपस्थित थे।

## सार संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिए निकाली गई शोभायात्रा

**नोएडा।** हर साल की तरह इस बार भी नोएडा में सात सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी



...दिर ने शनिवार को शोभा यात्रा निकाली। यात्रा शाम चार बजे सेक्टर-18 स्थित गुरुद्वारे से शुरू हुई। यात्रा अट्टा मार्केट, सब मॉल, डीएम चौक, स्टेडियम, चौड़ा मोड़ और एडोब चौक होते हुए इस्कॉन नोएडा मन्दिर पहुंची। पूरे रास्ते में हरिनाम संकीर्तन किया गया इस मौके पर झांकियां निकाली गई। इसके अलावा बैण्ड के साथ हरे रामा हरे कृष्णा की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते रहे। इसके बाद भगवान बलराम का जन्मोत्सव, बलराम पूर्णिमा 31 अगस्त को मनाया जाएगा। मुख्य उत्सव सायंकाल 6 बजे प्रारम्भ होगा। जिसमें भजन, कीर्तन, भगवान का अभिषेक, प्रवचन और सभी के लिए प्रसादम की व्यवस्था की जाएगी। भगवान का पंञ्चगव्य (दूध, दही, शहद, घी, फलों के रस एवं पुष्प) से सुन्दर अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान बलराम की लीलाओं का मंचन करते हुए एक विशेष नाटिका प्रस्तुत की जाएगी तथा मटकी फोड़ उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में लगभग 1500 लोगों के भाग लेने की आशा है।

### बिजली का बिल अपडेट करने के बहाने 27 लाख ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने बिजली बिल अपडेट कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 27 लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोपी ने ऐप डाउनलोड कराकर ठगी की। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। सेक्टर-39 निवासी पूरण चंद्र जोशी ने पुलिस को बताया कि छह मार्च 2023 को उनके मोबाइल में एक मैसेज आया, जिसमें बिजली बिल अपडेट कराने की बात कही गई। ऐसा न करने पर कनेक्शन काटने का डर दिखाया गया। मैसेज में दिए गए नंबर पर जब शिकायतकर्ता ने कॉल की तो कॉलर ने झांसे में लेकर महज कुछ मिनट में ही बिल अपडेट करने की बात कही। प्रक्रिया का हवाला देते हुए कॉलर ने शिकायतकर्ता से बैंक संबंधी जानकारी हासिल की और मोबाइल में एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। ऐप डाउनलोड होते ही शिकायतकर्ता के एक खाते से दो लाख, दूसरे खाते से 25 लाख रुपये निकल गए। महज एक मिनट में ही खाते से रकम ट्रांसफर हो गई। मोबाइल पर रुपये कटने का मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। पैसे वापस मांगने पर कॉलर ने नंबर बंद कर दिया। साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव ने बताया कि इस मामले में अज्ञात जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला से 6.30 लाख ठगे

**नोएडा।** सेक्टर-142 निवासी गुलशन इकेबाना सोसाइटी निवासी महिला के बैंक खाते से आरोपियों ने छह लाख 30 हजार रुपये निकाल लिए। महिला का दावा है कि उसने बैंक और ओटीपी संबंधी जानकारी किसी से साझा नहीं की। इसके बावजूद उसके साथ साइबर ठगी को गई। साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में दीपा अरोड़ा ने बताया कि वह वर्तमान में सेक्टर-142 स्थित गुलशन इकेबाना सोसाइटी में रहती हैं। कुछ समय पहले दीपा के खाते से छह लाख 30 हजार रुपये निकल गए। सबसे पहले शिकायतकर्ता ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की थी।

## सीवर लाइन पड़ने की वजह से आज ये मार्ग रहेगा प्रतिबंधित

**नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-19 बारातघर से विनायक अस्पताल सेक्टर-27 तक सीवर लाइन बिछाये जाने का कार्य किया जाना है। उक्त कार्य के दृष्टिगत मैट्रो स्टेशन सेक्टर-18 से विनायक अस्पताल की ओर जाने वाले मार्ग पर भारी व मध्यम वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त विनायक अस्पताल से कैम्ब्रिज स्कूल तिराहा तक कार्य पूर्ण होने के बाद कैम्ब्रिज स्कूल तिराहा से रायरेजीडेन्सी चौक तक जाने वाले मार्ग पर यातायात आवागमन पूर्णत: प्रतिबन्धित किया जाएगा। यातायात असुविधा उत्पन्न होने पर यातायात हेल्प लाइन नम्बर 9971009001 पर सम्पर्क कर सकते है।

- अटटापीर चौक से मैट्रो स्टेशन-18 के नीचे से विनायक अस्पताल की ओर जाने वाला यातायात अटटापीर चौक से रायरेजीडेन्सी चौक होकर गन्तव्य की ओर जा सकेगा।
- अट्टापीर चौक से मैट्रो स्टेशन-18 के नीचे से विनायक अस्पताल के सामने से कैम्ब्रिज स्कूल तिराहा से रायरेजीडेन्सी की ओर जाने वाला यातायात कैम्ब्रिज स्कूल तिराहा से कैलाश अस्पताल तिराहा (एलीवेटेड के नीचे) से बांये मुड़कर डीएम चौक से गन्तव्य की ओर जा सकेगा।
- फिल्मसिटी से सेक्टर-18 अण्डरपास होकर कैम्ब्रिज स्कूल तिराहा से रायरेजीडेन्सी की ओर जाने वाला यातायात कैम्ब्रिज स्कूल तिराहा से कैलाश अस्पताल तिराहा (एलीवेटेड के नीचे) से बांये मुडकर डीएम चौक से गन्तव्य की ओर जा सकेगा।
- सेक्टर-37 से सेक्टर-18 की ओर आकर चाइना कट से यू-टर्न लेकर विनायक अस्पताल के सामने से जाने वाला यातायात सेक्टर-28 यू-टर्न से ब्रहमपुत्र मार्किट होकर सेक्टर-29 के अन्दर से गन्तव्य की ओर जा सकेगा।
- रायरेजीडेन्सी चौक से कैम्ब्रिज स्कूल तिराहा होकर जाने वाला यातायात यथावत चलता रहेगा।
- आपातकालीन वाहन को आवश्यकतानुसार गन्तव्य की ओर भेजा जाएगा।

## जीडीए ने दूसरे दिन नीलामी के जरिए बेची 41 करोड़ की 33 संपत्तियां

■ **दोनों दिनों में जीडीए को कुल 53.16 करोड़ की आय**

**गाजियाबाद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शनिवार को दूसरे दिन नीलामी के जरिये 41 करोड़ की 33 सम्पत्तियां बेची। पिछले दोनों दिनों में जीडीए ने कुल 47 संपत्तियां बेच कर 53.16 करोड़ की आय प्राप्त की।

शुक्रवार को को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में नीलामी के माध्यम से कुल 12 करोड़ रुपए की संपत्ति की बिक्री की। नीलामी के पहले दिन कल 14 प्रॉपर्टी की नीलामी हुई थी। आज नीलामी की प्रक्रिया जीडीए कार्यालय परिसर में हुई। कार्रवाई अपर सचिव सीपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह, विशेष



कार्याधिकारी/प्रभारी व्यवसायिक सुशील कुमार चौबे, नगर नियोजक, सहायक अभियन्ता, लेखाकार आदि सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

आज 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सम्पन्न की गई। जिसमें मधुबन बापूधाम योजना के 14 व्यवसायिक व 4 आवासीय भूखंड, स्वर्णजयन्तीपुरम योजना के 11 आवासीय भूखंड, वैशाली योजना के 2 आवासीय भूखंड, गोविन्दपुरम योजना का 1 आवासीय भूखंड का विक्रया किया गया एवं इन्दिरापुरम योजना स्थित सामुदायिक केन्द्र को अनुज्ञप्ति/लाईसेंस किराया के आधार पर दिया गया। आज 33 संपत्तियों से प्राधिकरण को लगभग 41.05 करोड़ की आय होगी।

## बिना डीबीएम डाले बीसी कर दी सड़कें, छह माह में खस्ताहाल

**नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश का शो विंडो कहे जाने वाले नोएडा में सिविल विभाग के काम की गुणवत्ता पर लगातार सवाल खड़ा हो रहा है। पिछले कुछ समय से शहर में जितनी भी सड़कों को निर्माण कराया गया है, वह सभी सड़के छह माह से एक वर्ष का कार्यकाल भी पूरा नहीं कर सकी है। यह इसलिए हो रहा है क्योंकि सड़क निर्माण की गुणवत्ता के साथ लगातार प्राधिकरण में खिलवाड़ किया जा रहा है। ठेकेदार व इंजीनियरों के मिलीभगत से जनता के पैसों की बर्बादी हो रही है। आश्चर्य चकित करने वाली बात यह है कि इस खराब गुणवत्ता की तैयार सड़कों की जांच भी नहीं कराई जा रही है। उल्टे प्राधिकरण में गुणवत्ता जांच के लिए बनी टेक्निकल आडिट सेल (टीएसी) विभाग ठेकेदारों के कार्य को बेहतर गुणवत्ता का कार्य का प्रमाण पत्र देकर संरक्षण देने में जुटी है। पिछले एक वर्ष या छह माह मे बनी सड़क जो अब खस्ताहाल है, इसकी ठीक से जांच करा दी जाए तो आप को स्वयं ही पता चल जाएगा कि बिना डेंस बिटुमिन मेंटीनेंस (डीबीएम) के ही बिटुमिन कारपेट बीसी के जरिये सड़क की रिसरफेसिंग कराई गई। यही कारण है कि जरा सी वर्षा ने सड़क पर बिछाई गई बजड़ी को उखाड़ दिया है। यदि डीबीएम कर सड़क बनाते तो पहले 50 एमएम की डीबीएम पर्त बिछानी पड़ती, उसके बाद 40 एमएम की बीसी बिछाकर उसको मजबूती प्रदान करती है, लेकिन सब कार्य सिर्फ कागजों में किया गया, धरातल पर न तो कार्य हुआ और न ही प्राधिकरण अधिकारियों इस कार्य का निरीक्षण करना मुनासिफ समझा। गाहे बगाहे यदि कोई खस्ताहाल सड़क को हवाला देकर इंजीनियरिंग विंग पर सवाल भी उठाने लगा तो सभी इंजीनियर ने मिलकर सारा दोष वर्षा पर मढ़ दिया कि इस बार वर्षा अधिक हुई है, जिससे सड़क खस्ताहाल हो गई है।

### तत्कालीन सीईओ ने 19 टेंडर कराए थे रद्द

पिछले अगस्त में वर्क सर्किल एक, दो, तीन, चार, पांच, छह, सात में सड़क निर्माण के लिए 19 टेंडर जारी किया गया था, जिसकी जांच तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी ने एक अधिकारी को सौंपी थी, जिसके बाद उन 19 टेंडरों को निरस्त कर दिया गया। यही नहीं एक टेंडर तो 18 करोड़ का जारी किया गया, लेकिन जांच में उसे सवा तीन करोड़ में करना पड़ा।

## कैच दा रेन कार्यक्रम में ली जल संरक्षण की शपथ

**गाजियाबाद,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नेहरू युवा केन्द्र, गाजियाबाद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वाधान में कैच दा रेन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में जल संरक्षण की शपथ ग्राम अटोर के रामवती पब्लिक स्कूल में ली गई। सबसे पहले कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का फ्लावर बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विषय तथा पृष्टभूमि के विषय में नेहरू युवा केंद्र, गाजियाबाद के उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल के पुन: उपयोग के विषय में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि वर्षा का जल जहां भी पड़ता है इस क्षेत्र में इस प्रकार का प्रबंध करना है ताकि यह पृथ्वी के अंदर पहुंच सके। जल संरक्षण के विषय में आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि भूमिगत जल का स्तर दिन पर दिन नीचे गिरता जा रहा है इसके लिए खराब तकनीक तथा संसाधनों के गलत इस्तेमाल जिम्मेदार हैं। गांव में आजकल समर्सिबल का इस्तेमाल इतनी अधिक संख्या में हो रहा है कि यदि वहां नालियों पर

■ **जरूरत के अनुसार ही जल का प्रयोग करें : देवेंद्र कुमार**



एक दृष्टि डाली जाए तो पानी की धारा इतनी तेज होती है कि जैसे बिना सोचे समझे सभी अपने समर्सीबल को चला रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि एक सर्वे के अनुसार 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी पानी की समस्या से जूझ रही होगी। अत: हमारा कर्तव्य है कि हम जल का प्रयोग सिर्फ अपनी आवश्यकता के अनुसार ही करें और अनावश्यक रूप से इसको नालियों में बहने के लिए न छोड़े। कार्यक्रम में सुरविंद्र कुमार, सचिन सोरन, रश्मि सिंह, आरुषि अग्रवाल, पिंटू सहलोत, ग्राम प्रधान अटौर रणबीर सिंह आदि ने भाग लिया।

## लाइव क्रिकेट पर सट्टा लगाने वाले 4 गिरफ्तार

■ **ऐप के जरिए खिलाते थे सट्टा**

■ **नोएडा की पॉश सोसाइटी को बनाया ठिकाना, दुबई से है कनेक्शन**

**नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा की थाना सेक्टर-39 पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट लाइव मैच पर सट्टा और बेटिंग कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 04 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 3.79 लाख रुपए भारतीय करेंसी और करीब 4 लाख रुपए डॉलर, दिरहम, मलेशिया, ओमान, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, व थाईलेण्ड की करेंसी मिली है। इनके करीब 11 खाते मिले है। जिसमें 11 लाख रुपए है। इनको फ्रीज किया जा रहा है। इस गिरोह का दुबई कनेक्शन मिला है। जिसकी जांच की जा रही है। डीसीपी हरीष चंदर ने बताया कि ये लोग नोएडा के सेक्टर-100 में लोट्स बुलवर्ड सोसाइटी में किराए के मकान से ऑन लाइन बेटिंग और सट्टा खिलवा रहे थे। इन्होंने ये फ्लैट 50 हजार रुपए मासिक किराए पर लिया था।





इनकी पहचान गौरव गुप्ता निवासी दिल्ली, नितिन निवासी गाजियाबाद, अजीत सिंह और दिनेश गर्ग हुई है। इनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, चैक बुक, पासपोर्ट, सिम, पासबुक, एसेम्बल लाइन बुकी, 02 चार पहिया कार मिले है।

### फर्जी आधार कार्ड का करते थे प्रयोग

इनके पास से फर्जी आधार और चार पासपोर्ट मिले है। इन्ही आधार कार्ड से से सिम खरीदते थे ताकि पकड़े न जाए। साथ ही कोई पहुंच न सके। फ्लैट अन्दर अपने सट्टे का कारोबार करते थे। उनके खाने पीने का राशन बाहर से ही उपलब्ध कराया जाता था। ताकि आसपास के लोगो को इन पर शक न हो।

### अब बताते है कैसे खिलाते थे ऑनलाइन सट्टा

ये लोग लैपटॉप पर सुप्रीम टीवी ऐप, बुलेट 24 टीवी और क्रिक लाइन ऐप आदि डाउनलोड कर क्रिकेट मैच पर सट्टा बैट लगवाते है। ऐप को खोलते ही मोबाइल फोन व लैपटॉप की स्क्रीन पर मैच का भाव दिखाई देता है जो घटता व बढ़ता रहता है। उस भाव को देखकर कॉम्पैक्ट ब्रीफकेश के जरिए ये स्पीकर पर ग्राहको को भाव बोला व सुना जाता है। इसके बाद ग्राहकों द्वारा भाव मांगे जाने पर वह जूम कॉल कर मीटिंग के माध्यम से ग्राहको को दिया जाता है। यह जूम मीटिंग लगातार चलती है।

जूम मीटिंग के माध्यम से ग्राहक जुड़ते है जिससे हार, जीत के बाद आपस की बैट आपस में कट जाती है। कुछ ग्राहक अच्छी बैट जीत जाते है तो उन्हें जीतने से पहले ही डिस्कनैक्ट कर दिया जाता है। एक लैपटॉप पर ग्राहकों का हिसाब चढ़या जाता है और एक लैपटॉप पर सुप्रीम नामक ऐप पर क्रिकेट मैच चलाया जाता है। एक लैपटॉप पर बैट देखी जाती है और एक मोबाइल पर ग्राहकों की बैट रिकार्ड की जाती है। जिससे ग्राहक अपनी बैट से मुकर न सके। इंटरनेट के लिए ब्रॉडबैण्ड का प्रयोग किया जाता है। मैच समाप्त होने के बाद हार जीत का हिसाब जेएमडी नामक लैपटॉप अकाउंट में फीड कर लेते है। जो टीम मैच में फैवरेट आ रही है उसे जिताने वाला ग्राहक बैट लगाता है और हराने वाला ग्राहक बैट खाता है।

## जी-20 की अध्यक्षता के जश्न पर प्रतियोगिता आयोजित

**नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी लॉ स्कूल द्वारा 'भारत की जी-20 की अध्यक्षता का जश्न' विषय पर दो दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता 'वर्बम बेलम 3.0' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें कक्षाओं से परे हटकर एक समावेशी और स्थायी विश्व बनाने में भारत की भूमिका और योगदान पर विचार विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करना था।

इस वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।





■ **विश्व ने भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को किया स्वीकार : योगेन्द्र उपाध्याय**

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी व अध्यक्षता करना भारत के लिए बहुत ही गर्व और सम्मान की बात है। भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन में विश्वास रखता है। जिसे आज पूरे विश्व ने स्वीकार किया है और अपनाया भी है। हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शिता से आज भारत नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। जिसमें भारत आज चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग कर चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सर्वप्रथम पहुंचने वाला पहला देश बना। वही विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यस्था में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

उवाच

“राष्ट्रीय खेल सप्ताह के तहत मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया, जिसमें जनपद के 38 बालक एवं 28 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ रवि खारी द्वारा किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के मुकाबले आज हुए है। **अनीता नागर, उप क्रीड़ा अधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

## चंद्रयान 3 के परीक्षण में शामिल हुए रबूपरा के वैज्ञानिक डॉ. सुदेश

**रबूपुरा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रयान-3 के सफल परीक्षण के बाद हमारा भारत आज चांद पर है। जिसने हमें भविष्य में और अधिक चुनौती पूर्ण अभियानों को सफल करने का आत्मविश्वास प्रदान किया है। चंद्रयान-3 की सफलता में शामिल वैज्ञानिकों की टीम बधाई की पात्र है एवं उक्त टीम में शामिल हुए रबूपुरा के गांव रौनीजा निवासी वैज्ञानिक डॉ. सुदेश भाटी ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग में विशेष भूमिका निभाते हुए गांव के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वैज्ञानिक सुदेश भाटी वह उनके परिजनों को क्षेत्रीय जनता एवं विभिन्न संगठनों द्वारा बधाइयां दी जा रहीं है। गांव में साहब सिंह भाटी के घर जन्मे सुदेश भाटी की सफलता से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिणाम स्वरुप पढ़ाई करने वाले छात्रों में काफी जोश का माहौल है। जिनका कहना है सुदेश भाटी की कामयाबी कितने ही स्थानीय युवाओं का भविष्य निर्धारित करेगी। वैज्ञानिक सुदेश भाटी के पिता साहब सिंह भाटी ने बताया कि बचपन में सुदेश ने गांव के ही एक छोटे से स्कूल से पढ़ाई का सफर शुरू किया था तथा कुछ समय बाद वह बल्लभगढ़ हरियाणा के रावल पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई पूर्ण की थी।

■ ग्रामीणों ने मिशन की सफलता पर मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार



सुदेश बचपन से ही वैज्ञानिक बनने की लालसा में था, लेकिन आर्थिक समस्या के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। पारिवारिक सहयोग से सुदेश की आगे की पढ़ाई छोटू राम कॉलेज सोनीपत हरियाणा से पूर्ण कराई गई। और सुदेश की मेहनत और लगन रंग लाई और सुदेश का चयन इसरो में हो गया। 8 साल तक इसरो में रहने के बाद उसकी तैनाती चंडीगढ़ पंजाब में कर दी गई। सुदेश भाटी के चाचा और भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज सिंह रावल ने वैज्ञानिक डॉ. सुदेश भाटी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह इसी तरह से देश के उत्थान में मन लगाकर और अधिक मेहनत करें। वहीं राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी इकपाल सिंह सिवाच ने कहा सामान्य परिवार में जन्म लेकर वैज्ञानिक बनने तक का सफर आसान नहीं है, लेकिन सुदेश भाटी ने अपनी सफलता से यह सिद्ध कर दिया है कि कोई भी मुकाम नामुमकिन नहीं है। हमारा संगठन सुदेश भाटी के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## आईआईए के उद्यमियों ने किया इंडिया फूड एक्सपो के रोड शो का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के एनएएससी काम्पलेक्स स्थित एनएएएस के सभागार में फूड एक्सपो रोडशो वृहद गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें सेंट्रल हेड ऑफिस से अध्यक्ष नीरज सिंघल, सीनियर उपाध्यक्ष राजीव बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोएल, सचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, दिल्ली चैप्टर के चेयरमैन एल.के. पांडे व सचिव बजाज ने मंच को सुशोभित किया। आलोक अग्रवाल ने एजेंडे का संचालन किया। सभी ने आपने विचार रखे। रवांडा की राजदूत एम जैकलीन, युगांडा की प्रथम सचिव मिस सोफी, उजबेगिस्तान से कुश बेग सेमी, वियतनाम से डो डूई कान्ह, विदेशों के भारत में राजदूत इस रोड शो में सभी ने आईआईए के फूड एक्सपो का न्योता स्वीकार किया और उनके देशों में आईआईए उद्यमियों के लिए क्या संभावनाएं हैं। इस पर अपने विचार रखे आवाहन किया की आप सब उनके देशों में व्यापार संभावनाएं तलाशने के लिए भ्रमण करें। सौ से अधिक आईआईए मेंबर्स व अन्य उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। आईआईए दिल्ली चैप्टर चेयरमैन एल.के. पांडे, नीरज बजाज, आशुतोष सिंह, निलेंदर सिंह, विनय सिंह, कमल, प्रवीण मालिक, आर. के. गुप्ता, प्रियदर्शनी व श्रीश अग्रवाल ने प्रतिभाग किया। नीरज सिंघल और राजीव बंसल ने दिसम्बर में लखनऊ में होने वाले इंडिया एक्सपो में इस एक्सपो के 9वें संस्करण के महत्व को बताया एवं प्रतिभाग करने के लिए सभी फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज का आवाहन किया। आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर से चेयरमैन राकेश बंसल, मनोज सिरधना, महेंदु, जगदीश सिंह, विनीत गोएल एवं अनमोल इंडस्ट्रीज के राकेश मेहरा ने प्रतिभाग किया। अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल पधारने के लिए सभी का धन्यवाद किया।




## रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेनो ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने कैलाश हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से हेल्थ चेकअप शिविर आर्य समाज मंदिर सूरजपुर में लगाया। शिविर का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट डीजी प्रियतोश गुप्ता ने किया। अध्यक्ष रो. अतुल जैन ने बताया कि कैम्प में 100 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिसमें जरुरतमंद मरीजों को क्लब के सौजन्य से निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। कैलाश हॉस्पिटल से आए एम एस योगेंद्र तौमर ने बताया कि हॉस्पिटल के अनुभवी डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. तुषार, डॉ. मानसी ने मरीजों का निरीक्षण किया तथा कैम्प में एजीएम आर.पी. शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि अधिकतर मरीज खांसी, जुकाम, सिर दर्द, बदन दर्द जैसी बीमारियों से ग्रसित थे। सभी मरीजों को क्लब की ओर से दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में पूर्व प्रधान मूलचंद शर्मा का विशेष सहयोग रहा व रो. एम पी सिंह, शिवकुमार आर्य, सौरभ बंसल, के. के. शर्मा, विनोद कसाना, प्रीति अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, संजय गर्ग, बजरंग गोयल, विशाल जैन, निखिल गर्ग, राहुल शर्मा, महेश शर्मा, केशव शर्मा, राहुल मित्तल मौजूद रहे।



## भाजपा ने किया वोटर चेतना महाभियान कार्यशाला आयोजित

**जेवर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा कैम्प कार्यालय पर शनिवार को वोटर चेतना महाभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए वोटर लिस्ट में नए वोटर बढ़वाने पर जोर दिया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा ने और संचालन महामंत्री रोहित ठाकुर ने किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता आई टी के जिला प्रमुख चंद्रमणि भारद्वाज रहे। भारद्वाज ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में ज्यादा से ज्यादा वोट बढ़वाये जाने के लिए कहा। इस मौके पर संजीव शर्मा, मनोज जैन, देवेंद्र भारद्वाज, विकास चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान, डॉ. चंद्रपाल सिंह, अरविन्द शर्मा, विरपाल शर्मा, सचिन बागले, सुभास, त्रिलोक शर्मा व सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।



**NAME CHANGE**

I, Abhinesh Pratap Singh S/o Bharat Singh R/o Village Shekhpur, Tahsil-Samodha Sekhpur Distt. Rai Bareli have changed my son's name from Yash Chauhan to Abhinav Pratap Singh for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Ajay Kumar S/o Charan Singh R/o House No. 198, Village & Post Sakipur, Greater Noida U.P. have changed my daughter name from Anushka to Anushka Nigam for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Mohd Yamin S/o Abdul Gani R/o B-9B, Gali No.2, Near Police Both, Kanti Nagar Extn. Krishna Nagar Delhi-110051 have changed my name to Mohd Yameen for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Yashrub Hameed S/o Idrish Khan R/o B-9B, Gali No.2, Near Police Both, Kanti Nagar Extn. Krishna Nagar Delhi-110051 have changed my name to Abdul Hameed for all future purposes.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## भारत टेस्ट हाउस का जीबीयू के विद्यार्थियों ने किया दौरा



■ विद्यार्थियों ने रेफ्रिजरेटर, मोबाइल फोन व विद्युत और यांत्रिक उपकरणों के परीक्षण के बारे में सीखा

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के विद्युत और यांत्रिक इंजीनियरिंग विभाग के द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों ने भारत टेस्ट हाउस प्राइवेट लिमिटेड, सोनीपत, हरियाणा का एक दिवसीय दौरा किया। छात्रों ने पूरे टेस्ट हाउस का भ्रमण किया और रेफ्रिजरेटर, मोबाइल फोन और कई अन्य विद्युत और यांत्रिक उपकरणों के परीक्षण के बारे में सीखा। छात्रों ने विभिन्न परीक्षण विधियों के बारे में भी सीखा, जैसे पर्यावरण परीक्षण, प्रदर्शन परीक्षण, विद्युत सुरक्षा परीक्षण और यांत्रिक शक्ति परीक्षण। दौरे का नेतृत्व गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के विद्युत इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. ओमवीर सिंह एवं यांत्रिक इंजीनियरिंग विभाग के डा. परवेश अली ने किया। छात्रों ने बताया कि उन्हें भारत टेस्ट हाउस के भ्रमण से बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने बताया कि उन्हें विभिन्न परीक्षण विधियों के बारे में जानने का अवसर मिला और यह समझने में मदद मिली कि कैसे इन परीक्षणों का उपयोग उपकरणों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। इस टेस्ट हाउस के इतिहास और विभिन्न परीक्षण विधियों के बारे में बताते हुए, वैभव गुप्ता, डायरेक्टर ने कहा कि भारत टेस्ट हाउस 1972 में स्थापित किया गया था। यह एक मान्यता प्राप्त परीक्षण प्रयोगशाला है जो विभिन्न प्रकार के उपकरणों के लिए परीक्षण सेवाएं प्रदान करती है। इसमें विभिन्न प्रकार के उपकरणों के लिए परीक्षण उपकरणों और सुविधाओं का एक व्यापक नेटवर्क है। इस दौरे में कुलपति प्रो. आर.के. सिन्हा, डॉ. कीर्ति पाल, डीन इन्जीनियरिंग, डॉ. विश्वास त्रिपाठी, रजिस्ट्रार, डॉ. एम.ए. अंसारी (विद्युत) एवं डा. धर्मवीर मंगल (यांत्रिक) विभागाध्यक्ष ने भी छात्रों को प्रेरित और मार्गदर्शित किया।

## शिक्षक संघ के जिला व तहसील कार्यकारिणी का गठन, शपथ ग्रहण समारोह

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गौतमबुद्धनगर की जिला एवं तहसील प्रभारी कार्यकारिणी का विस्तार कर भव्य शपथ ग्रहण समारोह शिक्षक भवन तुगलपुर में मांडलिक संघठन मंत्री मेरठ मंडल मेघराज भाटी की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समारोह में प्रत्येक पदाधिकारी को संघ के प्रति कर्तव्य निष्ठा एवं पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि मांडलिक संघठन मंत्री मेघराज भाटी, संरक्षक मुनीराम भाटी, अशोक शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष दादरी रवि भाटी, मंत्री वेदप्रकाश गौत्तम, ब्लॉक बिसरख अध्यक्ष स्मिता सिंह, ब्लॉक दनकौर अध्यक्ष/ मंत्री चंदा रानी, ब्लॉक जेवर अध्यक्ष/मंत्री रेदास, श्याम सिंह विकल, सतीश पीलवान, नीतू पाठक, सीमा रानी सुनील भाटी, विनीत रावत, शौकत अली, धीरज शर्मा, नवनीत तिवारी उपस्थित रहे। निम्नलिखित सम्मानित पदाधिकारयो ने शपथ ग्रहण की, जिसमें जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, वरि.उपा. बलेराम नागर, कपिल नागर, उपाध्यक्ष दीवान सिंह, अतुल उपाध्याय, सतीश नगर, अमर भाटी, बृजेश पाल सिंह, रजनी यादव, जगबीर भाटी, सुरेश नगर, कल्पना शर्मा, उपाध्यक्ष महिला, स्वेता वर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, जिला संयुक्त मंत्री, मीना यादव। जिला संगठन मंत्री भगवत स्वरूप शर्मा, ठाकुर विनोद सिंह, राजीव शर्मा, रेखा, मृदुला शुक्ला, माजिया सुल्ताना। संगठन मंत्री महिला सरिता यादव, प्रचार मंत्री- संजय शर्मा, शशि मिश्रा, श्वेता सोमवंशी, माला बजाज, अमित निमेष, कुलदीप नगर, वीरपाल सिंह, मो.असलम, प्रचार मंत्री महिला अनु शर्मा। कोषाध्यक्ष- हेमराज शर्मा, लेखाकार मुनीष चौधरी, आय व्यय निरीक्षक, अनिल चौधरी, मीडिया प्रभारी अरविंद शर्मा। तहसील प्रभारी जेवर उदय चंद, तहसील सह प्रभारी जेवर, मनोज कुमार, संदीप अत्रि, तहसील प्रभारी सदर, रामकुमार शर्मा। समस्त जिला एवं तहसील कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनायें आशा करते है कि समस्त कार्यकारिणी शिक्षक हित में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेगी।



## राष्ट्रीय खेल सप्ताह के तहत कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश व जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी श्रंखला में शनिवार को उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेल सप्ताह के तहत मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया, जिसमें जनपद के 38 बालक एवं 28 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ रवि खारी द्वारा किया गया। उपक्रीड़ा अधिकारी अनीता नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के मुकाबले आज हुए है। बालक वर्ग मे मुकाबले कल होंगे। उप क्रीडा अधिकारी ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में डोली ने एकांशा को हराया, श्रुति को रेणु राणा ने 10-02 से हराया, प्राची नागर ने जानवी को हराया, शीतल ने सुहाना को हराया। उप क्रीडा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह 29 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का समापन किया जाएगा। 26 से 27 तारीख को कुश्ती का आयोजन तथा 29 अगस्त को हॉकी बालक 14 वर्ष आयु वर्ग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त को प्रातः 9 बजे से एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा।



## समानता का भाव अपने घर से ही शुरू करना होगा : शालिनी सिंह



**ग्रेटर नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। महिला समानता दिवस है। हमारे संविधान द्वारा महिलाओ को पुरूषों के समानांतर अधिकार प्रदान किए है। कानूनन महिलाओं को वह सभी अधिकार प्राप्त है जो पुरूषों के लिए है मगर यदि आम जीवन में देखा जाए तो ये अधिकार सिर्फ किताबों तक सीमित होकर रह गए है। चाहे सामाजिक स्तर की बात हो या फिर राजनीतिक, शैक्षिक हो या आर्थिक, घरेलु हो या फिर कामकाजी स्तर की बात हो, हर स्तर पर महिलाओ के साथ भेदभाव साफतौर पर देखा जा सकता है, हम महिलाओं को अपने बराबर अधिकार देना ही नही चाहते, कहीं ना कहीं इसके पीछे पुरूषों का अभिमान-अहंकार-असुरक्षा का भाव और महिलाओ को अक्षम-अबला समझना जान पड़ता है, जबकि जब भी महिलाओं को अवसर मिला है, उन्होंने अपनी क्षमता को साबित करते हुए हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराया है। शालिनी सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता, महिला उन्नति संस्था ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब हमें अपनी सोच में बदलाव लाना होगा और महिलाओं को अवसर प्रदान करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा और इसकी शुरूआत सबसे पहले घरेलू स्तर पर करनी होगी, अपने घर की महिलाओं बेटियों को समान भाव से देखना होगा, उनका सम्मान करना होगा तभी हम अपने घर-परिवार-गांव-समाज-प्रदेश और राष्ट्र को उन्नत बना सकते है।

## महिला समेत तीन लोगों पर फर्जीवाडा कर हिस्से से अधिक जमीन बेचने का आरोप

**जेवर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए चल रही भूमि अधिगृहण की प्रक्रिया के दौरान जेवर निवासी एक महिला को ग्यारह वर्ष बाद उसके साथ हुए फर्जीवाड़े की जानकारी हुई है। पीड़िता ने एक महिला समेत तीन विक्रेताओं व गवाहों पर अपने हिस्से से अधिक जमीन बेचने का आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। जेवर के मोहल्ला बनीइसराइल मंगरौली रोड की पीड़िता नेहा तालान का आरोप है कि उसने 21 दिसम्बर 2012 को कुरैव गांव की रहने वाले एक व्यक्ति व वहीं के रहने वाले मां बेटे हाल निवासी किसुआगढ़ी बुलन्दशहर से वीरमपुर स्थित तीन भूमि खाता संख्याओं से 0.1756हे0 भूमि का बैनामा कराया था। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के दौरान वीरमपुर गांव की भूमि का अधिगृहण किया जा रहा है। पीड़िता द्वारा अपनी भूमि की फाइल तैयार कराते वक्त उसे अपने साथ हुए फर्जीवाडा की जानकारी हुई। पीड़िता ने बताया कि आरोपितों द्वारा फर्जी तरीके से अपने हिस्से से अधिक भूमि का बैनामा कराया था। पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से मामले की शिकायत कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहसील प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध-पीड़िता ने बताया कि उसने ग्यारह वर्ष पूर्व जमीन का बैनामा कराने के बाद तहसील में उसका दाखिल खारिज कराया था। आरोपियों ने अगर अपने हिस्से से अधिक जमीन का बैनामा किया था तो तत्कालीन लेखपाल द्वारा रिपोर्ट किस आधार पर लगाई गई थी। जिससे तहसील प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध दिखाई दे रही है।

■ तहसील प्रशासन की लापरवाही के चलते ग्यारह वर्ष पूर्व जेवर निवासी महिला क्रेता के नाम कर दिया खारिज दाखिल

■ अधिग्रहण की फाइल लगाने के दौरान पीड़िता क्रेता को हुई मामले की जानकारी

## डायट में टीएलएम निर्माण व नवाचार महोत्सव का आयोजन

**दनकौर,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। कस्बे में स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के तत्वाधान में शनिवार को टीएलएम निर्माण और नवाचार महोत्सव मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिस पर विशेष बल दिया गया है। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी आदि ने मूल्यांकन कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय अभ्यर्थियों का चयन उनको इनाम भी वितरित किया गया। प्राचार्य राज सिंह यादव द्वारा शिक्षकों के छात्रों के प्रति उत्तरदायित्व कक्षाओं को रोचक बनाना सृजनात्मक बनाना और छात्रों की समझ को विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. Daffodil-45, Top Floor, Area-80.82 Sqm, Eldeco Residecy Greens, Sector-Pi, Greater Noida जो कि Sh. Arun Kumar Misra & Mrs. Geeta Misra के नाम उप निबंधन कार्यालय सदर गौतमबुद्धनगर नगर में दिनांक-29.03.2005 को पंजीकृत है। Sh. Arun kumar Misra की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Geeta Misra ने उक्त भूखण्ड/ भवन में अपने पति के भाग का नामातरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अत. इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Geeta Misra W/o Late Sh. Arun Kumar Misra का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

## आने वाले कल को जो आकार देते हैं वह होते हैं कलाकार : गजेंद्र चौहान

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। आने वाले कल को जो आकार देते हैं वह कलाकार होते हैं। इसलिए अभिनय में कोई छोटा बड़ा नहीं होता है। अभिनय एक कला है। इसे पूरे दिल से किया जाता है। उपरोक्त बाते जाने माने अभिनेता और महाभारत में युधिष्ठिर का अभिनय करने वाले गजेंद्र चौहान ने कही। गालगोटिया विश्वविद्यालय में दो दिवसीय ग्रेटर नोएडा शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी रोल मिले उसे पूरे मन से करना चाहिए तभी आप सफल होंगे। उन्होंने छात्र छात्राओं और उपस्थित अन्य लोगों के सवालों का जवाब भी दिया। जिसने सिनेमा और महाभारत धारावाहिक से जुड़े कई संवाद पर चर्चा की। अपने विशेष व्याख्यान के दौरान पूछे गए सवाल पर गजेन्द्र चौहान ने अपने शुरुआती दौर के संघर्ष से लोगों को रूबरू कराया और बताया कि किस प्रकार उनकी सिनेमाई यात्रा शुरु। उन्होंने आगे बताया कि मेरी जो पहचान युधिष्ठिर के नाम से बनी है वह मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। आज भी जब लोग मुझे देखते हैं, तो कहते हैं कि धर्मराज युधिष्ठिर हमारे पास आए हैं। पटकथा लेखक और निर्देशक आकाश आदित्य लांबा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति जीवन भर कुछ न कुछ सिखाते रहते हैं। उन्होंने भारतीय सिनेमा की गुणवत्ता पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि सिनेमा में इनोवेशन आवश्यक है। हमें इन्नोवेटिव होना चाहिए। भारत में सकारात्मक का नया माहौल बन रहा है। हम सभी को भारतीय संस्कृति का अध्ययन करना चाहिए। टेलीविजन और फिल्मों की जानी-मानी कलाकार सुप्रिया शुक्ला ने कहा कि हमें अपनी फिल्मों में अपनी संस्कृति दिखानी चाहिए। दुनिया के तमाम देश अपने सिनेमा में अपनी संस्कृति को गौरव के साथ दिखाते हैं। इसके आलावा उन्होंने छात्रों से स्क्रिप्ट के विभिन्न पहलुओं पर भी मार्गदर्शन किया। आरएसएस के संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख कृपाशंकर ने कहा कि जला हुआ दीपक ही बुझे हुए दीपकों को जला सकता है। हजार बुझे हुए दीपक एक दीपक नहीं जला सकते, लेकिन एक जला हुआ दीपक हजारों बुझे हुए दीपकों को जला सकता है हम सभी को जला हुआ दीपक बनना है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के कुलसचिव नितिन गौड़ ने कहा कि आम लोग कला और कलाकार को अपने जीवन में उतारते हैं, इसलिए उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। कलाकार और कला की पहचान पात्र की महानता से भी होती है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डीन डॉ आज्ञाराम पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। उन्होंने कहा कि फिल्म फेस्टिवल में देश के विभिन्न राज्यों से 200 से अधिक फिल्मों की एंट्री आई, जिसमें 111 फिल्मों को फेस्टिवल की थीम के अनुसार सही पाया गया।

■ गलगोटिया विवि में आयोजित शार्ट फिल्म फेस्टिवल में फिल्म जगत के अभिनेता हुए शामिल

■ आरएसएस के संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख कृपाशंकर ने कहा सभी को जला हुआ दीपक बनना है



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूगंरपुर रीलका में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 305/एस.टी.-एस.डी.एम./2018 दिनांक 14.08.2018 मृतक स्व0 नेपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री मंगला नि0 ग्राम पचोकरा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 02.03.2013 के स्थान पर स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदसयों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पचोकरा | 154 218 | स्व0 नेपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री मंगला नि0 ग्राम पचोकरा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | रौदास | पुत्र | 57 वर्ष | विवाहित |
| | | | सुनहरी | पत्नी | 70 वर्ष | विधवा |
| | | | कौसिन्द्र कुमार | पौत्र | 19 वर्ष | अविवाहित |
| | | | आकाश कुमार | पौत्र | 18 वर्ष | अविवाहित |
| | | | सरिता | पौत्री | 10 वर्ष | अविवाहित |
| | | | सविता | पौत्री | 15 वर्ष | अविवाहित |
| | | | मनीष | पौत्र | 12 वर्ष | अविवाहित |
| | | | शीला देवी | पुत्रवधु | 38 वर्ष | विधवा |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार (एस.के.जी)
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# साहित्य



कहानी

# एक नन्ही मुस्कान

■ गीतांजलि श्री

कपड़े बदलते हुए राजन ने रीता से कहा, जो रसोई घर में रात की खाने के तैयारी कर रही थी :

''लिफ्ट में आते समय डॉ. पमनानी को लिफ्ट से बाहर निकलते देखा, बिल्डिंग में शायद कोई बीमार है।''

रीता ने हाथ में पकड़ी हुई खाने की चीजें मेज पर रखीं और प्लेटें नेपकिन से पोंछते हुए कहा, ''रति बीमार है, आज ऑफिस भी नहीं गयी।''

खाने का पहला कौर मुँह में डालते हुए राजन के कहा : ''आज ऑफिस में मुझसे काम नहीं हो पा रहा था, ऐसा लग रहा था जैसे तबीयत ठीक नहीं है।''

रीता ने राजन की ओर जाँचती हुई दृष्टि से देखा, फिर खाना खाते हुए कहा, ''बुधवार की छुट्टी है, आप डॉक्टर से जाँच करवा लें।''

''बच्चे क्या कर रहे हैं ?

''पढ़ रहे हैं, टर्मिनल टेस्ट होने वाला है।''

दोनों चुपचाप खाना खा रहे थे। महानगर का कोलाहल धीरे-धीरे कम हो रहा था। रीता ने कहा, ''भगवान के पास न्याय नहीं है।''

राजन भीतर-ही-भीतर जैसे चौंक पड़ा। प्रश्नवाचक दृष्टि से पत्नी की ओर देखने लगा।

रीता ने कहा, ''रति कितनी अच्छी स्त्री है, पर पति कैसा किस्मत में लिखा हुआ था। अच्छे-भले, खाते-पीते घर की लड़की कहाँ आ पड़ी। कहते हैं, उसका पति अब रोज पीकर आता है। पता है, तरक्की के बाद रति की तनख्वाह बढ़ गयी है ?''

राजन कोई भी उत्तर नहीं सोच सका। वह चुपचाप खाना खाता रहा। दूसरे कमरे से बेटी की पुस्तक पढ़ने की आवाज आ रही थी।

बात को आगे बढ़ाते हुए रीता ने कहा, ''रति अब अफसर बन गयी है। उसकी तनख्वाह एक हजार बढ़ गयी है।''

राजन के चेहरे पर कुछ गम्भीरता आ गयी, जैसे कोई खास खबर सुनी हो।

''बेचारी रति, सुबह को जल्दी उठकर घर का कामकाज करके बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करती है। सबको नाश्ता देकर, दोपहर का खाना बनाकर पति को देती है और खुद लेकर दफ्तर जाती है। सारा दिन दफ्तर में काम करने के बाद, घर लौटने पर फिर काम।'' रीता के स्वर में स्त्री की पीड़ा छुपी थी।

राजन ने कोई उत्तर नहीं दिया।

राजन का मन कुछ देर तक अपने भीतर कुछ टटोलता रहा। फिर एकाएक वह चौंक पड़ा। कई दृश्य उसकी आँखों के सामने चलचित्र की तरह घूमने लगे।

रोज सुबह उठने में देर हो जाने के कारण पहला विचार जो राजन के मन में आता है, वह यह कि उसकी रोज वाली बस कहीं छूट न जाए। वह हर काम जल्दी-जल्दी करता है। बार-बार घड़ी देखता है।

जल्बाजी में नाश्ता भी पूरा नहीं करता है। कई बार पेन मेज पर छूट जाता है। बेल्ट भी लिफ्ट में उतरते-उतरते बाँधता है। रास्ते पर उसके पैर चलते नहीं, दौड़ते हैं। उसे अपनी ही फुर्ती पर आश्चर्य होता है। बस स्टॉप पर पहुँचकर रति को वहाँ लगी लाइन में खड़े देखकर उसे राहत-सी होती है। रति का कतार में होना इस बात का संकेत है कि उसकी बस अभी नहीं आयी है। वह कुछ धीमे चलने लगता है। सोचता है चिन्ता करना, अपने आप को रौंदना, उसकी आदत बन गई है। फालतू बातें और भ्रम मन में पालना उसके स्वभाव का हिस्सा बन गये हैं। वह बस के बारे में ऐसे सोचता है, जैसे वह बस स्टैंड उसकी जिन्दगी की दौड़ की मंजिल हो।

रीता ने कहा, ''राजन, भगवान ने स्त्रियों का जीवन इतना दु:खमय क्यों बनाया है ? बदलते हुए इस समय में कहा जाता है कि सब कुछ बदला है, पर स्त्री का भाग्य कहाँ बदला है ?''

राजन कुल्ला करके आ गया था। तौलिए से हाथ पोंछते हुए पूछा, ''क्या मिस्टर साजनानी बहुत ज्यादा पीने लगे हैं ?''

रीता ने कहा, ''सुना है, अब तो धन्धे पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। सारा धन्धा चौपट हो गया है। अब तो पत्नी की तनख्वाह से ही घर चल रहा है।''

राजन ने सूखे स्वर में कहा, ''यह धन्धा भी तो रति के पिता ने ही शुरू करवा कर दिया था।''

रीता ने उसाँस भरते हुए कहा, ''माँ-बाप-बेटी के लिए सौ आशाएँ रखें, हजार कोशिशें करें, पर किस्मत भी साथ दे, तब न।''

राजन को दफ्तर में बिताया दिन याद आया। रीता से बोला, ''मैं आज स्वयं को थका-थका अनुभव कर रहा हूँ। ऑफिस में काम करने में मन नहीं लग रहा था।''

''सोफे पर आराम से बैठकर टी. वी. देखिए, पर आवाज कम रखिएगा। बच्चों की पढ़ाई में डिस्टर्ब होगा। मैं जरा रति को देख आऊँ।''

राजन सोफे पर बैठकर टी. वी. देखने लगा। चित्रहार चल रहा था। फिल्मी गीतों पर नायक-नायिका नाचते-कूदते चक्कर लगा रहे थे। पीछे के दृश्य बार-बार बदल रहे थे। नायिका कभी साड़ी में, कभी सरवार-कुर्ते में तो कभी जींस, टी-शर्ट में नाच रही थी। हमेशा की तरह आज भी यह कार्यक्रम राजन को बहला न सका। उसे लगा कि उसका मन उखड़ा-उखड़ा है। टी. वी. में नाचते लोग उसे मनुष्य न लगकर, बैटरी से चलने वाले प्लास्टिक के खिलौने लग रहे थे। उसने उठकर टी. वी. बन्द कर दिया।

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया।

वह सोचने लगा, 'इन्सान की जिन्दगी कितनी बेतुकी और थका देने वाली है। रोज-रोज वही काम करने पड़ते हैं, बिना किसी उद्देश्य के। जिन्दगी का जैसे कोई अर्थ नहीं रह गया है। जीना जैसे एक आदत बन गई है।' आज ऑफिस में काम करते समय, उसका शरीर और आत्मा दोनों थके हुए थे।

उसी समय रीता पास वाले घर से वापस आई, बोली, ''थोड़ी देर हो गई, टी वी. क्यों बन्द कर दिया ?''

''देखने में मजा नहीं आया।''

''आप आज कुछ थके-थके लग रहे हैं। मैं बच्चों को सुलाकर अपना बिस्तर ठीक कर आती हूँ। आप एस्प्रीन की गोली खाकर सोना, नींद आ जाएगी।'' दरवाजे के पास पहुँचकर रीता ने पति की ओर देखा और फिर बोली, ''रति को एक सौ दो बुखार था, पर बुखार में भी वह मुस्कुरा रही थी।''

उसे देखकर रति के चेहरे पर एक छोटी-सी, पर अपनत्व भरी, कुछ दु:ख-भरी, कुछ सुख-भरी दूज के पतले चाँद की तरह बारीक मुस्कुराहट दिखाई देती है। राजन जानता है, यह मुस्कान उसके लिए है और उसके अपने चेहरे पर उसकी जानकारी के बिना मुस्कुराहट तैर जाती है। वह सुबह की सारी तकलीफें, सारी परेशानियाँ भूल जाता है। जब वह बस में अपनी सीट पर बैठा रहता है और बस शहर की रणभूमि की सेनाओं के बीच रास्ता बनाती, बँधी आँखों वाले घोड़े की तरह दौड़ती रहती है तब वह नन्हीं मुस्कान, गुब्बारे की तरह फूलकर उसके ह्रदय को अनजानी प्रसन्नता से भर देती है। उसके ह्रदय से प्रवाहित होने वाला रक्त, उस मुस्कान को उसके सारे शरीर में फैला देता है। वह भूल जाता है कि रति भी इसी बस में कहीं बैठी है। सिर्फ वह मुस्कान उसके साथ होती है और उसके शरीर में टॉनिक की तरह ताकत और ताजगी का संचार करती रहती है।

उसने और रति ने आपस में कभी बात नहीं की है। उन्हें इतना पता है कि वे पड़ोसी हैं, एक-दूसरे के पास रहते हैं। उनकी आत्माएँ एक-दूसरे के इर्द-गिर्द फड़फड़ाती रहती हैं। राजन को लगता है, वह मृत नहीं है। बस में बैठे और मनुष्य भी निर्जीव नहीं हैं। रास्ते के दोनों ओर बनी इमारतें महज दीवारें नहीं हैं। उनके भीतर धड़कते ह्रदय है। शायद रति की यह नन्ही मुस्कान, उसके निरर्थक जीवन को थोड़ी देर के लिए अर्थवान बना देती है। बड़े शहरों में बस की यात्रा प्राय: लम्बी होती है। कभी-कभी लगता है कि यह .यात्रा पूरी नहीं होगी, पर हरेक बस किसी मुकाम पर आकर रुक जाती है। सारे यात्री वहाँ उतरते हैं। बस खाली खोका बन जाती है। राजन का दफ्तर आखिरी स्टॉप के पास में है और रति का कुछ और दूर। दोनों बस के आखिरी स्टॉप पर उतरते हैं और लोगों की भीड़ में खो जाते हैं। खो जाने के पहले राजन की निगाहें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं। अनजाने में ही उसके चेहरे पर मुस्कुराहट आ जाती है। प्रत्युत्तर में रति के चेहरे पर भी एक नन्हीं से मुस्कुराहट तैर आती है। यह सब राजन की आदत-सी बन गई है। उसे लगता है कि जब उसका आँखें रति की आँखों को ढूँढ़ लेती हैं, तब रति भी शायद उसकी निगाहों की प्रतीक्षा में होती है। शायद उसकी मुस्कुराहट न पाकर वह कुछ खो जाने जैसा अनुभव करती है।

रीता दूसरे कमरे में बच्चों को सुलाने की तैयारी कर रही थी और बच्चे किसी बात पर आपस में बहस कर रहे थे। अचानक राजन को विचार आया कि आज उसे रति की मुस्कुराहट नहीं मिली। क्या इसी कारण वह उखड़ा हुआ था ? आज ऑफिस में काम करने में मन भी नहीं लग रहा था। ऐसा कैसे हो सकता है ? रति और मुझमें कोई सम्बन्ध नहीं है। हमने आपस में बात करने या पास आने का भी प्रयत्न नहीं किया। मौका मिलने पर भी हम दोनों बस में कभी पास नहीं बैठे हैं। हम दोनों एक-दूसरे के इतना पास या दूर हैं, जितने दो तारे। राजन ने स्वयं से पूछा, 'क्या यह सत्य हो सकता है कि वह मुस्कुराहट मुझे सारे दिन ताजगी देती है ? सारा दिन मेरे चारों ओर उसका असर बना रहता है ?'

उसी समय रीता कमरे में आयी। बोली, ''मैंने बिस्तर बिछा दिया है।'' दोनों सोने के कमरे में आये। राजन ने रोज की तरह पलंग पर बैठते ही टेबल-लैम्प नहीं जलाया।

रीता ने आश्चर्य से पूछा = ''क्या, आज किताब नहीं पढ़ेंगे ?'' राजन की आदत थी कि सोने से पहले वह कुछ देर तक कोई किताब या पत्रिका पढ़ता था।

'नहीं।' उसने कहा और तकिए पर सिर रख लेट गया।

बत्ती बुझाकर रीता, राजन के पास लेट गयी। बोली, ''रति को डॉक्टर कह गया है कि उसे हफ्ते भर तक आफिस नहीं जाना चाहिए।''

राजन अँधेरे में छत की ओर देखते हुए सोचने लगा कि इस सप्ताह रति की मुस्कुराट पाए बिना, उससे ऑफिस में काम कैसे होगा?



## राखी

■ नज़ीर अकबराबादी

चली आती है अब तो हर कहीं बाज़ार की राखी
सुनहरी सब्ज़ रेशम ज़र्द और गुलनार की राखी

बनी है गो कि नादिर खूब हर सरदार की राखी
सलोनों में अजब रंगीं है उस दिलदार की राखी

न पहुँचे एक गुल को यार जिस गुलज़ार की राखी
अयाँ है अब तो राखी भी चमन भी गुल भी शबनम भी

उठाना हाथ प्यारे वाह-वा टुक देख लें हम भी
तुम्हारी मोतियों की और ज़री के तार की राखी

कहाँ नाज़ुक ये पहुँचे और कहाँ ये रंग मिलते हैं
चमन में शाख़ पर कब इस तरह के फूल खिलते हैं

जो कुछ खूबी में है उस शोख़-ए-गुल-रुख़सार की राखी
फिरें हैं राखियाँ बाँधे जो हर दम हुस्न के तारे

तो उन की राखियों को देख ऐ जाँ चाव के मारे
पहन ज़ुन्नार और क़श्क़ा लगा माथे उपर बारे

'नज़ीर' आया है बाम्हन बन के राखी बाँधने प्यारे
बँधा लो उस से तुम हँस कर अब इस त्यौहार की राखी

लघुकथा ■ प्रभा दीक्षित

## वर्तमान काल-कथा

वह गांव से भाग कर शहर आया है ताकि कुछ मेहनत मजदूरी कर के अपने आपको एवं परिवार को जीवित रख सके। एक सप्ताह भटकने के बाद भी उसे काम नहीं मिला। भूख के कारण उसे दिन में तारे दिखाई दे रहे हैं। वह भीख मांगने की सोच रहा है, मगर भीख मांगने की आदत नहीं है। तभी उसने देखा शहर की चालू सड़क पर एक मंदिर बना है जहां भिखारियों की भीड़ है। उसने सोचा यहां अवश्य कुछ खाने को मिलता होगा। वह भीड़ से कुछ अलग भीड़ में शामिल हो गया है। तभी एक भक्त पाव भर मिठाई के साथ मंदिर के बाहर आते हैं। भिखारियों की भीड़ उन्हें घेरे हैं। वह एक छोटा पेड़ा सबको देते हुए आगे बढ़ते हैं और उस गंवई युवक से कहते हैं 'लो भाई प्रसाद लो।' वह अंजुरी बांधकर दोनों हाथ फैला देता है। एक दस ग्राम का पेड़ा उसके हाथ में है, वह खाने जा रहा था तभी बगल में एक भिखारी बालक गिड़गिड़ा कर कहता है- ''मुझे भूख लगी है।'' युवक के सामने गांव में छोड़ा हुआ उसका बच्चा साकार हो उठता है। वह उसे पेड़ा देकर आगे बढ़ जाता है और एक पार्क में जाकर ढ़ह जाता है।

सुबह के अखबाार में एक छोटी सी खबर है पार्क में लावारिस युवक की लाश पाई गई। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार-भूख, प्यास के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

# बाजारवाद में 'घिस रहा है धान का कटोरा'



समीक्षक : अरविन्द श्रीवास्तव

नागार्जुन अपनी कविता 'सिके हुए दो भुट्टे' में लिखते हैं- 'सिके हुए दो भुट्टे सामने आए तबीयत खिल गई, दाँतों की मौजूदगी का सुफल मिला तबीयत खिल गई' .. नागार्जुन की इस कविता का नायक- अखिलेश ने अपनी मेहनत से जिन पौधों को उगाया था, वार्ड नंबर दस के पीछे जेल की क्यारियों में। ढाई महीने पहले की अखिलेश की खेती इन दिनों अब जाने किस-किस को पहुँचा रही है सुख। बीसियों जने आज अखिलेश को दुआ दे रहे हैं। सिके हुए भुट्टों का स्वाद ले रहे हैं डिस्ट्रिक्ट जेल की चाहरदीवारियों के अंदर नागार्जुन की इन पंक्तियों में जो वेदना छिपी है, वह वर्तमान व्यवस्था को बड़ी मुलायमियत से बेनकाब करती है। यह महज संयोग है कि किसानी संस्कृति पर अपनी बेबाक लेखन के लिए चर्चा में आये कवि लक्ष्मीकांत मुकुल द्वारा नव सृजित संग्रह 'घिस रहा है धान का कटोरा' वर्तमान हालात से दो-दो हाथ करने को उतारू हैं । संग्रह में समाहित कुल पचहत्तर कविताएं समय की कुव्यवस्था को न केवल आईना दिखलाती हैं, बल्कि बहुत कुछ सोचने को विवश भी करती हैं। ठेठ देशज व आंचलिक अंदाज की ये कविताएं बगैर किसी लाग-लपेट के पाठकों के जेहन को एक नए अहसास का आस्वादन कराती हैं। संग्रह में कृषि कर्म, ग्रामीण संस्कृति, हमारी परंपरा और पर्यावरण की चिंता इनकी कविताओं के केंद्र बिंदु रहे हैं, बहरहाल इनकी लेखनी की जद में अनेक ऐसे अछूते विषय भी हैं, जहां एक सधा हुए कवि ही पहुंच सकता है । विकासवाद के अंधी दौड़ में भागती दुनिया में जो पीछे छूट रहा है, उसकी नोटिस कवि बेहद मार्मिकता से करता हैं, जैसे- भलुआहीं मोड़ की फुलेसरी देवी के मन में/ बसी है छोटी लाइन/ वह बालविवाहिता दहेज दानवों से उत्पीड़ित/ खूंटा तोड़कर भागी थी घर से/ इसी रेलगाड़ी पर किसी ने दी थी उसे पनाह।

कवि का मुख्य फोकस कृषि कर्म से जुड़े धरती पुत्र श्रमिकों पर रहा है, उनकी दशा का चित्रण बड़े ही सटीक ढंग से करते हुए वह कहता है – कौन है वह शातिर चेहरा/ जो छीन रहा है जनता से/ कृषि योग्य भूमि का अधिकार/ सेज, हाइवे, बांधों रेलखंडों के नाम/ कौन बुला रहा है विदेशी कम्पनियों को/ कारपोरेट खेती करने, एग्रो प्रोसेसिंग इकाइयां बनाने के लिए/ हमारी छाती पर मूंग दलते हुए/ हाईब्रिड बीजों, केमिकल खादों, जहरीली दवाओं/ महँगे यंत्रों से कौन चीरहरण करना चाहता है, हमारी उर्वरता का ?




कवि का मानना है कि बाजार व्यवस्था की पीठ पर पलथी मारे बैठे हैं जल्लाद, नए अवतार में नई चालबाजियां चलते हुए, हमारा ध्यान भटकते हुए नित्य नई युक्तियों से ! कवि लक्ष्मीकांत मुकुल शांत सहज प्रकृति के कवि हैं, उनकी चिंतन का दायरा समस्त ब्रह्मांड है, स्वभाविक है, पर्यावरण के प्रति उनका नजरिया भी संवेदनशील होगा, 'यह कैसा समय है' शीर्षक कविता में वे कहते हैं- यह कैसा समय है, जब कजरारी घटाएं भूल जाती हैं बरसने की जिम्मेदारी, वनस्पतियां भूल जाती है समयानुसार फूलना-फलना, मौसम बदल रहा है, ऋतु-चक्र का प्रत्यावर्तन, मौसमी हवाएं पल बदलकर, पश्चिमी विक्षोभ में हो रही है शामिल !

कवि ने अभी बीते कोरोना काल के दंश को देखा और भोगा है, जिसके ताण्डव से पूरी दुनिया कांप गयी थी, कवि मानता है कि – गहरी साजिशों के तहत/ वे शैतान उत्पन्न कर रहे हैं मनुष्यता के विरुद्ध जैविक औजार/ जिनके पास गुण नहीं होते, बांझ पपीते में लाने को फल/ जिनके जनमाये रोबोट नहीं बना सकते, मधुमक्खियों जैसे शहद बूंद/ उनके बनाए हाइड्रोजन बमों से बंजर हो चुकी मरुभूमियों पर, नहीं बरसाई जा सकती झमाझम बारिश, जिससे गदाराकर उभर आती, गर्भवती स्त्री सदृश्य इस धरती की काया ! सच में कोरोना काल की भयावहता के लिए शब्द तामिर नहीं हो सकते, कवि अपनी सौभाविक मुलायमियत का परिचय देते हुए कहता है कि कोरोना जैसे दानव-दूतों के आगमन से रोकी जा रही है मिलने-जुलने की संभावनाएं, स्वजनों को छूने-चूमने पर लग गया है कर्फ़्यू !

समकालीन कविता में प्रेम और युद्ध की चर्चा वैश्विक स्तर पर होते रही है, जैसे इसके बगैर कोई संग्रह मुकम्मल नहीं हो सकता । 'घिस रहा है धान का कटोरा' में कवि ने इन विषयों पर गंभीरता से विमर्श किया है 'युद्ध' कविता की बानगी दीगर है- युद्ध की भाषा उन्मादी होती है, जिसमें शामिल होते हैं विध्वंसक तत्व, इमारतों को नष्ट करने, खड़ी फसलों को ख़ाक में मिलाने के लिए, दूधमुहें बच्चों को माँ की आँचल से दूर करने की साज़िश, चरवाहों को उनके पशुओं, किसानों को उनके खेतों से, बेदखल करने की सनक.. तानाशाह का दर्प अट्टहास करता है, युद्ध की भाषा की शैली में, दूसरों से छीन लेने की आजादी.., युद्ध थोपने वाला चाहता है, कि वह छीन ले मासूम बच्चों की हंसी, कामगारों के हाथों से कुदाल, नौजवानों के पास से सपनें, बूढ़ों के सहारे की छड़ी..!

इस संग्रह में कवि ने प्रेम के लिए पर्याप्त स्पेस बचाए रखा है, कवि जानता है कि प्रेम से ही इस धरा पर सुख, शांति और संपन्नता का बीजारोपण हो सकता है और नकारात्मकता को खदेड़ा जा सकता है। प्रेम के अपने अहसास को कवि शब्दों में व्यक्त करते हुए लिखता है कि- मदार के उजले फूलों की तरह, तुम आयी हो कूड़ेदान भरे मेरे इस जीवन में, तितलियों, भौरों जैसा उमड़ता, सूंघता रहता हूँ तुम्हारी त्वचा से उठती गंध, तुम्हारे स्पर्श से उभरती चाहतों की कोमलता, तुम्हारी पनीली आंखों में छाया पोखरे का फैलाव..!

कवि ने अपने कविता कर्म में तनिक भी कोताही नहीं की है। कवि की सक्रियता देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनके लेखन से भी की जा सकती है, अनेक भाषाओं में अनुदित इनकी कविताएं बिहार के बक्सर जनपद से उठकर विश्व पटल पर अपनी खुशबू बिखेर रही है ! कवि के लिए साधुवाद व स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं करता हूँ ।




**पुस्तक : घिस रहा है धान का कटोरा (कविता संग्रह)**
**लेखक : लक्ष्मीकांत मुकुल**
**प्रकाशन : सृजनलोक प्रकाशन, बी-1,दुग्गल कॉलनी, खानपुर, नई दिल्ली- 110062.**
**मूल्य: 299 ?**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## रूस ने लेजर गन का सफल परीक्षण किया

**मॉस्को**, 26 अगस्त (एजेंसियां)। रूस ने एक लेजर गन का सफल फील्ड परीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के कई ड्रोन नष्ट कर दिए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट करने के लिए डिज़ाइन किए गए लड़ाकू लेजर का रूस के सैन्य प्रशिक्षण मैदानों में से एक में सफल परीक्षण किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान और क्वाड्रो कॉप्टर दोनों प्रकार के ड्रोन को लेजर के जरिए नष्ट कर दिया गया है।

# देश विदेश

# पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के आश्वासन से फरवरी में चुनाव की फिर से जगी उम्मीदें

- पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के एक प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन
- 14 दिसंबर से पहले मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह

**इस्लामाबाद,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कहा है कि वह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और मतदाता सूची को साथ-साथ अद्यतन करने का काम करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव संबंधी कार्य कम से कम समय में पूरा किया जा सके और अगले साल फरवरी में चुनाव कराये जा सकें। ईसीपी के इस आश्वासन के बाद देश में चुनाव कराने की एक बार फिर उम्मीद जगी है।

ईसीपी ने यह आश्वासन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक प्रतिनिधिमंडल को दिया गया, जिसने शुक्रवार को चुनाव के रोडमैप पर ईसीपी के साथ बैठक की थी।

यद्यपि संविधान का यह उल्लंघन होगा, जिसके लिए विधानसभाओं के विघटन के बाद 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने की आवश्यकता होती है। यह इस आशंका को भी दूर करता है कि नये जनगणना ब्लॉकों के साथ मतदाता सूची के तुलनात्मक आकलन के




बहाने परिसीमन पूरा होने के बाद चुनाव में कई महीनों की देरी हो सकती है। यदि यह निर्णय लागू किया जाता है, तो यह सुनिश्चित हो जाएगा कि मार्च में सीनेट के आधे सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने से पहले इसके लिए निर्वाचक मंडल मौजूद है।

ईसीपी के प्रवक्ता ने कल एक बयान में कहा कि आयोग ने दोनों प्रक्रियाओं को एक साथ पूरा करने के इरादे से एक साथ परिसीमन और मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने उन अटकलबाजियों को खारिज कर दिया कि ईसीपी दिसंबर में परिसीमन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। पीएमएल-एन ने ईसीपी से 14 दिसंबर से पहले परिसीमन और मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया। मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने पीएमएल-एन टीम को आश्वासन दिया कि दोनों कार्य एक साथ पूरे किए जाएंगे और जल्द से जल्द चुनाव कराए जाएंगे।

पीएमएल-एन नेता अहसान इकबाल, आजम नजीर तरार और जाहिद हामिद ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संकेत दिया कि आम चुनाव फरवरी में हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान कार्यक्रम के तहत विभिन्न चरणों के चुनाव के जारी होने से लेकर मतदान के दिन तक 54 दिन लगते हैं। पीएमएल-एन के एक नेता ने कहा, 14 दिसंबर के बाद 54 दिन गिनें और आप चुनाव की तारीख का अनुमान लगा सकते हैं।

**सीईसी ने निष्पक्ष चुनाव कराने का दिया आश्वासन**

सीईसी ने उन्हें बताया कि ईसीपी इसे अंतिम रूप देने से पहले आचार संहिता पर कानून के अनुसार सभी राजनीतिक दलों से परामर्श करेगी। सीईसी ने पीएमएल-एन सदस्यों को यह भी आश्वासन दिया कि चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष होंगे और सभी दलों को समान अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## फिलीस्तीन ने की इजरायल के 'नस्लवादी बयानों' की निंदा

**रामल्ला**, 26 अगस्त (एजेंसियां)। फिलीस्तीन ने इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर के 'नस्लवादी बयानों' की कड़ी निंदा की है। फिलीस्तीन के विदेश मंत्रालय ने प्रेस बयान में यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह 'बेन-ग्विर के नस्लवादी बयानों और रुख' की कड़े शब्दों में निंदा करता है। दरअसल, बुधवार को इज़राइल के एन12 न्यूज़ के साथ एक साक्षात्कार में श्री बेन-ग्विर ने कहा कि उनके और उनके परिवार के लिए जीवन और आंदोलन का अधिकार, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी के अरबों के लिए आंदोलन के अधिकार से कहीं अधिक है। मंत्रालय के बयान में कहा गया, इस तरह के बयानों को फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर इजरायली कब्जे को कायम रखने, बस्तियां बसाने और फिलिस्तीनियों के खिलाफ अन्याय को और अधिक बढ़ाने के लिए उकसावे के रूप में माना जाता है। बयान में कहा गया, पूर्वी येरुशलम में इजरायली बस्तियां और वेस्ट बैंक ने फिलिस्तीनियों के दैनिक जीवन को कष्टदायी बना दिया है। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के फतह आंदोलन, इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और कई अन्य फिलिस्तीनी गुटों ने श्री बेन-ग्विर की बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की है। फ़िलिस्तीनी गुटों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसकी जवाबदेही ठहराने के लिए निंदा को व्यावहारिक उपायों में बदलने का आह्वान किया।

## सुडोकू 6298

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 27 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष -यदि आप अपना स्वभाव शांत नहीं रखेंगे, तो उस कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। आप शारीरिक थकान महसूस करेंगे। मानसिक अस्वस्थता के कारण किसी काम में मन नहीं होगा।

वृषभ -आपकी तबीयत खराब होने के कारण काम में जल्दी सफलता नहीं मिल सकती है। मन में निराशा का अनुभव होगा। काम के बोझ से मानसिक तनाव और उचाट की स्थिति उत्पन्न होगी। प्रवास में अवरोध आ सकते हैं।

मिथुन -स्फूर्ति और उत्साह से आपके आज का दिन प्रारंभ होगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ बाहर घूमने जाएंगे तथा पार्टी का आयोजन होगा। मनोरंजन कर सकते हैं।

कर्क -आज आपको सफलता और आनंद की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुख-शांतिवाला होगा। नौकरी में लाभ हो सकता है। आप विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। आपके काम की कद्र होगी।

सिंह -आपको साहित्य में कुछ नवीन सृजन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल होने के कारण पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रिय व्यक्ति से मिलकर आपको खुशी का अनुभव होगा।

कन्या -आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा। सामाजिक कार्यक्रम में मानहानि हो सकती है।

तुला -आज मांगलिक प्रसंग तथा प्रवास की योजना बन सकती है। सहोदरों के साथ पारिवारिक प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। विदेश में बसने वाले स्वजनों की तरफ से आनंद का समाचार प्राप्त होगा। आज नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

वृश्चिक -परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अत: ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। गलत खर्च न हो इसका ध्यान रखें। तन-मन में बैचेनी रहा करेगी।

धनु -आज व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। विदेश स्थित व्यापार से लाभ होगा। आपके हाथ से धार्मिक एवं मांगलिक काम होंगे। स्नेहीजनों और मित्रों का मिलन आनंदित करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मकर -स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक व्यवहार में वृद्धि होगी। शत्रुओं से परेशानी होगी।

कुंभ -मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। अविवाहितों का विवाह आयोजित होगा। पत्नी और संतान के समाचार मिलेंगे। गृहस्थजीवन और दांपत्यजीवन में सुख और संतोष की भावना का अनुभव होगा।

मीन -आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ होगा। आर्थिक लाभ और परिवार में आनंद छाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूसी वायु सेना ने मॉस्को क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन को किया नष्ट

**मॉस्को,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। रूसी वायु रक्षा बलों ने राजधानी मॉस्को और उसके आसपास क्षेत्र में निशाना बनाने वाले एक यूक्रेनी ड्रोन को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्री ने शनिवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी और कहा कि यूक्रेन के इस मानवरहित ड्रोन को इस्त्रा जिले में मार गिराया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मॉस्को के समयानुसार आज (26 अगस्त) तड़के करीब तीन बजे मॉस्को और उसके क्षेत्र में मानवरहित यूक्रेनी ड्रोन के आतंकवादी हमले के प्रयास को रूसी वायु रक्षा बलों ने विफल कर दिया। वायु रक्षा बल के तैनात जवानों ने इस्त्रा जिले के ऊपर मंडरा रहे ड्रोन को नष्ट कर दिया। मॉस्को मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि रूसी राजधानी की दिशा में उड़ रहे यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन को वायु सेना के जवानों ने आज तड़के हवा में ही मार गिराया। मेयर साबयानिन ने टेलिग्राम पर लिखा, वायु रक्षा बलों ने शनिवार तड़के इस्तरा जिले में एक ड्रोन को नष्ट कर दिया, जब वह मॉस्को की ओर आ रहा था। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार किसी के हताहत होने या क्षति की सूचना नहीं है।

## मेडागास्कर में भगदड़ 12 लोगों की मौत

**एंटानानारिवो,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो के बारिया स्टेडियम में 11वें इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रवेश द्वार पर भगदड़ मचने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और लगभग 80 अन्य घायल हो गए। मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्से ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार शाम को मीडिया को बताया कि भगदड में मरने वालों की संख्या 12 है और करीब 80 लोग घायल हैं, जिनमें से 11 को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता है। श्री नत्से ने कहा, सरकार घायलों की चिकित्सा लागत वहन करेगी और सभी संस्थानों की ओर से मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने मृतकों के प्रति दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने बताया कि स्टेडिम के प्रवेश द्वार पर भगदड़ मच गई। कई लोग घायल है। राष्ट्रपति ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मौन रखने का आह्वान किया है। इसके बाद उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने भगदड़ में मारे गए लोगों के प्रति एक मिनट का मौन रखा। उल्लेखनीय है कि 26 जून, 2019 को मेडागास्कर की स्वतंत्रता का जश्न मनाने के दौरान महामासिना स्टेडियम में मची भगदड़ में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई।



■ लगभग 80 लोग हुए घायल

## सीरियाई सेना की कार्रवाई में सात विद्रोही ढेर

दमिश्क। सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में सेना की कार्रवाई में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट के सात सदस्य मारे गये। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार सेना ने शुक्रवार को अलेप्पो के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में एचटीएस के दो वाहनों पर हमला किया, जिसमें सात विद्रोही मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि कुछ विद्रोहियों के गंभीर रुप से घायल होने से मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। सीरियाई सेना और एचटीएस के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही दोनों पक्षों के बीच उत्तरी सीरिया में गोलीबारी जारी है।

## स्वीडन के प्रधानमंत्री ने धार्मिक ग्रंथों को जलाने पर प्रतिबंध से किया इनकार

**स्टॉकहोम,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। स्वीडन के प्रधान मंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा है कि डेनमार्क की तरह धार्मिक ग्रंथों को जलाने पर प्रतिबंध लगाने की स्वीडन की कोई योजना नहीं है, क्योंकि इसके लिए देश के संविधान में संशोधन की आवश्यकता होगी। डेनमार्क के न्याय मंत्री पीटर हम्मेलगार्ड ने शुक्रवार को कहा कि सरकार का इरादा देश में धार्मिक पुस्तकों को जलाने पर प्रतिबंध लगाने का है। इसके जवाब में डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा कि यह कदम एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत है जिसे डेनमार्क दुनिया को भेजना चाहता था। श्री क्रिस्टरसन ने कहा, तीव्र खतरों के संपर्क में आने वाला हर देश उनसे निपटने का अपना तरीका चुनता है। डेनमार्क अभी जो कर रहा है (धार्मिक पुस्तक जलाने पर प्रतिबंध लगाने की पहल) उसके लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है। ठीक वैसा ही करने के लिए जैसा डेनमार्क में किया जाएगा। एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता है, इसलिए स्वीडन के लिए इस पर आगे बढ़ना सही तरीका नहीं है। स्वीडन के



■ प्रतिबंध लगाने के लिए संविधान में संशोधन की जरूरत होगी

अधिकारियों ने 18 अगस्त को कहा कि वे सार्वजनिक व्यवस्था कानून की समीक्षा करेंगे जो देश में कुरान जलाने वाले विरोध प्रदर्शनों की अनुमति देता है। स्वीडिश न्याय मंत्री गुन्नार स्ट्रोमर ने कहा कि यदि सार्वजनिक व्यवस्था या सुरक्षा खतरे में पड़ती है तो सार्वजनिक सभा पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। हाल के महीनों में स्वीडन के साथ-साथ डेनमार्क में भी कई कुरान जलाने वाले प्रदर्शन हुए हैं। अधिकांश मुस्लिम देशों ने प्रदर्शनों की निंदा की है, और कुछ ने विरोध के नोट देने के लिए स्वीडिश और डेनिश राजदूतों को बुलाया है।

## ब्रिक्स संसदीय फोरम के द. अफ्रीका में आयोजन की संभावना

**जोहान्सबर्ग,** 26 अगस्त (एजेंसियां) दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री नलेदी पंडोर ने शुक्रवार को कहा है कि ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन संभवत: अक्टूबर में जोहान्सबर्ग में किया जाएगा। श्री पंडोर ने रेडियो उबंटू को बताया, इस साल के अंत के आसपास, हमारे पास ब्रिक्स संसदीय फोरम होगा, जो अक्टूबर में जोहान्सबर्ग में होगा। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स – दुनिया की सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं, (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) को एकजुट करने वाला समूह है। जिसने मंगलवार से गुरुवार तक जोहान्सबर्ग में अपना वार्षिक शीर्ष स्तरीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया। गुरुवार को समूह में अर्जेंटीना, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को आधिकारिक तौर पर समूह में शामिल किया गया था।

## वर्ग पहेली 6298



**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत-करत अभ्यास के...होत सुजान
२. मृत्यु-शोक (उर्दू)
३. 'टाईम कीपर'
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6297

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | र | २ तं | त्र | 3 ता | ■ | ४ अ | न | ५ दे | खा |
| द | ■ | त्रि | ■ | ६ र | खा | व | ■ | वा | ■ |
| ७ या | चि | का | ■ | का | ■ | ८ सा | म | रि | ९ क |
| त्री | ■ | ■ | ■ | १० य | ज | न | ■ | ■ | ष्ट |
| ■ | ११ भ | द्र | १२ ज | न | ■ | ■ | १३ ति | न | का |
| ■ | ज | ■ | त | ■ | १४ मु | श्कि | ल | ■ | र |
| १५ सु | न | १६ सा | न | ■ | नी | ■ | १७ क | १८ न | क |
| रा | ■ | थ | ■ | १९ म | म | २० ता | ■ | जी | ■ |
| २१ सु | र | सा | ■ | न्म | ■ | २२ न | का | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ थ | र | थ | रा | ना | ■ | ■ | द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1604–अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।
1781–हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
1870– भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।
1939–जेट ईंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
1976–भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई।
1976–भारतीय पार्श्वगायक मुकेश का निधन
1979–आयरलैंड के समीप एक नौका विस्फोट हुआ।
1985–नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।
1990–वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।
1991–मालदोवा ने सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।
1993–भारतीय महिला तलवारबाज़ सी. ए. भवानी देवी का जन्म।
1999–सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजनियर बनीं।
2003–60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद मंगल पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा।
2004–वित्तमंत्री शौकत अजीज पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री चुने गये।
2006–भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी का निधन।
2008–सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.के. माथुर को सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल का पहला अध्यक्ष बनाया गया।

**उम्मीदवारी** सिंगापुर गैर-चीनी प्रधानमंत्री के लिए तैयार

## भारतीय मूल के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने

**सिंगापुर**, 26 अगस्त (एजेंसियां)। सिंगापुर में 1 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले भारतीय मूल के उम्मीदवार थर्मन शनमुगरत्नम ने कहा है कि शहर-राज्य अब एक गैर-चीनी प्रधानमंत्री के लिए तैयार है।

द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, थरमन ने शुक्रवार को जनता के मेहमानों के साथ एक चुनावी बैठक में कहा, 40 या 50 साल पहले की तुलना में आज सिंगापुरवासी केवल नस्ल नहीं, बल्कि सभी कारकों को देखते हैं।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का हवाला देते हुए, थर्मन ने अपने 20 मिनट के भाषण में कहा कि जाति हर जगह राजनीति में एक कारक है। वे लोगों को समग्रता से देखते हैं... सिंगापुर किसी भी समय तैयार है।

भारतीय मूल के 66 वर्षीय नेता ने कहा, अगर कोई ऐसा व्यक्ति आता है जो प्रधानमंत्री के लिए बेहतर उम्मीदवार है, तो उस व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाया जा सकता है। मेरा मानना है कि वे ऐसा कर सकते हैं। पसिर पंजंग पावर स्टेशन में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि यह एक समाज के रूप में सिंगापुर की प्रगति का प्रतीक है।

जेन इटोगी ने अपने पति थरमन का जिक्र करते हुए लोगों से कहा, उस (सवाल) का जवाब आपकी आंखों के सामने है, जब सिंगापुरवासी एक गैर-चीनी राष्ट्रपति को वोट देते हैं। अपनी टिप्पणी में, पूर्व मंत्री ने कहा कि हर किसी को समाज में उनके योगदान के लिए पहचाना जाना चाहिए और किसी को भी यह महसूस नहीं करना चाहिए कि वे कुछ भी नहीं हैं। थरमन ने कहा कि भौतिक प्रगति महत्वपूर्ण है, लेकिन ये वे चीजें हैं जिन्हें हम माप नहीं सकते हैं जो हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने देश की संस्कृति को विकसित करने की प्रतिज्ञा के साथ पिछले महीने औपचारिक रूप से अपना राष्ट्रपति अभियान शुरू किया था।थर्मन के अलावा, वरिष्ठ निवेशक एनजी कोक सोंग और नेशनल ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस के पूर्व आय प्रमुख, टैन किन लियान भी राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में हैं। शहर-राज्य के प्रमुख के रूप में, सिंगापुर के राष्ट्रपति को सरकारी बजट और प्रमुख सार्वजनिक नियुक्तियों पर वीटो करने, भ्रष्टाचार विरोधी जांच को अधिकृत करने और देश के राजकोषीय रिजर्व की सुरक्षा करने का अधिकार है।



■ भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम हैं तैयार
■ पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का हवाला

## दुनिया को जानें

## नासा ने स्पेसएक्स क्रू-7 मिशन किया लॉन्च

**वाशिंगटन,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। एंडेवर नामक ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर स्पेसएक्स क्रू -7 मिशन को शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में प्रक्षेपित किया गया है। नासा के सीधा प्रसारण से यह जानकारी सामने आयी है। प्रक्षेपण आज सुबह स्थानीय समयानुसार तीन बजकर 27 मिनट (ग्रीनविच मिड टाइम 07:27 बजे) पर हुआ। जिसे पहले ही कई बार स्थगित किया जा चुका है। पहले इसे 15 अगस्त को लॉन्च करने की योजना थी। नासा के मुताबिक क्रू-7 मिशन में नासा के अंतरिक्ष यात्री जैस्मीन मोघबेली, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेन्सन, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री सातोशी फुरुकावा और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री कोंस्टेंटिन बोरिसोव शामिल हैं।



# प्रादेशिकी

## हरियाणा के नूंह जिले में निषेधाज्ञा लागू

**नूंह,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार ने नूंह में सर्वजातीय हिंदू महापंचायत के 28 अगस्त को पुन: ब्रजमंडल शोभा यात्रा निकालने के आह्वान के मद्देनजर नूंह जिले में निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा द्वारा आज जारी इन आदेशों के तहत कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए घातक हथियार लेकर चलने और सार्वजनिक स्थानों पर पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। ये आदेश 26 से 28 अगस्त तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों में स्पष्ट है कि कोई भी व्यक्ति इस दौरान लाइसेंसी हथियार और अग्नेय शस्त्र, तलवारें, लाठियां, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासियां, चाकू और अन्य हथियार (सिखों के धार्मिक प्रतीक किरपान को छोड़कर) लेकर चलने और सार्वजनिक स्थानों पर पांच अथवा इससे अधिक व्यक्तियों के जमा होने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## राजधानी में आपदा का सबसे बड़ा कारण खराब ड्रेनेज सिस्टम



■ शहर के नालों की चैनेलाईजेशन भी सही तरीके से नहीं की गई
■ फुटपाथ की ऊंचाई तो कर दी है लेकिन बरसात के पानी को निकालने के लिए कोई कार्य यहां नहीं किया गया

**शिमला,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले दिनों राजधानी शिमला में हुई मूसलाधार बारिश ने कोहराम मचाया। वही शिमला आई आपदा को लेकर मेयर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि शहर में आपदा की सबसे बड़ी वजह शहर का ड्रेनेज सिस्टम नहीं बना है। शहर के नालों की चैनेलाईजेशन भी सही तरीके से नहीं की गई हैं। अंग्रेजो के समय जो नाले बने थे उन्हें भी ब्लॉक कर दिया है। जिसके कारण यह आपदा हुई है। शहर में फुटपाथ तो बनाए गए हैं लेकिन उसमें भी निकास नालियों को लेकर कोई काम नहीं हुआ है। इसका सबसे बड़ उद्हारण नवबहार के पास हुआ हादसा है। वहां पर फुटपाथ की ऊंचाई तो कर दी है लेकिन बरसात के पानी को निकालने के लिए कोई कार्य यहां पर नहीं किया गया है। जिससे यहां पर दूर्गा गैस एजेंसी के पास पानी का तालाब बन गया और यहां पर पेड़ों के गिरने के भी खतरा बना। शहर में कहीं भी ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं है। टॉलेंड में रेन शल्टर तो तैयार कर दिया है लेकिन यहां पर निकास

नाली न होने के कारण यहां पर पानी सड़कों में बह रहा है। निकास नालियों के ब्लॉक होने के कारण शहर में डंगे गिर रहे हैं। वहीं पहाड़ दरकने का भी सबसे बड़ा कारण भी नालों का ब्लॉक होना ही है। यदि शहर के नाले ब्लॉ न होते तो पहाड़ों से आने वाला सारा पानी नालों से होकर शहर से बाहर जाता और यह त्रासदी न होती। हालांकि मेयर ने इसका जिम्मेदार किसी को नहीं ठहराया है। लेकिन सिद्दे तौर पर उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा है कि सीपीडब्लूडी और पीडब्लूडी को भी इस बारे में संज्ञान लेना चाहिए। शहर में जितने भी पैराफिट हैं वह ब्लॉक हैं जो लोनिवि और सीपीडब्लूडी के अंडर आते हैं। ऐसे में दोनो विभागों को ध्यान रखना होगा कि पैराफिट ब्लॉक न हो।

**नगर निगम प्राथमिता से करेगा ड्रेनिज सिस्टम का कार्य**

शहर में खस्ताहाल ड्रेनिज सिस्टम से जो त्रासदी हुई है। उससे पूरा शहर सहम गया है। अब नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान का कहना है कि नगर निगम पूरे शहर में प्राथमिकता से ड्रेनिज सिस्टम पर कार्य करेगा। इसमें सभी घरों को भी जोड़ा जाएगा। इसमें शहर के घरों के छत्त का पानी नालों में डाला जाएगा। ताकि शहर में फिर से ऐसी त्रासदी न हो। वहीं ब्लॉक नालों को खोलने और नालों की चैनेलाईजेशन का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाना है।

## शिअद एचएसजीपीसी चुनाव लड़ेगा: सुखबीर

**चंडीगढ़,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को कहा कि पार्टी हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी(एचएसजीपीसी) के चुनाव लड़ेगी। श्री बादल ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में गुरुद्वारे महंतों के कब्जे में हैं तथा वहां के सिखों को इन्हें छुड़ाना चाहिये। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में गुरुद्वारों पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की मिलीभगत से कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव अपने चुनाव चिह्न लड़ेगी। श्री बादल ने कहा कि शिअद का मानना है कि पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ मानव निर्मित त्रासदी है और इसके लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बरसात शुरू होने से पहले बाढ़ नियत्रंण की कोई बैठक करने में विफल रहे। वह भाखड़ा और पोंग बांध से पानी को छोड़ने को भी नियंत्रित करने में भी नाकाम रहे। पंजाब में बाढ़ के दौरान श्री मान अपने बॉस अरविंद केजरीवाल के साथ पार्टी के चुनाव कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश और छतीसगढ़ चले गये। उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों और मजदूरों के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की और कहा कि सरकार द्वारा जारी किया गया 186 करोड़ रुपए का मुआवजा किसान समुदाय के घावों पर नमक छिड़कने के समान है।

## राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी



■ विद्युत चालित वाहनों में निवेश कर जीविकोपार्जन सहित पर्यावरण संरक्षण में सहायक बनेंगे प्रदेश के युवा

**शिमला,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी राजीव गांधी स्वरोजगार योजना आगामी 2 अक्तूबर, 2023 से आरम्भ की जा रही है। इस योजना के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर ली गई है। ऐसे में अब विभिन्न सरकारी विभाग, स्थानीय प्रशासन, स्वायत्तशासी निकाय, बोर्ड, निगम सहित अन्य सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी निकाय न्यूनतम चार वर्षों के लिए ई-टैक्सी अनुबंधित कर सकेंगे और इस अवधि को दो अन्य वर्षों के लिए बढ़ाया भी जा सकेगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि हिमाचल प्रदेश विद्युत चालित वाहनों के लिए एक आदर्श राज्य बनकर उभरने के लिए तैयार है और प्रदेश सरकार सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के समन्वय व सहयोग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के दृष्टिगत विद्युत चालित वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। विद्युत चालित वाहनों के लिए मूलभूत ढांचा सुदृढ़ करने के दृष्टिगत पहले चरण में छः हरित गलियारे विकसित किए जा रहे हैं। सरकार की इस पहल से वाहनों के लिए जिवार्श्म इंधन पर निर्भरता में भी कमी आएगी।

इस योजना के अंतर्गत ई-टैक्सी खरीदने एवं इसे किसी सरकारी संगठन के साथ सम्बद्ध करने के इच्छुक व्यक्ति परिवहन विभाग से अनुमति के लिए प्रत्यक्ष ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। इसके लिए उसे निर्धारित प्रपत्र पर आवश्यक सूचना उपलब्ध करवानी होगी। आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में इनकी छंटनी की जाएगी और दस्तावेजों में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर इन्हें आवेदक को सुधार के लिए वापस भेजा जाएगा और उसे पांच दिनों में इसे दुरूस्त करना होगा। निर्धारित अवधि में वांछित दस्तावेज उपलब्ध न करवाने पर आवेदन रद्द समझा जाएगा। पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूचि तैयार होने के उपरान्त राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से ई-टैक्सी के विक्रय की अनुमति प्रदान की जाएगी।

संबंधित एजेंसी परिवहन विभाग को ई-टैक्सी से संबंधित आवश्यकता के बारे में ऑनलाईन अनुरोध कर सकेगी। इस योजना के अंतर्गत पात्रता एवं आवश्यकता के अनुरूप ई-टैक्सी किराए पर लेने के लिए पांच श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। वाहन के लिए ऋण प्रक्रिया बैंकों के माध्यम से अथवा आवेदक द्वारा अपने स्तर पर भी पूरी की जा सकेगी।

### सार संक्षेप

#### हिसार में अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की मौत

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले में अलग-अलग हुये हादसों में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पहले हादसे में जिले के भिवानी रोहिल्ला गांव में एक नव विवाहिता तानिया (21) की पानी की डिग्गी में गिरने से मौत हो गई। वह जब कपड़े धो रही थी कि इस दौरान पैर फिसलने वह पानी की डिग्गी में गिर गई। कुछ देर बाद उसकी सास सूरजमुखी आई। उसने तानिया को डिग्गी में गिरा देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाल कर नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालसमंद पुलिस ने इस सम्बंध में ससुर भरत सिंह के बयान पर मामला दर्ज किया है। जिले के राजली गांव निवासी रघुवीर (45) शुक्रवार खेतों में बेसुध हालत में मिला। उसे हिसार के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वह खेत में काम करने के लिए गया था, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा। परिजन ढूंडते हुये जब खेत में पहुंचे तो वह पानी की नाली में बेसुध हालत में मिला। पुलिस ने मामला दर्ज किया है तथा मौत के कारणों की जांच कर रही है। एक अन्य घटना में हिसार जिले के न्योली कलां गांव में खेत में जा रहे व्यक्ति को शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कार सवार,व्यक्ति को करीब 10 फुट तक घसीटता ले गया। आसपास के लोग घायल व्यक्ति को हिसार के निजी अस्पताल में लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम राजेंद्र(38) है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस सम्बंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### कुल्लू में हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला में पुलिस ने 40 ग्राम हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कुल्लू जिला में भुंतर तहसील के जरी निवासी गुरपाल सिंह (27) , पंजाब में एसबीएस जिला के बुलेवाना निवासी जसप्रीत सिंह (22) तथा कुल्लू जिला में भुंतर तहसील के जरी निवासी सतपाल सिंह (34) के तौर पर की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरी चौकी की पुलिस टीम ने डूँखरा में नाकाबंदी के दौरान इन सभी को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे थे कि तभी उनकी तलाशी ली गई। इस दौरान जब उनकी जांच की गई तो आरोपियों के कब्जे से 40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी नशे की इतनी बड़ी खेप कहां से लेकर आए थे और इसकी आपूर्ति कहां करने जा रहे थे पुलिस इसकी गहनता से जांच की जा रही है।

#### सुडोकू 6298 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना हुआ अनिवार्य

■ निजी प्ले स्कूल को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पंजीकरण करवाना अनिवार्य

**सिरसा,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से जारी हिदायतों के अनुसार प्रत्येक निजी प्ले स्कूल को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। यह जानकारी हरियाणा में सिरसा की जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. दर्शना सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिला के सभी निजी प्ले स्कूलों को पंजीकरण किया जा रहा है। कोई भी रजिस्टर्ड संगठन, ट्रस्ट या सोसायटी प्राइवेट प्ले स्कूल चला सकती है। उन्होंने बताया कि प्ले स्कूल में छह वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा की सुविधा प्लेइंग मेथड से दी जाती है। निर्देशिका के अनुसार बच्चों को शारीरिक तथा मानसिक सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है। प्ले स्कूल की प्रत्येक कक्षा में 20:1 का रेशो रखा जाता है। किसी भी कक्षा में 20 बच्चों पर एक शिक्षक तथा एक सहायिका आवश्यक है। निरीक्षण समिति द्वारा ऐलनाबाद के प्ले स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी डा. गुरप्रीत कौर, संरक्षण अधिकारी डा. अंजना डूडी, बीईओ ऋशि कुमार, राजकीय स्कूल ऐलनाबाद के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार शामिल थे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डा. गुरप्रीत कौर ने बताया कि अब तक जिला के 10 प्ले स्कूलों का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर सभी प्ले स्कूल संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी प्ले स्कूलों में पोक्सो एक्ट संबंधी जानकारी प्रदान की गई। आपदा प्रबंधन तथा अग्रि सुरक्षा उपाय के लिए सभी स्कूल संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि सभी स्कूल संचालकों को सख्ती से निर्देशों की अनुपालना के निर्देश दिए गए हैं।

## हिमाचल में प्रस्तावित बल्क ड्रग फार्मा पार्क में निवेश के लिए आबूधाबी, अमेरिका व कनाडा की कंपनियां तैयार

■ हिमकिरण मांटा



**शिमला,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। हिमाचल में प्रस्तावित बल्क ड्रग फार्मा पार्क में निवेश के लिए आबूधाबी, अमेरिका (यूएस) व कनाडा की कंपनियां तैयार हैं। तीन विदेशी कंपनियों के साथ कुल 14 कंपनियों ने पार्क में सरकार का निवेश सहयोगी (इनवेस्टर पार्टनर)बनने की इच्छा जताई है। पार्क के लिए निवेश सहयोगी की तलाश में जुटी प्रदेश सरकार के नुमाइंदों की बीते दिनों दिल्ली में कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ पहले दौर की बातचीत हो चुकी है। बातचीत के दौरान सरकार के नुमाइंदों ने कंपनियों को बल्क ड्रग फार्मा पार्क की अवधारणा बारे बताया। अब एक पखवाड़े बाद कंपनियों के साथ दिल्ली में दूसरे दौर की बातचीत होगी। उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति 15 दिन बाद दिल्ली जाकर इन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे।

ऊना जिला के हरोली में प्रस्तावित बल्क ड्रग फार्मा पार्क की स्थापना के लिए केंद्र एक हजार करोड़ की रकम देगा। केंद्र ने इस राशि में से बीते फरवरी माह में 225 करोड़ की रकम जारी कर दी है। राज्य सरकार पार्क में बिजली व पानी की व्यवस्था करने में जुटी है। सीमित वित्तीय संसाधनों के चलते सरकार पार्क के लिए निवेश सहयोगी कंपनी की तलाश कर रही है। इसकी वजह सरकार द्वारा पार्क में अपने हिस्से के एवज खर्च की जाने वाली एक हजार करोड़ से अधिक की राशि है। लिहाजा सरकार चाहती है कि निवेश सहयोगी कंपनी सरकार के साथ मिल कर पार्क में निवेश करे। इसी मकसद से बीते दिनों दिल्ली में बैठक हुई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिल्ली में हुई बैठक में रामकी ग्रुप, जीआर इन्फ्रा, एनआईआईएफ इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनांस लिमिटेड, सिडबी, एल एंड टी ईसीसी, एफकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड शापुरजी, गायत्री प्रोजेक्टस लिमिटेड, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मधुकॉम लिमिटेड, नागार्जुना कंस्ट्रक्शन कंपनी, मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, आईआईएफसीएल, ओरोबिंदो, अदानी तथा साई इंजीनियरिंग कंपनी शामिल हैं। इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पूरे कंसेप्ट के बारे में जाना और उन्हें बताया गया कि किस तरह से बल्क ड्रग फार्मा पार्क काम करेगा। इसमें किस तरह का इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा और सरकार इसके लिए क्या प्रयास कर रही है।

जो भी कंपनियां यहां पर निवेश करेंगी उन्हें शुरूआत में बिजली, पानी कई साल तक बहुत कम दरों पर मिलेगी वहीं जमीन का भी पैसा सरकार नहीं लेगी। ऐसी कई तरह की रियायतें इसमें शामिल हैं जिसकी वजह से ही हिमाचल को यह बल्क ड्रग फार्मा पार्क मिला है।

## संदीप इस्तीफा दें या मुख्यमंत्री मांगे उनका इस्तीफा : हुड्डा



कथित छेड़छाड़ के आरोपी मंत्री संदीप सिंह को नैतिकता के आधार पर तुरंत पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो मुख्यमंत्री को उनसे इस्तीफा लेना चाहिए: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ़,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कथित छेड़छाड़ के आरोपी मंत्री संदीप सिंह को नैतिकता के आधार पर तुरंत पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो मुख्यमंत्री को उनसे इस्तीफा लेना चाहिए।

श्री हुड्डा ने शनिवार को यहां अपने सरकारी आवास पर पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुये यह बात कही। उन्होंने सरकार पर विधानसभा के मानसून सत्र की अवधि जानबूझकर कर छोटी रखने का आरोप लगाया और कहा कि वह जरूरी मुद्दों पर जवाब नहीं देना चाहती। लगता है कि सरकार किसी जल्दबाजी में है, इसीलिए बाढ़ और मुआवजे को लेकर कांग्रेस द्वारा दिए गए काम रोको प्रस्ताव को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में तब्दील कर दिया गया। कांग्रेस ने कानून व्यवस्था में नूंह हिंसा पर चर्चा के लिए भी प्रस्ताव दिया है लेकिन उसे भी विधानसभा अध्यक्ष ने टिप्पणी के लिए सरकार के पास भेज दिया।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र की धांधलियों के मसले पर भी सरकार ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। सरकार यह नहीं बता पाई कि आखिर कैसे करोड़पति लोगों को गरीब और गरीबों को अमीर दिखाया जा रहा है। सरकार की प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र में अनगिनत खामियां हैं जो अर्से के बाद भी ठीक नहीं हो पाई। बावजूद इसके जिस कम्पनी के पास इसे बनाने का ठेका था, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। मेवात में फिर से धार्मिक यात्रा निकाले जाने के सवाल पर हुड्डा ने कहा कि यह सभी का अधिकार है। यात्राओं से किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। लेकिन सरकार को प्रत्येक मामले में उसकी गम्भीरता को देखते हुए एहतियात बरतनी चाहिए। पिछली बार सब कुछ पता होते हुए भी सरकार ने यात्रा की सुरक्षा के सम्बंध में कथित तौर पर उचित कदम नहीं उठाए। सरकार ने कथित भड़काऊ बयानबाजियों का संज्ञान नहीं लिया, जिसके चलते हिंसा हुई। पार्टी नूंह हिंसा की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में इस घटना की न्यायिक जांच की मांग रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके की हिंसा क्यों हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है, लेकिन सरकार जांच से भाग रही है।

## हरियाणा में दिव्यांगों के वाहन होंगे रोड़ तथा टोल टेक्स फ्री : मक्कड़

■ बस अड्डा पर शौचालयों में पसरी गंदगी पर एतराज जताते हुए श्री मक्कड़ ने महाप्रबंधक रोड़वेज सिरसा डिपो को नोटिस थमाया

**सिरसा,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने शनिवार को सिरसा के एक दिवसीय प्रवास के दौरान बस अड्डा तथा नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बस अड्डा पर शौचालयों में पसरी गंदगी पर एतराज जताते हुए श्री मक्कड़ ने महाप्रबंधक रोड़वेज सिरसा डिपो को नोटिस थमाया। उन्होंने इस दौरान सार्वजनिक प्याऊ पर पेयजल की क्वालिटी को भी चेक किया। उन्होंने नागरिक अस्पताल के निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने हिसार रोड़ स्थित एक बैंक में दिव्यांग के चढने् को लेकर रेंप सही ना होने को लेकर नोटिस थमाया था। अभी तक सही न होने पर आगामी कार्यवाही का भी कहा। उन्होंने बैंक एटीएम के रेंप भी चैक किए ओर बैंक अधिकारियों को उनके सुधार के लिए कहा। दिव्यांग आयुक्त ने इसके बाद आयोजित पत्रकारवार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में दिव्यांगों को वाहन खरीदने पर दस फिसदी वैट टेक्स में छूट देगी। ऐसे वाहनों को रोड़ तथा टोल टेक्स मुक्त किया जाएगा। वहीं ऐसे वाहनों का बीमा प्रीमियम भी आधा लगेगा। राज्य सरकार आागमी तीन दिसबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगों की पैंशन बढ़ाकर 3 हजार कर देगी। वहीं विवाह शगुन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि 31 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रूपए करेगी। इसके बाद उन्होंने आयोजित खुले दरबार में दिव्यांगजनों की समस्याओं को सुना।

दिव्यांगजनों ने बताया कि फैमिली आईडी में त्रुटियों को दूर करने का रोना रोया। उन्होंने बताया कि उनकी इंकम स्वयं ही ज्यादा दर्शायी जा रही है, जिससे उनको राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा।

## गहलोत ने दी 265.64 करोड़ की जल परियोजनाओं से जुड़े कार्यों सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी



जोधपुर में एमआईसीई सेंटर के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए तथा जोधपुर एवं बीकानेर में अम्बेडकर मिरासी-भिश्ती महाविद्यालय स्तरीय छात्रावासों का निर्माण सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की

**जयपुर,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 265.64 करोड़ रुपए की लागत के पन्द्रह कार्यों, जोधपुर में एमआईसीई सेंटर के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए तथा जोधपुर एवं बीकानेर में अम्बेडकर मिरासी-भिश्ती महाविद्यालय स्तरीय छात्रावासों का निर्माण सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। श्री गहलोत पिछले कई दिनों से लगातार जनहित एवं विकास कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृतियां दे रहे है और शनिवार को भी उन्होंने विभिन्न प्रस्तावों को मंजूर किया। उनकी इस स्वीकृति से बजट में की गई विभिन्न घोषणाओं सहित राजस्थान वाटर सेक्टर लाइवलीहुड इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट से जुड़े 15 कार्य हो सकेंगे। इनमें प्रतापगढ़, करौली, जालौर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, सवाई माधोपुर, उदयपुर एवं जयपुर में विभिन्न बांधों, नहरों एवं सिंचाई परियोजनाओं तथा उप परियोजनाओं में मरम्मत एवं रख-रखाव आदि से सम्बन्धित कार्य शामिल हैं।

प्रदेश में कला और व्यापार पर्यटन को बढ़ावा देने में एमआईसीई (मीटिंग इंसेंटिव कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन) सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध जोधपुर जिले में भी एमआईसीई सेंटर का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने सेंटर निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी प्रदान की है। पर्यटन क्षेत्र में सिरमौर बनने की प्रतिबद्धता में यह निर्णय लिया गया है। इससे एमआईसीई टूरिज्म को गति मिलेगी। वर्तमान में जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय परिसर की कुल आवंटित 65 हजार वर्गमीटर भूमि में से 5650 वर्गमीटर भूमि पर एमआईसीई सेंटर का निर्माण होगा। यहां प्रथम चरण में एग्जीबिशन हॉल, सेंट्रल ब्लॉक का निर्माण होगा। इस ब्लॉक में रजिस्ट्रेशन एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक, वीआईपी लाउंज, ट्रेड एंड बिजनेस सेंटर के लिए मीटिंग स्पेस, पार्किंग एरिया सहित विभिन्न कार्य होंगे। इसी तरह जालोर जिले के समदड़ी-भीलड़ी रेलवे सेक्शन के गांव मोक और चूरा में रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी) बनाए जाएंगे। आरयूबी बनाने पर 9.84 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

## आशा कार्यकर्ताओं ने किया बिजली मंत्री आवास पर किया प्रदर्शन

**सिरसा,** 26 अगसत (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा जिले में विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ता पिछले 19 दिनों से लघु सचिवालय में धरना दे रही हैं। प्रदर्शनकारी आशा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उपायुक्त कार्यालय से लेकर प्रदर्शन करते हुए बिजली मंत्री रणजीत सिंह के आवास के बाहर पहुंची और रोष का इजहार किया। प्रदर्शनकारियों ने यहां मंत्री के प्रतिनिधि को एक ज्ञापन भी सौंपा। धरने की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान दर्शना तथा कलावती माखोसरानी ने बताया कि सरकार की ओर आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय 2018 के बाद से नहीं बढ़ाया गया है, जबकि उनका काम पांच गुना बढ़ा दिया गया है। उन्होंने सांसदों, मंत्रियों तथा विधायकों के साल में बढ़ाए जाने वाले वेतन को लेकर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि इतना काम करने के बाद भी आशा कार्यकर्ताओं को मूल वेतन नहीं दिया जा रहा, जबकि सांसदों, मंत्रियों तथा विधायकों के वेतन में अकारण बढ़ोतरी की निंदा की, क्योंकि उन्हें पहले से ही सभी वेतन, भत्त्ते तथा खर्चे मिलते हैं, तो फिर वेतन किस नाम का। वेतन न बढ़ाने तथा काम के अधिक बोझ के कारण आशाओं को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सरकार की इस बेरूखी के कारण आशाओं में बहुत ज्यादा रोष है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार बार-बार कहती है कि हड़ताल से आम जनता को कोई नुकसान नहीं हो रहा है, जबकि जब से आशा वर्कर हड़ताल पर आई हैं।

# प्रादेशिकी

## इंस्पेक्टर हत्याकांड का आरोपी की सम्पत्ति कुर्क का आदेश

**फर्रुखाबाद,**26 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशन में आज इंस्पेक्टर हत्याकांड में मैनपुरी जेल में बंद चल रहे कुख्यात माफिया अनुपम दुबे,इनके परिजन एंव सहयोगियों की करीब 78 लाख से अधिक की सम्पत्ति की कुर्की के आदेश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि कुख्यात माफिया सहित अन्य लोगों की सम्पत्ति कुर्क करने की संस्तुति जिलाधिकारी को सौंपी थी। जिसमें जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने इंस्पेक्टर हत्याकांड के आरोपी मैनपुरी जेल में बंद चल रहे गैंगस्टर अनुपम दुबे,इनके परिजन एंव सहयोगियों की 78 लाख 18 हजार 357 की सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश जारी कर दिए गए है। कार्यवाही प्रचलित है।

## बिजली कार्यों में गुणवत्ता हो सुनिश्चित : गोयल

**लखनऊ,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। यूपी पॉवर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी अब हफ्ते में कम से कम दो दिन फील्ड विजिट करेंगे। मुख्यमंत्री

- **यूपी पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा**
- **बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अब हफ्ते में दो दिन करेंगे क्षेत्र का दौरा**



**जितनी बिजली दे रहे हैं उतना राजस्व भी वसूल करें : आशीष कुमार गोयल**

योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है बिजली सम्बन्धी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसके लिए थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने विभाग के सभी उच्चाधिकारियों को फील्ड विजिट करने के लिए कहा है। विभाग के सभी आलाधिकारियों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उचित नेतृत्व देकर विद्युत सम्बन्धी कार्यों का बेहतर परिणाम देने के लिए निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी अक्टूबर माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। यूपीपीसीएल के चेयरमैन डॉ. गोयल ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम जितनी बिजली दें उतना राजस्व भी वसूलें। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी विद्युत राजस्व प्राप्त करने में सफल नहीं होंगे उनकी जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति एवं उसके सापेक्ष राजस्व प्राप्त हो यह सभी के लिए शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल समय से मिले और उससे हम राजस्व प्राप्त करें, यह सुनिश्चित होना चाहिए। डॉ.आशीष कुमार गुप्ता के अनुसार प्रदेश में कॉमर्शियल कनेक्शन कम हैं अत: यह भी सुनिश्चित किया जाए कि व्यापार सम्बन्धी कार्य घरेलू कनेक्शन से न हों। उन्हें सही विधा के कनेक्शन दिए जाएं। बताया कि प्रदेश में क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर निश्चित समय सीमा में बदलना सुनिश्चित किया जाए। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर की मरम्मत में उसका लोड चेक करने के बाद, उसे ओवर लोडेड ट्रांसफार्मर की जगह प्रतिस्थापित किया जाएगा। प्रदेश में विद्युत सम्बन्धी जो भी कार्य किये जा रहें है वे निश्चित समय सीमा में पूरे होने चाहिए। इसके लिए इस्टीमेट में प्रत्येक छोटी से बड़ी सामग्री का ध्यान रखा जाए, जिससे बाद में सामग्री की कमी न हो।

### अक्टूबर माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाने की तैयारी हो शुरू

चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अक्टूबर माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दें। इसके लिए जो भी आवश्यक सामग्री की जरूरत हो वो सितम्बर तक मुहैया कर ली जाए। इससे अक्टूबर में अनुरक्षण में कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि स्टोर एवं सामग्री प्रबन्ध से सम्बन्धित अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिष्चित करें कि विद्युत सामग्री समय से प्रीक्योर की जाये जिससे स्टोर में आवश्यक सामग्री की कमी न हो। कहा कि संविदाकर्मियों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि तकनीकी स्टाफ को फील्ड में तैनात किया जाए न कि उसे ऑफिस कार्यों में लगाया जाए। शक्ति भवन में सम्पन्न इस समीक्षा बैठक में प्रबन्ध निदेषक पंकज कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान डिस्काम के प्रबन्ध निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।



## सुभारती में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

**मेरठ,**26 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इन्स्टीटयूट ऑफ लॉ द्वारा एक निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर किया गया। सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक जस्टिस राजेश चन्द्रा पूर्व न्याय मूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशन में तथा प्रो डॉ.वैभव गोयल भारतीय संकायाध्यक्ष सुभारती विधि संस्थान के मार्गदर्शन में किया गया। अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधां भेंट कर किया गया। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं जन मानस के मध्य 'राष्ट्रीयता' की भावना को जागृत करने के उददेश्य से समय-समय पर 'राष्ट्रबोध' आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रंखला में सुभारती विधि महाविद्यालय के लिट्ररेरी क्लब द्वारा 'भारतीय दर्शन पश्चिमी एवं चाइनीज दर्शन के साथ समानताएं एवं विरोधाभास' विषय पर एक निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## उप्र में सड़क मरम्मत एम्बुलेन्स का पहली बार हो रहा इस्तेमाल

**लखनऊ,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में बदलते समय से कदमताल करते हुए वैश्विक स्तरीय तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। विभाग में नई तकनीकों के प्रयोग से समय और पैसे की बचत होने के साथ साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में भी इजाफ़ा हो रहा है। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने इसी क्रम में आज लोक निर्माण विभाग द्वारा नई तकनीकियों से युक्त सड़क मरम्मत एम्बुलेन्स से कराए जा रहे पैच मरम्मत के डेमो कार्य का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश में इस प्रकार की रोड एम्बुलेन्स का प्रथम बार प्रयोग किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा लखनऊ में गांधी सेतु से होते हुए एलडीए कार्यालय के सामने तक के मार्ग के चैनेज 0.870 किमी पर पैच मरम्मत का कार्य एक नई तकनीकी 'रोड एम्बुलेन्स' से कराया जा रहा है। सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मंत्री जी के सामने रोड एम्बुलेन्स का डेमों किया गया एवं पैच मरम्मत किया गया। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष एके जैन



- **लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने खुद सड़क पर उतर कर देखा पैचवर्क**
- **यह मशीन आधुनिक सुविधाओं, जीपीएस/सीसी टीवी से लैस**

द्वारा निरीक्षण के अवसर पर ''रोड एम्बुलेन्स'' की तकनीकी विशेषताओं की जानकारी मंत्री को दी गई। यह मशीन आधुनिक सुविधाओं, जीपीएस/सीसी टीवी से लैस है एवं एक दिन में 5 किमी सड़क को पैच मुक्त करने की क्षमता होने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल (कोल्ड मिक्स) तकनीक एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी करने वाली मशीनरी है। लोक निर्माण मंत्री द्वारा विभाग के अधिकारियों को मानसून के दौरान प्रदेश के मार्गों पर होने वाले पॉटहोल्स को यातायात योग्य बनाये रखने का निर्देश दिया।

## सार संक्षेप

### शहीद चन्द्रभान मेला बंद कराने की मांग

**मवाना।** शहीद चन्द्रभान स्मारक समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर प्रदर्शनी के आयोजन को रोकने की मांग की है। समिति के सचिव गजेन्द्र पाल सिंह चौहान एडवोकेट, अध्यक्ष चौधरी अजय सिंह के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को सौपे गए ज्ञापन में कहा कि 23 अगस्त को 13 बिन्दुओं पर एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी मवाना को दिया गया था, लेकिन उक्त किसी भी बिन्दु पर आज तक निस्तारण नहीं हो सका हैं। जिसके कारण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

### समाधान दिवस में कराए लंबित प्रकरणों का निस्तारण

**मेरठ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र दीपेन्द्र कुमार ने अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन, खादी ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं रेशम विभाग, उप्र शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में अवगत कराया है कि 28 अगस्त को कार्यालय, उपायुक्त उद्योग,जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, सूरजकुण्ड रोड, मेरठ में 1 अप्रैल 2018 से अब तक कर्मचारियों, अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के उपरान्त देयों के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया जर रहा है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार को करें आवेदन

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी को पत्र प्रेषित करते हुये अवगत कराया कि उपरोक्त विषयक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र एवं निदेशक, महिला कल्याण, उप्र, लखनऊ के पत्र के साथ सचिव, भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र के द्वारा प्रत्येक जनपद से कम से कम तीन योग्य अभ्यर्थियो को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु 31 अगस्त तक ऑन लाईन पोर्टल पर नामित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक

**मेरठ।** सर्किट हाऊस में राज्य मंत्री ऊर्जा सोमेन्द्र तोमर व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में राज्यमंत्री द्वारा शहर की खराब सड़कों, जल भराव, अतिक्रमण व साफ-सफाई से संबंधित मुद्दों को नगर निगम के अधिकारी के समक्ष रख इनका शीघ्र निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को सभी वेंडर का रजिस्ट्रेशन करने व उन्हें आईकार्ड जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि वेंडरो को यूपीआई का इस्तेमाल करवाने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एमएलसी सरोजिनी अग्रवाल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण आदि मौजूद रहे।

## डीएवी की नृत्यांगनाओं ने दिखवाया नृत्य कौशल

**मेरठ,**26 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में सदनों के आधार पर नृत्य प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



प्रतियोगिता का आयोजन माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक, दो चरणों में किया गया, जिसमें कक्षा नौवीं से बारहवीं की छात्राओं ने भाग लिया। मध्यमिक स्तर पर अर्द्धशास्त्रीय संगीत पर तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर लोक नृत्य प्रस्तुत करने हेतु चारों सदनों, क्रमशः लक्ष्य, निर्भय, शौर्य तथा तेजस से प्रत्येक स्तर के लिए दो-दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। 'ओ रे पिया,'नैनों वाले नें','मोए रंग दो लाल' आदि विभिन्न गीतों पर थिरक कर नृत्यांगनाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं आसाम, पंजाब, राजस्थान, गुजरात आदि के लोकनृत्यों ने खूब वाहवाही लूटी। निर्णायक मंडल के रूप में गाजियाबाद की प्रमुख नृत्यांगना एकता गुप्ता तथा सुनीता सिंह ने भाव भंगिमाओं, प्रस्तुतिकरण, अदाकारी तथा वेश-भूषा को आधार बनाकर निर्णय दिया। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन, डॉ.विनीत त्यागी, निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा प्रतिभागियों के उत्साह की प्रशंसा की।

## कचरा मुक्त शहर बनाने को नगरीय निकायों में होगा सेल्फ असेसमेंट

**लखनऊ,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। योगी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं गार्बेज फ्री सिटी बनाने का उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में सेल्फ असेसमेंट की व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है।

इसके अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय में 30 अगस्त तक सेल्फ असेसमेंट होगा। 4 सितंबर को इसकी समीक्षा होगी। नगरीय निकायों में अप्रैल 2023 में मॉक असेसमेंट आयोजित किया गया था, जिसने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को निरंतर बनाये रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया था। इस संदर्भ में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी लिखा है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव

- **प्रत्येक नगरीय निकाय में सेल्फ असेसमेंट की व्यवस्था लागू किया जाना आवश्यक**
- **चार सितंबर को होगी समीक्षा**
- **सेल्फ असेसमेंट की व्यवस्था प्रारंभ करने के लिए लिया गया प्रो-एक्टिव स्टेप**

अमृत अभिजात ने बताया कि सेल्फ असेसमेंट डेडिकेटेड गूगल फार्म के माध्यम से किया जायेगा, जो गार्बेज फ्री सिटी के मूल्यांकन के प्रत्येक पैरामीटर के मानक को परिभाषित करेगा। यह फार्म नगरीय निकाय द्वारा भरा जायेगा। पूर्ण सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट को जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त की शाम 5 बजे तक है। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों से निर्धारित समय सीमा में इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चार सितंबर (सोमवार) को सुबह 11 बजे सेल्फ असेसमेंट की समीक्षा की जायेगी।

सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट को सही ढंग से पूर्ण करने एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत उसे जमा करने की कार्यवाही अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के इस उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सेल्फ असेसमेंट की व्यवस्था प्रारंभ करने हेतु प्रो एक्टिव स्टेप लिया गया है।

## मवाना मिल ने किया 22.47 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान

**मवाना,**26 अगस्त (देशबन्धु)। मवाना चीनी मिल ने शनिवार को पेराई सत्र 2022-2023 का 22.47 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। मवाना चीनी मिल ने पेराई सत्र 2022-23 का चार मई 2023 से 10 मई तक का 22.47 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान सम्बन्धित समितियों को भेज दिया गया है। पेराई सत्र 2022-23 का अब तक कुल 712.42 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान ने गन्ना मूल्य भुगतान की जानकारी देते हुए बताया कि चीनी मिल परिक्षेत्र में 20 जुलाई 2023 से गन्ना सट्टा प्रदर्शन का कार्य चल रहा है, सभी किसान भाई मौके पर उपस्थित रहकर अपने सट्टा कार्य की जंच अवश्य करा लें। इस समय गन्ने में पोक्का बोईंग रोग का प्रकोप दिखाई दे रहा है। इसीलिए कॉपर आक्सीक्लाराईड 500 ग्राम प्रति एकड़ की मात्रा को 250 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें व 15 दिन बाद उपरोक्त दवा का दोबारा छिड़काव कर दें। इस समय खेंतो मे लाल सड़न रोग दिखाई दे रहा है अत: इस रोग से ग्रसित गन्ने के मूढो को जड़ से उखाडकर खेत से बाहर निकालकर जला दें।

## शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय प्रयास कर रहा वेंक्टेश्वरा : योगेंद्र

**मेरठ,**26 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित एक्सपो इंडिया मार्ट में आयोजित ओटूएन डिजिटल इंडिया की ओर से आयोजित

- **वेंकटेश्वरा बेस्ट यूनिवर्सिटी अवॉर्ड से सम्मानित**
- **ओटूएन डिजिटल एजुकेशन इंडिया द्वारा किया गया सम्मानित**

उत्तर प्रदेश शिक्षा समागम 2023 में देश के दिग्गज सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों विश्वविद्यालयों की मौजूदगी में कैबिनेट उच्च शिक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय संस्थान को एक्सीलेंस यूनिवर्सिटी इन इनोवेशन अवार्ड 2023 से नवाजा। श्री वेंकटेश्वरा समूह के अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने मंत्री से यह अवार्ड ग्रहण किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिलने पर वेंकटेश्वरा के अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शानदार चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं के दम पर वेंकटेश्वर को 2030 तक देश के शीर्ष 10 संस्थाओं की सूची में शुमार करना ही हमारा अगला लक्ष्य होगा।




### शिक्षा समागम 2023 का हुआ शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा के विख्यात एक्सपो इंडिया मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षा समागम 2023 का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मिनिस्टर उच्च शिक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी योगेंद्र उपाध्याय, यूपीटीयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आर के खंडाल ,परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव, वेंकटेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, शिक्षा समागम यूपी के मुख्य संयोजक नमित भाटी, प्रोफेसर राजकुमार, असम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जे एस विर्क, अरुणोदय की अध्यक्षता डॉ.अनुभूति चौहान, वीजीआई मेरठ के परिसर निदेशक डॉ प्रताप सिंह आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दी प्रज्वलित करके किया।

## सर्वे कर क्षतिग्रस्त सड़कों को किया जाए दुरुस्त : दीपक

**मेरठ,**26 अगस्त (देशबन्धु)। उच्च प्राथमिक विद्यालय तारापुर विकासखंड हस्तिनापुर में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा बाढ़ राहत से संबंधित समस्त अधिकारी एवं ग्रामीणों के साथ बैठक

- **डीएम ने अधिकारियों को दिए कार्यवाही के निर्देश**
- **बाढ़ राहत के संबंध में जिलाधिकारी ने ली बैठक**

आहूत की गई। ग्रामीणों द्वारा आयोजित चौपाल में बाढ़ की समस्याओ के साथ-साथ अन्य विकास कार्यो के बारे में जिलाधिकारी महोदय को एक-एक कर अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने मौके पर ही सुनवाई करते हुए उपस्थित संबंधित अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये। इसी क्रम



में ग्रामीणो द्वारा बारिश के कारण सड़कों के कटान एवं गड्ढों को ठीक किये जाने की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि संबंधित समस्त क्षेत्र का सर्वे कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग द्वारा त्रुटिपूर्ण बिल देने की समस्या से अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारी को तत्काल जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलत बिल क्यो आ रहा है इसकी गहनता से जांच की जाए।

## राम धुन नहीं महिलाओं की कराह से गूंज रही है अयोध्या

■ **ओम प्रकाश सिंह**

**अयोध्या,** 26 अगस्त(देशबन्धु)। अयोध्या हनुमानगढ़ी के एक पुजारी राजूदास ने महिलाओं के बारे में विवादित बयान देकर पूरी रामनगरी व साधुशाही को बदनाम कर दिया है। बजरंग दल, विहिप, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े इस पुजारी को सत्ता का नजदीकी माना जाता है। मंदिर व सनातन धर्म से जुड़े विषयों पर यह पुजारी गोदी मीडिया का लाडला भी है लेकिन इस बार इसका बड़बोलापन इस पर भारी पड़ सकता है। महिला संगठनों ने एफआईआर दर्ज कारवाई की मांग किया है। भाजपा से जुड़ी महिला नेत्री ने तो पुजारी को संत और सनातनी मानने से ही इनकार कर दिया है। रामनगरी अयोध्या कुछ दशक पहले तक उस चरित्र को जीती थी जो राम की मर्यादा से बंधी थी। राम धुन अयोध्या की पहचान थी अब यहां पर महिलाओं की कराह है। एक तरफ भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है तो दूसरी तरफ धर्म ध्वज के वाहक सीता के लिए रावण बन गए हैं। सत्ता भी सीता की ही अग्नि परीक्षा ले रही है।



आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा निकलती है जिसे अमृतकाल कहा जाता है। केंद्र की भाजपा सरकार आजादी का अमृतकाल मना रही है। इस अमृतकाल को भाजपा से जुड़े नेता कार्यकर्ता किस तरह विषकाल में बदल रहे हैं यह रामनगरी अयोध्या में देखा जा सकता है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जूता मारने के बयान पर सपा नेताओं के पलटवार से हनुमानगढ़ी अयोध्या के पुजारी राजू दास बौखला उठे हैं। एक वीडियो में राजूदास यह कह रहे हैं कि कुछ नेताओं को जिन्हें

- **कुछ नेता, महिलाओं को भेज हमारी मर्दानगी टेस्ट कर सकते हैं : राजूदास**

यह लगता है कि हम यौन संसर्ग नहीं कर सकते हैं, वे अपनी बहन, बेटी, पत्नी को भेज कर टेस्ट कर सकते हैं। यह वीडियो वायरल होते ही महिला संगठनों में उबाल आ गया है। भाजपा महिला नेत्री एडवोकेट श्वेताराज सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। उनका बयान है कि मनु स्मृति में लिखा है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता। किसी भी सनातन के अनुयायी से यही अपेक्षा है कि वो स्त्री का सम्मान करेंगे। राजू दास द्वारा दिया गया वक्तव्य अत्यंत घिनौना है और ऐसा व्यक्ति सनातनी नहीं हो सकता, संत तो बिल्कुल नहीं। बयान की निंदा करते हुए उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्यवाही करें। मालूम हो कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जूते से पीटने का बयान देने वाले अयोध्या हनुमानगढ़ी पुजारी राजू दास पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अयोध्या से पूर्व विधायक पवन पांडे ने जबरदस्त पलटवार किया था। पवन पांडे ने राजू दास की जिला अस्पताल अयोध्या से जारी एक रिपोर्ट सार्वजनिक की थी, जिसमें राजू दास में यौन जनित बीमारी सिफलिस के लक्षण पाए गए हैं। राजू दास ने इस रिपोर्ट को फर्जी करार दिया है तो वहीं पवन पांडे ने कहा है कि रिपोर्ट फर्जी है तो राजू दास को सीएमओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। इसके बाद एक वायरल वीडियो में राजूदास पूरी महिला कौम का अपमान करते हुए सुने जा रहे हैं। सपा महिला सभा अयोध्या की महानगर अध्यक्ष अर्पणा जायसवाल व जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने राजू दास के कथन का उल्लेख करते हुए राम जन्म भूमि थाना अयोध्या में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अयोध्या से पूर्व विधायक पवन पांडे के अनुसार पुलिस ने वीडियो के सत्यता की जांच कराकर ही कार्रवाई करने की बात कही है।

## शोभित विवि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,**26 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को शोभित विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी कल्चरल एंड हेरिटेज क्लब ने आदर्श डीजे नाइट का आयोजन किया। छात्रों ने इस महोत्सव में सांस्कृतिक आत्मा को जीवंत किया और रंगारंग डांस के माध्यम से खूब धमाल मचाया। यह सांस्कृतिक समारोह शोभित विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कल्चरल एंड हेरिटेज क्लब के द्वारा आयोजित किया गया था। समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. जयानंद द्वारा हुई, जिन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।



- **डीजे की धुन पर थिरके छात्र-छात्राएं, देर रात तक मचाया धमाल**

यूनिवर्सिटी ग्राउंड में आयोजित हुए इस डीजे नाइट में छात्र-छात्राएं ने अपने जादूगरी डांस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने आदान-प्रदान से कैंपस को रंगीन बना दिया और एक उत्साहपूर्ण रात का आयोजन किया। इस अद्भुत महोत्सव में छात्र-छात्राएं अपने दोस्तों के साथ मिलकर डांस किया, सेल्फी ली और एलईडी वॉल पर डिस्को किया।

## मैं गुरदास मान साहब की वजह से म्यूजिक में हूं : बादशाह

**नई दिल्ली।** रैपर और सिंगर बादशाह ने महान सिंगर गुरदास मान के लिए अपने फैनबॉय मोमेंट के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने शेयर किया कि यही कारण है कि वह म्यूजिक में आए। 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के अपकमिंग एपिसोड में गुरदास मान, जिन्हें प्यार से 'मान साहब' के नाम से जाना जाता है, रियलिटी शो में आएंगे। रैपर ने कहा कि मेरे घर पर, मान साहब के गाने बजते रहते थे। मेरा म्यूजिक में आने का सबसे बड़ा कारण मान साहब हैं। मेरे माता-पिता का झुकाव म्यूजिक की ओर नहीं था, लेकिन मान साहब का बहुत प्रभाव था, मेरे घर पर बजने वाले संगीत पर। ऐसा कहा जाता है कि एक बच्चे का किरदार 5-6 साल की उम्र के बीच विकसित होना शुरू हो जाता है।

## 'पौरशपुर 2' में उनका किरदार उन्हें 'शक्तिशाली' महसूस कराती है : शर्लिन चोपड़ा



**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा अपकमिंग रिलीज ड्रामा सीरीज 'पौरशपुर' के सीजन 2 की में महारानी स्नेहलता की भूमिका निभाएंगी। एक्ट्रेस ने अपने बोल्ड आउटफिट्स के लिए लगातार मिल रही आलोचना के बारे में बात करते हुए कहा कि 'पौरशपुर 2' में उनकी भूमिका ने उन्हें सशक्त महसूस कराया है।

अपने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने अपनी एक क्लिप पोस्ट की, जिसमें उन्हें इंडियन फिल्म हिस्ट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा था, जिसमें उन्होंने महारानी स्नेहलता की भूमिका देने के लिए एकता कपूर और प्रोडक्शन कंपनी को धन्यवाद दिया।

उन्हेंने कहा कि मैं महारानी स्नेहलता के इस बेहद मजबूत किरदार को निभाने का मौका देने के लिए एकता कपूर और एएलटी को धन्यवाद देना चाहती हूं। मुझे अक्सर मेरे ड्रेसिंग चॉइस के लिए बुलाया जाता है, और मैं आमतौर पर केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस या प्रमोशन इवेंट में ही उनके बारे में बोलती हूं। लेकिन जो लोग मुझे ड्रेसिंग चॉइस के लिए बुला रहे हैं, मैं कहना चाहती हूं कि आज सम्मानित होने और 'पौरशपुर 2' में अपनी भूमिका के लिए, मैं पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली महसूस करती हूं।

# प्रकृति में पहुंचने पर प्लास्टिक जितने ही जहरीले होते हैं कागज के कप

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। जहरीले रसायनों से बचने के लिए पेपर कप प्लास्टिक कप का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि पेपर कप (पेपर ढक्कन के साथ) में आप जो फेंके जाने के बाद प्रकृति में पहुंचने पर जीवित जीवों को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

पृथ्वी के सभी हिस्सों और सभी जीवित चीजों को प्रदूषित करने वाले प्लास्टिक प्रदूषण की रिपोर्ट ने वैकल्पिक सामग्रियों की ओर बदलाव को तेज कर दिया है।

- **जहरीले रसायनों से बचने के लिए पेपर कप प्लास्टिक कप का कोई विकल्प नहीं**
- **शोधकर्ताओं ने तितली मच्छर के लार्वा पर डिस्पोजेबल कप के प्रभाव का किया परीक्षण**



हालांकि, पेपर कप प्लास्टिक कप की तरह ही जहरीले होते हैं। स्वीडन में गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने तितली मच्छर के लार्वा पर विभिन्न सामग्रियों से बने डिस्पोजेबल कप के प्रभाव का परीक्षण करते हुए एक अध्ययन में यह दिखाया है।

गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर बेथानी कार्नी अल्मरोथ ने कहा कि हमने कुछ सप्ताह के लिए कागज के कप और प्लास्टिक के कप को गीली तलछट और पानी में छोड़ दिया और देखा कि उनसे निकलने वाले रसायनों ने लार्वा को कैसे प्रभावित किया। सभी मगों ने लार्वा के विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाला।

खाद्य पैकेजिंग सामग्री में उपयोग किए जाने वाले कागज की सतह पर प्लास्टिक की कोटिंग चढ़ाई जाती है। यह प्लास्टिक कागज को कॉफी से बचाता है। आजकल, प्लास्टिक फिल्म अक्सर पॉलीलैक्टाइड, पीएलए से बनी होती है जो एक प्रकार का बायोप्लास्टिक है।

बायोप्लास्टिक्स का उत्पादन जीवाश्म ईंधन की बजाय नवीकरणीय संसाधनों (पीएलए का उत्पादन आमतौर पर मक्का, कसावा या गन्ने से होता है) से किया जाता है, जैसा कि बाजार में 99 प्रतिशत प्लास्टिक के मामले में होता है।

पर्यावरण प्रदूषण जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, पीएलए को अक्सर बायोडिग्रेडेबल माना जाता है, जिसका अर्थ है कि यह सही परिस्थितियों में तेल आधारित प्लास्टिक की तुलना में तेजी से टूट सकता है, लेकिन फिर भी यह जहरीला हो सकता है।

बायोप्लास्टिक जब पर्यावरण में, पानी में पहुंचते हैं तो प्रभावी ढंग से नहीं टूटते हैं। अल्मरोथ ने कहा कि ऐसा जोखिम हो सकता है कि प्लास्टिक प्रकृति में बना रहे और परिणामी माइक्रोप्लास्टिक्स सामान्य प्लास्टिक की तरह ही जानवरों और मनुष्यों की आहार श्रृंखला में प्रवेश कर सकता है। बायोप्लास्टिक में पारंपरिक प्लास्टिक जितने ही रसायन होते हैं। अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है, प्लास्टिक में कुछ रसायन विषैले माने जाते हैं, अन्य के बारे में जानकारी का अभाव है।



## 17 साल बाद स्क्रीन पर साथ आएंगे अमिताभ बच्चन व शाहरुख खान

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। मेगास्टार अमिताभ बच्चन और सुपरस्टार शाहरुख खान, जिन्हें आखिरी बार 'कभी अलविदा ना कहना' में एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था, एक नए प्रोजेक्ट के लिए 17 साल बाद स्क्रीन पर एक साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बिग बी और शाहरुख आखिरी बार 2006 में करण जौहर द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' में नजर आए थे। फिल्म में अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा और किरण खेर भी थे।

सूत्र के मुताबिक, 'एक दिलचस्प प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान एक बार फिर साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। इस प्रोजेक्ट से संबंधित बहुत सी खबरें अभी तक सामने नहीं आई हैं, लेकिन जल्द ही और अधिक अपडेट और समाचार सामने आएंगे।'

यह जोड़ी इससे पहले 'मोहब्बतें', 'कभी खुशी कभी गम' और 'वीर जारा' जैसी आइकोनिक फिल्मों में स्क्रीन साझा कर चुकी है। शाहरुख खान को एक्शन एडवेंचर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र - पार्ट वन शिवा' में नासा के पूर्व वैज्ञानिक 'मोहन भार्गव' के रोल में कैमियो में देखा गया था। फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अमिताभ ब्रह्मांश के गुरु रघु की अहम भूमिका में नजर आए थे।



# देव कोहली का 80 साल की उम्र में निधन

- **'कबूतर जा, जा, जा', 'ये काली-काली आंखें' जैसे यादगार सुपरहिट गाने लिखे**

**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। दिग्गज बॉलीवुड लिरिसिस्ट देव कोहली का लंबी बीमारी के बाद शनिवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने 'कबूतर जा, जा, जा', 'ये काली-काली आंखें', 'दिल दीवाना, बिन सजना के माने ना' और 'चलती है क्या नौ से बारह' जैसे यादगार सुपरहिट गाने लिखे थे। वह 80 साल के थे और उम्र संबंधी बीमारियों के कारण अंधेरी स्थित अपने घर में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 6 बजे ओशिवारा श्मशान घाट पर किया जाएगा।

कोहली का पार्थिव शरीर आज दोपहर 2 बजे लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स स्थित उनके घर पर लोगों और उनके फैंस के अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। 2 नवम्बर, 1942 को रावलपिंडी (अब पाकिस्तान) के एक सिख परिवार में जन्मे देव कोहली का परिवार देहरादून में बस गया। उन्होंने वहां श्री गुरु नानक देव गुरु महाराजा कॉलेज में पढ़ाई की और जब वह 22 साल के थे, तो मनोरंजन जगत में रोजगार की तलाश में 1964 में बॉम्बे (मुंबई) आ गए। शुरुआती संघर्ष के बाद, उन्हें म्यूजिकल फिल्म 'लाल पत्थर' (1971) के लिए गाने लिखकर लोकप्रियता मिली, जिसमें कोहली का गाना 'गीत गाता हूं मैं' काफी लोकप्रिय हुआ, जिसे शंकर-जयकिशन ने कंपोज किया था और किशोर कुमार ने गाया था। 'लाल पत्थर' के अलावा उन्होंने 'मैंने प्यार किया' (1990), 'आंसू बने अंगारे' (1993), 'बाजीगर' (1994), 'हम आपके हैं कौन' (1995), 'दहक' (1999), 'बस इतना सा ख्वाब है' (2001), 'वो' और 'मुसाफिर' (2004), 'शूटआउट एट लोखंडवाला' (2007), 'यारियां' (2008), 'जुड़वा 2' (2018) जैसी फिल्मों के लिए कई सुपरहिट गाने लिखे। इन वर्षों में, कोहली ने दिवंगत शंकर-जयकिशन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, आर. डी. बर्मन, अनु मलिक, राम-लक्ष्मण, आनंद राज आनंद, आनंद-मिलिंद, विशाल-शेखर, उत्तम सिंह जैसे कई संगीत निर्देशकों के साथ काम किया। पिछले लगभग छह दशकों में 100 से अधिक फिल्मों के लिए कई गीत लिखे। अभिनेताओं, गीतकारों और संगीत निर्देशकों सहित शीर्ष बॉलीवुड हस्तियों ने सोशल मीडिया पर कोहली के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# पेटा ने चन्द्रयान की सफल लैंडिंग पर इसरो को रॉकेट के आकार का केक भेंट किया

**बेंगलुरु,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को एक रॉकेट के आकार का शाकाहारी केक भेंट किया है। पेटा के एक अधिकारी कहा कि भारत के चन्द्रयान-3 के ऐतिहासिक रूप से चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के जश्न में और इसरो के गगनयान परियोजना के लिए जानवरों के बजाय एक ह्यूमनॉइड रोबोट को अंतरिक्ष में भेजने का विकल्प चुनने पर इससे प्रेरित होकर हमने एक रॉकेट के आकार का शाकाहारी केक दिया। इस केक को चॉकलेट ट्रफ़ल और ब्लू बटरक्रीम से बनाया गया था जो पूरी तरह से शाकाहारी है।

पेटा इंडिया में फैशन, मीडिया और सेलिब्रिटी प्रोजेक्ट्स की प्रबंधक मोनिका चोपड़ा ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश है और शाकाहारी भोजन की शुरुआत भी भारत में हुई थी। दुनिया में हमारे देश में अब शाकाहारियों की सबसे बड़ी आबादी है और 10 वर्षों में शाकाहारियों की संख्या में 360 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है, इसलिए हमारे लिए गर्व का क्षण भी है।




मोनिका ने कहा कि इस सब के जश्न में, पेटा इंडिया को आज इसरो को शाकाहारी केक देने पर गर्व महसूस हो रहा है।

पेटा इंडिया का कहना है कि अंडे और डेयरी के लिए जानवरों का उपयोग बड़े पैमाने पर पीड़ा का कारण बनता है। इसके अलावा, मांस और अन्य पशु-व्युत्पन्न खाद्य पदार्थ खाने को हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, कैंसर और मोटापे से जोड़ा गया है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु आपदा के सबसे बुरे प्रभावों से बचने के लिए मनुष्य को शाकाहारी भोजन की ओर वैश्विक बदलाव लाने की आवश्यकता है।

पेटा इंडिया का सबसे अच्छा स्लोगन है 'जानवर हमारे खाने के लिए नहीं हैं'। पेटा इंडिया - जिसका आदर्श वाक्य आंशिक रूप से कहता है कि 'जानवर हमारे खाने के लिए नहीं हैं।' वह प्रजातिवाद, एक मानव-वर्चस्ववादी विश्वदृष्टिकोण का विरोध करता है।

## ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम करना चाहती हैं जाह्नवी कपूर

**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम करना चाहती हैं। जाह्नवी कपूर से पूछा गया कि उन्हें समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्में ज्यादा पसंद हैं या फिर ब्लॉकबस्टर फिल्में। जाह्नवी ने कहा कि उन्हें ब्लाकस्टर फिल्में करना पसंद है। उन्होंने कहा कि मेरे करियर में अब तक वह फिल्म नहीं आई जिसने बॉक्स आफिस पर नंबर बनाए हो। जाह्नवी कपूर ने बताया कि मुझे अभिनय के लिए सराहना मिली है, लेकिन नंबर चाहिए। फिल्म धड़क ने बाक्स आफिस पर कमाई की थी लेकिन मैं उसका मजा नहीं ले पाई थी। ब्लाकबस्टर फिल्म मुझे जो पहुंच देगी छोटे शहरों के दर्शकों के बीच वह शायद क्रिटिकली अकलेम फिल्में नहीं देंगी।



# कश्मीर में 'छड़ी मुबारक' यात्रा शुरू

**श्रीनगर,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। भगवान शिव की पवित्र गदा, स्वामी अमरनाथ की 'छड़ी-मुबारक' के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि शनिवार तड़के अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए दशनामी अखाड़ा मंदिर श्रीनगर से बस में रवाना हुए। स्वामी गिरि अन्य साधुओं के साथ यात्रा को पूर्ण करेंगे और यहां पहुंचकर अमरनाथ यात्रा के अंतिम अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। इस यात्रा को स्वामी ओर साधुओं को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्ण करायी जाएगी। छड़ी मुबारक, जिसमें एक भगवान शिव और दूसरी देवी पार्वती का चित्रण है। सदियों पुरानी परंपराओं, अनुष्ठानों के अनुसार, यात्रा श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा मंदिर से पहलगाम के लिए रवाना होती है, जिसमें दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक पहलगाम मार्ग से साधुओं का एक समूह 'बम बम बोले' का नारा लगाते हुए अमरनाथ गुफा की ओर जाता है। रास्ते में 'छड़ी मुबारक' को बिजबेहरा में शिवजी महाराज हरिश्चंद्र मंदिर और श्री मार्तंडा मंदिर ले जाया जाएगा, जहां विशेष पूजा की जाएगी। वार्षिक 64 दिवसीय अमरनाथ यात्रा एक जुलाई को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल मार्गों से शुरू होती है और 31 अगस्त को श्रावण-पूर्णिमा के अवसर पर समाप्त होती है।



- **श्रावण-पूर्णिमा के अवसर पर, छड़ीमुबारक को अमरनाथ तीर्थस्थल पर पहुंचना होगा**

इस वर्ष, अधिकारियों द्वारा तीर्थयात्रियों के लिए किए गए इंतजामों के बीच 4.40 लाख से अधिक भक्तों ने अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन किए। छड़ी मुबारक पहली रात पहलगाम में रुकेगी। पहलगाम के रास्ते में, सुरेश्वर मंदिर श्रीनगर, शिव मंदिर पंपोर, शिव मंदिर बिजबेहरा, मार्तंड तीर्थ मट्टन, और लिद्दर नदी के पार गणेश मंदिर, गणेशबल में भी पूजन किया जाएगा।

इसके बाद, छड़ी-मुबारक 28 अगस्त को चंदनवारी, 29 अगस्त को शेषनाग और 30 अगस्त को पंचतरणी में रात्रि विश्राम के लिए रुकेगी तथा 31 अगस्त को, श्रावण-पूर्णिमा के अवसर पर, छड़ीमुबारक को अमरनाथ के पवित्र तीर्थस्थल पर ले जाया जाएगा। उन्हें सूर्योदय से पहले पहुंचना होगा और उगते सूरज के साथ ही पूजन शुरू करना है।

# लंदन का 'इंडिया क्लब' 77 साल बाद होगा बंद

**लंदन,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित 'इंडिया क्लब' अगले महीने से हमेशा के लिए बंद होने जा रहा है। भारतीय इतिहास के साथ इस क्लब का गहरा नाता रहा है। इस क्लब की शुरुआती जड़ें भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रवादियों के केंद्र के रूप में थी। 'इंडिया क्लब' एक एतिहासिक बैठक स्थल और भोजनालय है।

इस ऐतिहासिक बैठक स्थल और भोजनालय को बंद किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। इस क्लब को बंद करने के खिलाफ काफी लंबी लड़ाई लड़ी गई, जिसमें समर्थकों की हार के बाद इसे बंद करने की घोषणा हुई। इंडिया क्लब एतिहासिक बिल्डिंग लंदन के स्ट्रैंड के मध्य में स्थित है। बिल्डिंग को तोड़कर कर यहां एक आधुनिक होटल के लिए रास्ता बनाया जाएगा। इससे पहले इंडिया क्लब की प्रोपराइटर यादगार मार्कर और उनकी बेटी फिरोजा ने इसके लिए 'सेव इंडिया क्लब' नाम से अपील शुरू की थी।



- **भारतीय इतिहास से है गहरा नाता**

फिरोजा ने कहा कि बहुत भारी मन से हमें घोषणा करना पड़ा रहा है कि अब सिर्फ 17 सितम्बर तक इंडिया क्लब जनता के लिए खुला रहेगा। आपको बता दें कि इंडिया क्लब की जड़ें इंडिया लीग में हैं, जिसने ब्रिटेन में भारतीय स्वतंत्रता के लिए अभियान चलाया था। इसके संस्थापक सदस्यों में कृष्ण मेनन भी शामिल थे - जो यूके में पहले भारतीय उच्चायुक्त बनें।

कृष्ण मेनन सात दशक पहले स्थापित हुए इस इंडिया क्लब के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे। इंग्लैंड के शुरुआती भारतीय रेस्तरां होने की वजह से जल्द ही यह क्लब ब्रिटिश दक्षिण एशियाई समुदाय के बीच काफी लोकप्रिय हो गया, और भारतीय स्वतंत्रता और विभाजन के बाद तेजी से बढ़ते ब्रिटिश दक्षिण एशियाई समुदाय का दूसरा घर बन गया।

फिरोजा ने कहा कि वे बचपन से अपने पिता के साथ यहां हाथ बंटाती थी। उन्होंने कहा कि वे जब 10 साल की थी, तब से यहां आ रही हैं। क्लब के साथ उनका 26 साल पुराना आत्मियता का रिश्ता है। अब इसके बंद करने की घोषणा करना मेरे लिए दिल तोड़ने की तरह है। फिरोजा ने कहा कि उनके पिता ने मेनन के साथ भी काम किया था। सेंटर फॉर माइग्रेशन एंड डायस्पोरा स्टडीज की संस्थापक और अध्यक्ष पार्वती रमन ने बता कि मेनन का मानना था कि हम एक ऐसा क्लब बनाएं कि गरीब भारतीय भी यहां खाना खा सके। चर्चाओं में शामिल हो सके। राजनीति पर चर्चा कर सके।

भविष्य की योजना पर काम कर सके। इसकी स्थापना 1946 में की गई थी। स्ट्रैंड में भारतीय उच्चायोग के पास स्थित इस रेस्तरां में 26 कमरे हैं। इस इमारत की मालिक कंपनी मार्सटन प्रापर्टीज ने कुछ समय पहले इसे आशिंक रूप से ढहाने की अपील की थी। अगस्त 2018 में उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया गया था। तब इस संस्थान को सांस्कृतिक विरासत के रूप में अहम माना गया।

पुण्यतिथि के अवसर पर

# पार्श्वगायक नहीं अभिनेता बनना चाहते थे मुकेश

**मुंबई,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। दर्द भरे नगमों के बेताज बादशाह मुकेश ने अपने पार्श्वगायन ने लगभग तीन दशक तक श्रोताओं को अपना दीवाना बनाया लेकिन वह अभिनेता के तौर पर अपनी पहचान बनाना चाहते थे। मुकेश चंद माथुर का जन्म 22 जुलाई 1923 को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता लाला जोरावर चंद माथुर एक इंजीनियर थे और वह चाहते थे कि मुकेश उनके नक्शे कदम पर चलें, लेकिन वह अपने जमाने के प्रसिद्ध गायक अभिनेता कुंदनलाल सहगल के प्रशंसक थे और उन्हीं की तरह गायक अभिनेता बनने का ख्वाब देखा करते थे। मुकेश ने दसवीं तक पढ़ाई करने के बाद स्कूल छोड़ दिया और दिल्ली लोक निर्माण विभाग में सहायक सर्वेयर की नौकरी कर ली। जहां उन्होंने सात महीने तक काम किया। इसी दौरान अपनी बहन की शादी में गीत गाते समय उनके दूर के रिश्तेदार मशहूर अभिनेता मोतीलाल ने उनकी आवाज सुनी और प्रभावित होकर वह उन्हें 1940 में वह मुंबई ले आए और उन्हें अपने साथ रखकर पंडित जगन्नाथ प्रसाद से संगीत सिखाने का भी प्रबंध किया।

इसी दौरान मुकेश को एक हिन्दी फिल्म निर्दोष (1941) में अभिनेता बनने का मौका मिल गया जिसमें उन्होंने अभिनेता-गायक के रूप में संगीतकार अशोक घोष के निर्देशन में अपना पहला गीत दिल ही बुझा हुआ हो तो भी गाया। हालांकि, यह फिल्म टिकट खिड़की पर बुरी तरह से नकार दी गई। इसके बाद मुकेश ने दुख-सुख, आदाब अर्ज जैसी कुछ और फिल्मों में भी काम किया लेकिन पहचान बनाने में कामयाब नहीं हो सके। मोतीलाल प्रसिद्ध संगीतकार अनिल विश्वास के पास मुकेश को लेकर गये और उनसे अनुरोध किया कि वह अपनी फिल्म में मुकेश से कोई गीत गवाएं। वर्ष 1945 में प्रदर्शित फिल्म 'पहली नजर' में अनिल विश्वास के संगीत निर्देशन में दिल जलता है तो जलने दे गीत के बाद मुकेश कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए।

मुकेश ने इस गीत को सहगल की शैली में ही गाया था। सहगल ने जब यह गीत सुना तो उन्होंने कहा था अजीब बात है मुझे याद नहीं आता कि मैंने कभी यह गीत गाया है। इसी गीत को सुनने के बाद सहगल ने मुकेश को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। सहगल की गायकी के अंदाज से प्रभावित रहने के कारण अपनी शुरूआती दौर की फिल्मों में मुकेश सहगल के अंदाज मे ही गीत गाया करते थे



लेकिन वर्ष 1948 मे नौशाद के संगीत निर्देशन में फिल्म अंदाज के बाद मुकेश ने गायकी का अपना अलग अंदाज बनाया।

मुकेश के दिल में यह ख्वाहिश थी कि वह गायक के साथ साथ अभिनेता के रूप मे भी अपनी पहचान बनाये। बतौर अभिनेता वर्ष 1953 में प्रदर्शित माशूका और वर्ष 1956 में प्रदर्शित फिल्म अनुराग की विफलता के बाद उन्होने पुन: गाने की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया। इसके बाद वर्ष 1958 मे प्रदर्शित फिल्म यहूदी के गाने ये मेरा दीवानापन है की कामयाबी के बाद मुकेश को एक बार फिर से बतौर गायक अपनी पहचान मिली। इसके बाद मुकेश ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया।

मुकेश ने अपने तीन दशक के सिने करियर मे 200 से भी ज्यादा फिल्मों के लिये गीत गाये। गायक मुकेश को उनके गाये गीतो के लिये चार बार फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावे वर्ष 1974 मे प्रदर्शित 'रजनी गंधा' के गाने 'कई बार यूही देखा' के लिए मुकेश राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किये गए। राजकपूर की फिल्म 'सत्यम-शिवम-सुंदरम' के गाने चंचल निर्मल शीतल की रिकार्डिंग पूरी करने के बाद वह अमरीका में एक कंसर्ट में भाग लेने के लिए चले गए जहां 27 अगस्त 1976 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी जबरदस्त तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# सरकार ने तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया

## केंद्र ने शुक्रवार देर रात तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र ने शुक्रवार देर रात तत्काल प्रभाव से उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगा दिया। सरकार ने कुछ दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि गैर-बासमती उबले चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने की कोई योजना नहीं है।

यह निर्णय चावल की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है।

- **उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने के फैसले से विदेशी खरीदारों के लिए इसे खरीदना महंगा हो जाएगा**
- **सरकार ने कुछ दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि गैर-बासमती उबले चावल के निर्यात को प्रतिबंधित करने की कोई योजना नहीं है**



उल्लेखनीय है कि जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 11 प्रतिशत और ओवरऑल खुदरा मुद्रास्फीति 7.44 प्रतिशत हो गई थी। उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने के फैसले से विदेशी खरीदारों के लिए इसे खरीदना महंगा हो जाएगा, जिससे इसकी विदेशी बिक्री सीमित हो जाएगी और साथ ही इसकी घरेलू उपलब्धता भी बढ़ जाएगी।

भारत ने 20 जुलाई को सफेद चावल का निर्यात रोक दिया था, जिससे खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के चावल मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई वैश्विक कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। उबली हुई किस्म के निर्यात पर ताजा अंकुश से वैश्विक कीमतों में और तेजी आने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा था कि महंगाई पर काबू पाना फिलहाल सरकार की प्राथमिकता है।

# डीजीसीए ने की एयर इंडिया की खामियों की पहचान

- **नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के दो सदस्यों वाले एक जांच दल ने एयर इंडिया की आंतरिक सुरक्षा ऑडिट प्रक्रियाओं में कमियों की पहचान की है**

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के दो सदस्यों वाले एक जांच दल ने एयर इंडिया की आंतरिक सुरक्षा ऑडिट प्रक्रियाओं में कमियों की पहचान की है। जब खामियों के बारे में पूछताछ की गई, तो विमानन नियामक संस्था के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने कहा कि चल रही जांच के कारण, वे इसका खुलासा नहीं कर सकते। 'निगरानी टीम द्वारा की गई टिप्पणियों से कई गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। इन मामलों की जांच की जा रही है।'



डीजीसीए को सौंपी गई मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, ध्वजवाहक को केबिन निगरानी, कार्गो हैंडलिंग, रैंप संचालन और लोड प्रबंधन सहित विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में नियमित सुरक्षा स्पॉट जांच करने के लिए बाध्य किया गया था। लेकिन 13 सुरक्षा चौकियों के मूल्यांकन के दौरान, टीम ने सभी 13 घटनाओं के लिए गलत रिकॉर्ड का पता लगाया।

सवालों के जवाब में, एयर इंडिया ने कहा कि फ्लैग कैरियर सहित सभी विमानन कंपनियां भारत और विदेश दोनों में नियामकों और अन्य निकायों द्वारा नियमित सुरक्षा ऑडिट के अधीन हैं।

'एयर इंडिया हमारी प्रक्रियाओं का लगातार आकलन करने और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से ऐसे ऑडिट में संलग्न रहती है। प्रवक्ता ने कहा, हम संबंधित प्राधिकारी के समक्ष उठाए गए किसी भी मामले को सीधे सुनते हैं।

## जिंसों में स्थिरता

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

# आयकर विभाग ने ऐड-ऑन फीचर्स के साथ नये सिरे से लॉन्च की वेबसाइट

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। करदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने और नई तकनीक के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए आयकर विभाग ने अपनी राष्ट्रीय वेबसाइट को उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, मूल्य वर्धित फीचरों और नये मॉड्यूल के साथ नया रूप दिया है। वेबसाइट को हाल ही में उदयपुर में आयकर निदेशालय (सिस्टम) द्वारा आयोजित 'चिंतन शिविर' में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता द्वारा लॉन्च किया गया था। यह वेबसाइट कर और अन्य संबंधित जानकारी के व्यापक भंडार के रूप में कार्य करती है। यह प्रत्यक्ष कर कानूनों, कई अन्य संबद्ध अधिनियमों, नियमों, आयकर परिपत्रों और अधिसूचनाओं तक पहुंच प्रदान करती है, जो आपस में क्रॉस-रेफर्ड और हाइपरलिंक्ड हैं। यह साइट एक 'करदाता सेवा मॉड्यूल' भी प्रदान करती है जिसमें करदाताओं को उनके आयकर रिटर्न दाखिल करने में सहायता करने के लिए विभिन्न कर उपकरण शामिल हैं। इसमें नये फीचर और कार्यात्मकताओं के साथ सामग्री के लिए एक 'मेगा मेनू' भी है। वेबसाइट पर आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए, इन सभी नई सुविधाओं को एक निर्देशित वर्चुअल टूर और नए बटन संकेतकों के माध्यम से समझाया गया है। नई कार्यक्षमताएं, उपयोगकर्ताओं को विभिन्न अधिनियमों, अनुभागों, नियमों और कर संधियों की तुलना करने की अनुमति देती हैं। आसान नेविगेशन के लिए साइट पर सभी प्रासंगिक सामग्री अब आयकर अनुभागों के साथ टैग की गई है। इसके अलावा, गतिशील नियत तिथि अलर्ट कार्यक्षमता करदाताओं को आसानी से अनुपालन करने में मदद करने के लिए उलटी गिनती, टूलटिप्स और प्रासंगिक पोर्टलों के लिंक प्रदान करती है। संशोधित वेबसाइट बेहतर करदाता सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक और पहल है।

### सार संक्षेप

## टूना-टेकरा मेगा-कंटेनर टर्मिनल विकसित करने के लिए डीपी वर्ल्ड का करार

नई दिल्ली। लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदता डीपी वर्ल्ड ने दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक करार किया है जिसके गुजरात के कांडला में 21.9 लाख टीईयू सालाना क्षमता वाले मेगा-कंटेनर टर्मिनल के विकास के साथ ही परिचालन और रखरखाव किया जाएगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कल रात यहां आयोजित एक कार्यक्रमत में दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष एस. के. मेहता और डीपी वर्ल्ड के भारतीय उपमहाद्वीप, पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीका के एमडी एवं सीईओ रिजवान सूमार ने करार पर हस्ताक्षर किये। जनवरी, 2023 में बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) के आधार पर 30 साल के लिए दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी द्वारा टूना-टेकरा में इस मेगा-कंटेनर टर्मिनल को डेवलप करने का ठेका हिंदुस्तान इन्फ्रालॉग प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। अवधि को 20 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

## एमडीबी को पूंजी पर ध्यान केंद्रित करने की ज़रूरत: मार्क कार्नी

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत मार्क कार्नी ने शनिवार को यहां जलवायु परिवर्तन कार्रवाई और वित्तपोषण पर कहा कि बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को पूंजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपने परिचालन दिशा को बदलने की जरूरत है, जो जलवायु परिवर्तन को उत्प्रेरित कर सकती है। श्री कार्नी यहां बी20 शिखर सम्मेलन में 'जलवायु परिवर्तन के वित्तपोषण' के पूर्ण सत्र में अपने संबोधन में कहा कि दुनिया को जलवायु परिवर्तन से जुड़े वित्तपोषण के लिए अत्यधिक मात्रा में पूंजी की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, 'हमें ट्रांजिशन फाइनेंस पर खासकर चुनौतीपूर्ण कठिन क्षेत्रों और इन क्षेत्रों से जुड़े श्रमिकों और समुदायों के लिए अपना ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।'

## भारत को अवैध व्यापार से मुक्त बनाने के लिए फिक्की कैस्केड ने इंटर-स्कूल प्रतियोगिता का किया आयोजन

नई दिल्ली। अवैध व्यापार से उत्पन्न खतरों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के मकसद से, फिक्की कैस्केड (अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ समिति) ने एक इंटर-स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया। 'भारत को तस्करी और जालसाजी से मुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका' विषय पर केंद्रित, प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया था, पेंटिंग, एलोक्यूशन और जिंगल राइटिंग। कार्यक्रम में दिल्ली और एनसीआर के 70 अग्रणी स्कूलों के 600 से अधिक छात्रों की जबरदस्त प्रतिक्रिया और भागीदारी देखी गई। प्रतियोगिता के जज थे -- फिक्की कैस्केड के सलाहकार और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पी.सी. झा, फिक्की कैस्केड के सलाहकार और पूर्व विशेष दिल्ली पुलिस आयुक्त दीप चंद, और कानून और न्याय मंत्रालय के पूर्व सचिव और फिक्की कैस्केड थिंक टैंक के सदस्य पी.के. मल्होत्रा। पी.सी. झा ने कहा, 'कल के उपभोक्ता होने के नाते, स्कूली बच्चे व्यापार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, इसलिए राष्ट्रकी अर्थव्यवस्था और विकास पर तस्करी और जालसाजी के प्रभाव को समझने के लिए उनकी मदद करना आवश्यक है।

# भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र को इस वर्ष 62 मिलियन डॉलर की मदद

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। देश में स्पेसटेक क्षेत्र को इस साल अब तक 62 मिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है, जो पिछले साल की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म ट्रैक्सन की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्पेसटेक परिदृश्य में फंडिंग के मामले में सातवें स्थान पर है और इस क्षेत्र में अपना प्रभाव मजबूती से स्थापित कर रहा है। यह असाधारण विकास प्रवृत्ति आगामी महीनों में भी जारी रहने की उम्मीद है। भारतीय स्पेसटेक क्षेत्र की यात्रा परिवर्तन में से एक रही है, जो 2020 में क्षेत्र के निजीकरण से प्रेरित है।



2010 और 2019 के बीच जुटाए गए 35 मिलियन डॉलर के मामूली फंड से, इस क्षेत्र ने 2020 में जबरदस्त छलांग लगाई और 28 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की।

यह प्रवृत्ति तेजी से वृद्धि के साथ जारी रही, 2021 में 96 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई और 2022 में प्रभावशाली 112 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

'रिपोर्ट में कहा गया है, 'पहले सरकारी भागीदारों का वर्चस्व था। इस क्षेत्र में निजीकरण के बाद निजी क्षेत्र की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। निजी संस्थाएं अब रॉकेट और उपग्रहों के अनुसंधान, विनिर्माण और निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो नवाचार के एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे रही हैं।' अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक शक्तिशाली देश के रूप में भारत का उद्भव इसके प्रभावशाली उपग्रह परिनियोजन द्वारा और अधिक उजागर होता है। 381 उपग्रहों को निचली कक्षा में स्थापित करने के साथ, भारत ने खुद को इस क्षेत्र में एक प्रमुख देश के रूप में स्थापित किया है।

विशेष रूप से, यूके स्थित वनवेब के लिए इसरो द्वारा कक्षा में 36 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण वैश्विक उपग्रह स्वामित्व में भारत के योगदान को दर्शाता है। सेटेलाइट निर्माण के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना की योजना भी पाइपलाइन में है। सेटेलाइट-आधारित इमेजिंग सॉल्यूशंस को भी पर्याप्त समर्थन मिला है, पिछले दो वर्षों में 84.2 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की गई है।

## एफपीआई ने अगस्त में 15,817 करोड़ रुपए के शेयर बेचे

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। एफपीआई ने 26 अगस्त तक नकदी बाजार में 15,817 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। अगस्त की शुरुआत में शुरू हुई एफपीआई बिक्री जारी है। समेकित एनएसडीएल डेटा से पता चलता है कि हालांकि 26 अगस्त तक एफपीआई का निवेश 10,689 करोड़ रुपए है। लेकिन इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार और थोक सौदों के माध्यम से निवेश शामिल है, जो हाल ही में गति पकड़ रहा है। नकदी बाजार में एफपीआई ने 26 अगस्त तक 15,817 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 104 के आसपास मजबूती और यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.25 प्रतिशत के आसपास रहना भारत जैसे उभरते बाजारों में एफपीआई प्रवाह के लिए अल्पकालिक नकारात्मक है। एफपीआई निवेश की एक महत्वपूर्ण विशेषता पूंजीगत वस्तुओं में उनकी लगातार खरीदारी है। और, हाल ही में, उन्होंने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और बढ़ती अमेरिकी बॉन्ड यील्ड को देखते हुए एफपीआई द्वारा निकट अवधि में नकदी बाजार में बिकवाली जारी रखने की संभावना है। अगस्त में खराब मानसून से मुद्रास्फीति ऊंची रह सकती है और यह चिंता का विषय बनता जा रहा है जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है।

## सहायक नीतिगत ढांचे के माध्यम से हरित अर्थव्यवस्था में तेजी संभव: टाटा स्टील के सीईओ

**नई दिल्ली,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेंद्रन ने शनिवार को बी20 शिखर सम्मेलन में कहा कि हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हो रहा है, लेकिन इसकी गति मददगार नीतिगत ढांचे के माध्यम से बढ़ाई जा सकती है। जलवायु परिवर्तन के वित्तपोषण पर एक सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सहायक नीतिगत ढांचे यूरोपीय संघ में कार्बन सीमा समायोजन तंत्र जैसे कार्बन बाजार हो सकते हैं, और इसकी लागत तथा जटिलता को कम किए बिना कोयले से गैस और गैस से हाइड्रोजन में संक्रमण के लिए ढांचागत समर्थन हो सकता है। नरेंद्रन ने कहा, 'इस यात्रा की लागत जटिलता महत्वपूर्ण होने वाली है। उद्योग लागत का कुछ हिस्सा वहन कर सकता है, लेकिन सरकारी समर्थन की आवश्यकता है।' कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक ने कहा, 'हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि ग्रह पृथ्वी की अस्तित्वगत व्यवहार्यता के जोखिम को व्यावसायिक व्यवहार्यता से एक कदम ऊपर रखना होगा। हालांकि बहुत अधिक ध्यान संक्रमण वित्तपोषण पर है, हम हमें इस बात पर विचार करना होगा कि क्या हमारे पास आर्थिक व्यवहार्यता बनाम अस्तित्वगत व्यवहार्यता के काम करने के लिए इंतजार करने का समय है।' एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी, यूके के ग्रुप चेयरमैन मार्क टकर ने कहा, 'वित्तीय नवाचार के लिए, नवीन वस्तुओं और प्रणालियों के लिए टिकाऊ वित्त जुटाने की दिशा में बड़ी मात्रा में रचनात्मक सोच काम कर रही है। हमें शुरुआती चरणों में ही परियोजनाओं को जोखिम से मुक्त करने के लिए सरकारी समर्थन का उपयोग करने और समर्थन विकसित करने की आवश्यकता है।'



# नोएडा के 'घोस्ट टाउन' में काम शुरू होने से 20 हजार घर खरीदारों में जगी आशा की किरण

**नोएडा,** 26 अगस्त (एजेंसियां)। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) के लगभग 20,000 घर खरीदारों के लिए, जो 13 साल से अधिक समय से अपने फ्लैटों के सौंपे जाने का इंतजार कर रहे हैं, आशा की किरण जगी है, क्योंकि पूर्ववर्ती 'घोस्ट टाउन' में कम से कम 59 अधूरे टावरों पर काम तेज होने लगा है। इस साल मार्च में, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को खरीदने और नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फैली रुकी हुई परियोजनाओं में आवास इकाइयों को पूरा करने के लिए मुंबई स्थित सुरक्षा समूह की बोली को मंजूरी दे दी।

सुरक्षा कर्ज में डूबी जेपी समूह की कंपनी में 250 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, साथ ही अगले चार वर्षों में फ्लैटों को पूरा करने के लिए 3,000 करोड़ रुपए का ऋण भी दे रही है। एक घर खरीदार जयश्री स्वामीनाथन, जिसने एक दशक से पीड़ा झेली है, उसे राहत है कि अधिकांश खरीदारों के लिए इंतजार जल्द ही खत्म हो जाएगा। स्वामीनाथन ने बताया, 'जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) अभी भी तुच्छ अपील कर रही है और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी मुआवजे के मुद्दों और अन्य भूमि बकाया को सुलझाने के लिए सुरक्षा समूह से मुलाकात कर रहे हैं, घर खरीदार उत्साहित हैं कि कई अधूरे टावरों पर काम अब प्रगति पर है। उन्होंने कहा, 'एनसीएलटी के फैसले के बाद, सुरक्षा को कानूनी आधार पर यीडा को एक पैसा भी देने की ज़रूरत नहीं है। फिर भी, वे किसानों को लगभग 1,689 करोड़ रुपये का मुआवजा देने को तैयार हैं, जिसका अधिकारियों को संज्ञान लेना होगा और लंबित फ्लैटों को जल्द से जल्द वितरित करने की गति बढ़ानी होगी।' यीडा जेपी इंफ्राटेक या टेकओवर कंपनी सुरक्षा से 64.7 फीसदी बढ़े हुए भूमि मुआवजे के रूप में 1,689 करोड़ रुपए और अतिरिक्त भूमि मुआवजे के रूप में 6,111 करोड़ रुपए की वसूली करना चाहता है। किसानों के हितों की रक्षा के लिए, यीडा ने एनसीएलटी के आदेश को चुनौती दी, जिसमें दोनों हितधारकों को बैठकों के माध्यम से मुद्दे को सुलझाने का निर्देश दिया गया था। सुरक्षा समूह ने हाल ही में यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण को एक प्रस्ताव सौंपा है, जिसमें कुछ शर्तों के साथ लगभग 20,000 फ्लैट बनाने और किसानों को मुआवजा देने पर सहमति व्यक्त की गई है। अगस्त 2017 में, एनसीएलटी ने नोएडा स्थित रियल्टी प्रमुख के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू की।



- **इस साल मार्च में, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को खरीदने और नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फैली रुकी हुई परियोजनाओं में आवास इकाइयों को पूरा करने के लिए मुंबई स्थित सुरक्षा समूह की बोली को मंजूरी दे दी**

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में बताया गया था, 18,767 सक्रिय घर खरीदार थे जिन्होंने 8,676 करोड़ रुपए की सामूहिक मूल राशि का भुगतान किया था। लगभग 413 घर खरीदारों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी और उनका 64 करोड़ रुपए का रिफंड अभी भी लंबित है। लगभग 1,410 खरीदारों को 528 करोड़ रुपए मूल्य के कब्जे के प्रस्ताव जारी किए गए, लेकिन कोई पंजीकरण नहीं हुआ। अपनी बेटी को पास के लॉ स्कूल में पढ़ाने की उम्मीद में, स्वामीनाथन ने 2009 में केंसिंग्टन पार्क हाइट्स में 2,100 वर्ग फुट का एक अपार्टमेंट बुक किया, जो जेपी की संपत्ति है। स्वामीनाथन ने बताया, 'मैं अपने माता-पिता, खास अपनी मां की, हमारे ही घर में एक साथ रहने की इच्छा पूरी नहीं कर सका। मैं अभी भी दिल्ली में किराये पर रह रही हूं। इस संपत्ति को खरीदने का पूरा उद्देश्य खो गया है जिसके लिए हमने भुगतान किया था। हम कानूनी लड़ाई से बेहद थक चुके हैं।' ऐसे कई निराश जेपी खरीदार हैं जिन्होंने ईएमआई का भुगतान करना बंद कर दिया है, क्योंकि वे किराया और ईएमआई दोनों का भुगतान करने में सक्षम नहीं थे। कई सेना अधिकारियों ने जेपी विश टाउन और अन्य संपत्तियों में फ्लैट बुक करने के लिए अपना पूरा सेवानिवृत्ति लाभ खर्च कर दिया और अभी भी किराए के परिसर में रह रहे हैं। स्वामीनाथन ने कहा, 'मेरा दिल उन लोगों के लिए दुख है जिन्होंने सभी उम्मीदें खो दीं, उनके परिवार के सदस्यों की पिछले दशक में मृत्यु हो गई, क्योंकि वे अपने फ्लैटों का इंतजार कर रहे थे। यह उनके जीवन की सबसे बड़ी विडंबना है, और मेरी भी।'

